
अधिकतम 29 डिग्री से.
16 न्यूनतम
सूर्योदय 6.38 प्रातः
सूर्यास्त 5.35 सायं
सोना 24 कैरेट : 1,23,430.00
चांदी : 1,320.00
सेंसेक्स : 83,938.71
अमेरिका : 88.75
कैनेडियन : 63.36
आस्ट्रेलिया : 58.11

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

क्रोध हवा का वह झोंका है जो बुद्धि के दीपक को बुझा देता है, जिनकी भाषा सभ्यता होती है उनके जीवन में सदैव भव्यता होती है।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 02 नवंबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्षः एकादशी/द्वादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 302 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12


## हरियाणा दिवसः मुख्यमंत्री ने एक क्लिक से महिलाओं के खातों में भेजी राशि

# पांच लाख महिलाओं को मिला 2100-2100 का शगुन

### पहले चरण में एक लाख से आय वाली महिलाओं को भेजी राशि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को हरियाणा दिवस के अवसर पर एक क्लिक से 5 लाख 22 हजार 162 महिलाओं के खातों में सीधे 2100-2100 रुपये की राशि ट्रांसफर की। इसके साथ ही, हरियाणा निवास में 25 महिलाओं को 2100-2100 रुपये राशि वितरित की। हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता को समर्पित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि 31 अक्टूबर 2025 तक 6 लाख 97 हजार 697 महिलाओं ने लाडो लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन किया है। इनमें से 5 लाख 22 हजार 162 महिलाएं जांच उपरांत पाई गई पात्र, जिनके खातों में हरियाणा दिवस पर 2100-2100 रुपये भेजे गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई थी, तब से लेकर 31 अक्टूबर तक 6 लाख 97 हजार 529 महिलाओं ने योजना के लिए आवेदन किया, जिसमें से 5 लाख 22 हजार 162 महिलाएं पात्र पाई गई हैं। इसके साथ ही एक लाख 75 हजार महिलाओं के आवेदन मंजूरी के अंतिम चरण में हैं। इन महिलाओं का फोटो आधारित केवाईसी लंबित है, जैसे ही वे उसे पूरा करेंगे, उनके खातों में 2100-2100 रुपये जाने शुरू हो जाएंगे। -संबंधित खबर पेज-3 पर



**चंडीगढ़।** हरियाणा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को लाभ की राशि का डमी चेक सौंपते हुए। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डा. सुमिता मिश्रा मौजूद रहे।

### जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रुपए से कम है वे ले सकती हैं योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर तक जिन 6 लाख 97 हजार 697 महिलाओं ने आवेदन किया है, उनमें से 6 लाख 51 हजार 529 महिलाएं विवाहित हैं और 46168 महिलाएं अविवाहित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना का लाभ 23 वर्ष या इससे अधिक आयु की वे सभी महिलाएं ले सकती हैं जिनके परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रुपए से कम है। 30 और 31 अक्टूबर के बीच 37 हजार महिलाओं ने लाडो लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन किया। इस योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन प्रक्रिया है पूरी तरह पारदर्शी और आनलाइन हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के कई फायदे हुए हैं, सरकार के पास 15 लाख बैंक खातों का डाटा था, जबकि 94 हजार नए बैंक खातों की पहचान हुई है। इसके साथ ही एक लाख से कम आय वाले परिवारों में महिलाओं की संख्या 17.59 लाख थी और इनमें 10345 महिलाएं नवविवाहित पाई गई हैं। वहीं, 2.58 लाख नए बिजली कनेक्शन और पीपीपी में जिनके वाहन नहीं थे, ऐसे 29 हजार 928 की पहचान हुई है।

### हरियाणा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव शुरू

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि हरियाणा दिवस को तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष द्वारा इस सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की, आगामी हरियाणा दिवस पर सात दिवसीय पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा। तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में छह दशक के हरियाणा वासियों की 6 दशकों की श्रम, साधना और सफलताओं की गाथा का उत्सव है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि हरियाणा दिवस से लेकर 25 नवंबर तक हिंद की चादर गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर पूरे प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने पंचकूला में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें 350 रक्त यूनिट संग्रह किया गया है। ऐसे ही प्रदेशभर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में 350 यूनिट रक्त एकत्रित किया जाएगा।

### हरियाणा दिवस पर 'नायब' सौगात

## सभी जिलों में शुरू हुई पेपरलेस रजिस्ट्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा दिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रजिस्ट्री की जटिलताओं को खत्म कर भ्रष्टाचार अंकुश लगाते हुए पेपरलेस रजिस्ट्री की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेशभर में पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत की। हरियाणा डिजिटल मोड में रजिस्ट्री करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पेपर रजिस्ट्री, रजिस्ट्री की जटिल प्रक्रिया और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दिनों सेवा पखवाड़े के तहत लाडवा विधानसभा के बाबैन तहसील से पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरुआत की थी, इस पहल के तहत 29 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 917 पेपरलेस रजिस्ट्री की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है कि विकास में समान भागीदारी, शासन में पारदर्शिता और समाज में संवेदनशीलता।



### 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद

सीएम ने कहा कि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जहां 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है। पिछले 11 फसल सीजन में 12 लाख किसानों के खातों में 1 लाख 61 हजार करोड़ रुपए सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने किसान की आय बढ़ाने के लिए तकनीक, पारदर्शिता और बाजार विस्तार तीनों पर फोकस किया है।

दो सप्ताह पहले ही भाजपा सरकार ने जन सेवा के 11 वर्ष पूरे किए हैं। डबल इंजन सरकार हरियाणा को इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंक्लूसिव ग्रोथ के मार्ग पर ले जा रही है।

# सीएम कैंप कार्यालय संबंधी भाजपा का झूठ बेनकाब हुआ : सीएम मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** बेबुनियाद प्रचार से प्रदेश के लोगों को गुमराह करने के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भगवा पार्टी के नेताओं को 'शीश महल' के बारे में अपने दावों को प्रमाणित सबूतों के साथ साबित करने की चुनौती दी।

एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेतृत्व देश भर में खास तौर पर गुजरात में आम आदमी पार्टी के बढ़ रहे आधार से हैरान है, जिस कारण वह ऐसे घटिया हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा न होने के कारण भाजपा जहर उगलकर पंजाबियों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भगवा पार्टी के पास प्रदेश के लिए कोई रोडमैप नहीं है, जिस कारण यह पार्टी प्रदेश सरकार को बदनाम करने के लिए तोड़-मरोड़कर पेश किए गए वीडियोज और ऐसे बेतुके दावों का सहारा लेने की कोशिश कर रही है।



भगवंत सिंह मान ने कहा कि जब से उन्होंने प्रदेश की कमान संभाली है, चंडीगढ़ में कोठी नंबर 45 मुख्यमंत्री का सरकारी निवास है, जबकि कोठी नंबर 50 उनका गेस्ट हाउस/कैंप ऑफिस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घर में कई महत्वपूर्ण बैठकें होती हैं और प्रदेश में आने वाले प्रतिष्ठित लोगों को भी इस घर में ठहराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घर किसी को आवंटित नहीं किया गया है और इसे सिर्फ खास मेहमानों के लिए कैंप हाउस-कम-रेस्ट हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये शीश महल नहीं हैं, बल्कि वे आवास हैं, जिनका उपयोग पंजाबियों द्वारा चुने गए आम नेताओं द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिनके पास महल हैं, वे अब भाजपा के साथ जा मिले हैं और वे कभी भी इन सरकारी कोठियों में नहीं रहे, बल्कि ये कोठियां उनके स्टाफ और निकटवर्तियों ने कब्जा की

हुई थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसे भाजपा नेताओं और सुखबीर सिंह बादल जैसे भगवा पार्टी के पुराने दोस्तों ने गैर-कानूनी ढंग से पैसा इकट्ठा करके बड़े-बड़े महल बनाए हैं लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उनके बारे में रत्ती भर भी चुप्पी साध रखी है।

### 'मुझ पर उंगली उठाने से पहले भाजपा को अपने भीतर झांकना चाहिए'

भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने भगवाजी पार्टी को याद दिलाया कि उनके राज मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू चंडीगढ़ में एक घर में गैर-कानूनी तौर पर रह रहे हैं, जो कभी उनके चाचा तेज प्रकाश सिंह को आवंटित किया गया था। उन्होंने कहा कि कई बार याद दिलाने के बावजूद पंजाब के राज्यपाल ने भाजपा नेता से इस शीश महल को खाली करवाने की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन पर उंगली उठाने से पहले भाजपा को अपने भीतर झांकना चाहिए।

# आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 की मौत





**एकादशी पर ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटी**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क


**श्रीकाकुलम।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पीएम मोदी ने हादसे पर दुःख जताया है और मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर पहली मंजिल पर है, जिसका आने-जाने का रास्ता एक ही है। आज भारी भीड़ के दौरान रास्ता



जाम हो गया। लोगों की धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई।

श्रीकाकुलम के एसपी केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि यह मंदिर निजी जमीन पर बना है। मंदिर के संचालक ने प्रशासन या पुलिस को आज के कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं दी थी। अगर पहले बताया जाता तो सुरक्षा के इंतजाम किए जा सकते थे। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। एसपी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' (आईपीसी की धारा 304) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुख्यमंत्री के 'मिशन रोजगार' के तहत अब तक 56 हजार से अधिक युवाओं को मिली नौकरियां

858 नव-नियुक्त उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

रोजगार ने राज्य में प्रतिभा पलायन की समस्या को समाप्त किया

राज्य और इसके युवाओं की अनदेखी करने के लिए पिछली सरकारों की की निंदा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में 56,856 युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि 'मिशन रोजगार' के तहत राज्य सरकार की युवाओं को सशक्त बनाने और प्रतिभा पलायन की समस्या समाप्त करने की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 858 नव-नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन नौकरियों से युवाओं की तकदीर बदलेगी और राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यकाल के दौरान कुछ युवाओं को योग्यता के आधार पर दो या तीन बार भी सरकारी सेवाओं में अवसर मिले हैं।

भगवंत मान ने कहा कि राज्य की कमान संभालने के बाद से ही उनका मुख्य लक्ष्य योग्य युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि यह युवाओं पर कोई एहसान नहीं, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और योग्यता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने युवाओं के भविष्य की कभी परवाह नहीं की और केवल अपने परिवारों के हित साधने में लगी रहीं।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सभी भर्तियों को पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर पूरा किया है। युवाओं ने कड़े मुकाबले वाली परीक्षाएं पास कर यह मुकाम हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त युवाओं से कहा कि वे अपनी कलम का उपयोग समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की भलाई के लिए करें। उन्होंने कहा कि अब ये युवा राज्य सरकार के परिवार का हिस्सा बनकर पंजाब की प्रगति में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा न होने के कारण विपक्षी दल झूठे प्रचार और साजिशों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता विपक्ष के ÷नीच हथकंडों÷ को अच्छी तरह समझ चुकी है और अब कोई उन्हें भ्रमित नहीं कर सकता।

मान ने कहा कि उनकी सरकार ने नशे के कारोबार को संरक्षण देने वाले नेताओं को जेल भेजा है – जो पहले अपनी सरकारी गाड़ियों में भी नशा सप्लाई करते थे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब किसी सरकार ने ऐसे रसूखदार नेताओं पर कार्रवाई की है। विपक्ष द्वारा मानवाधिकारों के नाम पर इन आरोपियों के लिए विशेष सुविधाएं मांगना उनके 'अपवित्र गठजोड़' को उजागर करता है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी नव-नियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें 'पंजाब के भविष्य के निर्माता' बताया।

### प्रदूषण के लिए पंजाब को दोषी ठहराने की साजिश की कड़ी निंदा की

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए पंजाब को दोषी ठहराने की साजिश की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि 'पराली जलाने' के नाम पर पंजाब को बदनाम किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा दिल्ली और पंजाब के बीच है, फिर भी वहां उंगली नहीं उठाई जाती। उन्होंने सवाल किया कि जब पंजाब में पराली नहीं जलाई जा रही, तब भी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब क्यों है। मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली को जानबूझकर कमजोर किया क्योंकि उन्हें निजी अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों से लाभ मिलता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों को पुनः सशक्त करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। सरकारी स्कूलों के छात्र अब NEET, JEE और JEE Advanced जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर रहे हैं, जो जमीनी स्तर पर हुए परिवर्तन का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब दिवस मनाने का अर्थ तभी सार्थक है जब राज्य के युवाओं को अवसर मिलें और समाज में समानता और प्रगति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि 'मिशन रोजगार' इसी सोच का हिस्सा है, जिसके तहत राज्य को आत्मनिर्भर और युवा शक्ति से परिपूर्ण बनाया जा रहा है।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के आठ महीने: 1512 किलो हेरोइन सहित 34 हज़ार से अधिक नशा तस्कर गिरफ्तार

'युद्ध नशों विरुद्ध' के 245वें दिन 4.6 किलो हेरोइन सहित 43 नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशों के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' के आठ महीने पूरे हो गए हैं। इस दौरान कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस ने 1 मार्च 2025 से अब तक 23,164 एफआईआर दर्ज कर 34,727 नशा तस्करों को 1512 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। इस नशा विरोधी मुहिम की शुरुआत से ही पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों तहत पंजाब पुलिस राज्य के सभी 28 पुलिस ज़िलों में रोज़ाना एक साथ अभियान चला रही है। उल्लेखनीय है कि पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिए हैं। साथ ही पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। 1512 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के अलावा पंजाब पुलिस ने अब तक 533 किलो अफीम, 260 क्विंटल भूक्की, 35 किलो चरस, 523 किलो गांजा, 15 किलो आईसीई, 39 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल और 13.45 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी ज़ब्त की है। 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 245वें दिन पंजाब पुलिस ने 43 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.6 किलो हेरोइन, 298 नशीली गोलियां और 12,700 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस ऑपरेशन के दौरान 45 गज़ेटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 215 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान 39 एफआईआर दर्ज की गईं। दिनभर चले इस अभियान में पुलिस टीमों ने 228 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

# तरनतारन उपचुनाव से पहले अकाली दल को लगा एक और बड़ा झटका, प्रमुख अकाली परिवार 'आप' में शामिल

'आप' की जन-हितैषी राजनीति से प्रेरित होकर, सैकड़ों अकाली समर्थकों ने बदलाव को अपनाया

'आप' में सम्मान काम से मिलता है, सिफारिशों से नहीं: शैरी कलसी

'आप' नेताओं ने पीयू सीनेट को भंग करने के लिए भाजपा की निंदा की, इसे एक और पंजाब विरोधी कदम बताया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 1 नवंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) को तरनतारन विधानसभा हलके में उस समय एक और बड़ा राजनीतिक बल मिला जब शिरोमणि अकाली दल के कई प्रमुख परिवार 'आप' में शामिल हो गए। सभी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व और ईमानदार शासन के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता में विश्वास व्यक्त किया।

मार्केट कमेटी राजासांसी के चेयरमैन वरुण कुमार और नरिंदर सिंह नागी से उत्साहित होकर सतनाम सिंह, मनोहर लाल, प्रीत सिंह हैप्पी, साजन, परम कुमार, रोहित, आशु, प्रिंस, तरन, अमरीक सिंह, जोगा सिंह, साजन, हरप्रीत सिंह समेत कई परिवारों ने अकाली दल छोड़कर 'आप' में शामिल होने की घोषणा की।

इसी तरह, 'आप' नेता जसबीर सिंह सौंध से प्रेरित होकर कई अन्य परिवार सहबदीप सिंह, गुरशेर सिंह, जरमनजीत सिंह, गुलजार सिंह, अवतार सिंह, शरणजीत सिंह, मुहब्बत सिंह, गुरदीप सिंह, गुरसेवक सिंह, मनवीर सिंह, जबलप्रीत सिंह अकाली दल छोड़कर 'आप' में शामिल हुए। 'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, प्रदेश महासचिव डॉ. एस.एस. आहलूवालिया, चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट और 'आप' नेता सुर सिंह ने इन परिवारों का 'आप' में शामिल होने पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

मीडिया को संबोधित करते हुए शैरी कलसी ने दोहराया कि आम आदमी पार्टी ही आम लोगों की सच्ची पार्टी है। उन्होंने कहा कि 'आप' में किसी को भी किसी की मेहरबानी या सिफारिश की जरूरत नहीं है। जो लोग और उनकी भलाई के लिए ईमानदारी से काम करते हैं, उन्हें योग्यता के आधार पर सम्मान मिलता है। 'आप' के दरवाजे उन सभी के लिए खुले हैं जो निस्वार्थ भाव से पंजाब की सेवा करना चाहते हैं। डॉ. आहलूवालिया और हरचंद सिंह बरसट ने नए सदस्यों को बधाई दी और 'आप' को समर्थन देने के उनके फैसले को एक समझदारी भरा और समय पर लिया गया फैसला बताया। उन्होंने कहा कि अकाली दल अब 'पंथ' की पार्टी नहीं रहा है। पंजाब के लोगों ने उन्हें बार-बार नकार दिया है। वे अब राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में अप्रासंगिक हो गए हैं।

'आप' नेताओं ने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की सीनेट को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना भी की, इसे पंजाब के अधिकारों पर सीधा हमला बताया। हरचंद सिंह बरसट ने कहा, 'यह भाजपा का एक और पंजाब विरोधी फैसला है। पंजाब को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो बिना किसी समझौते के इसके हितों के लिए लड़ें, और मुख्यमंत्री भगवंत मान पिछले चार सालों से बिल्कुल यही कर रहे हैं। चाहे वह पंजाब के पानी के बारे में हो, बकाया फंड के बारे में हो, या संवैधानिक अधिकारों के बारे में हो, मुख्यमंत्री मान हमेशा पंजाब के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं।'

इन परिवारों के शामिल होने से तरनतारन उपचुनाव से पहले 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को काफी मजबूती मिली है, जो पार्टी की पारदर्शी, जन-केंद्रित राजनीति में बढ़ रहे जनता के विश्वास को दर्शाता है।

## तरनतारन उपचुनाव से पहले 'आप' को मिला बड़ा सियासी बल, झबाल पुख्ता और झबाल अड्डे के सैकड़ों परिवार पार्टी में शामिल

हरमीत संधू की जीत पक्की, मान सरकार के कामों से प्रभावित होकर लोग 'आप' से जुड़ रहे: बरिंदर गोयल



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को उस समय बड़ा सियासी बल मिला, जब झबाल पुख्ता और झबाल अड्डे के सैकड़ों परिवारों ने 'आप' में शामिल होने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री बरिंदर गोयल ने इन सभी परिवारों को पार्टी में औपचारिक तौर पर शामिल करवाया। यह शमूलियत कार्यक्रम सरपंच मोनू चीमा, हलका पायल से विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा और चेयरमैन रणजोध सिंह हडाणा के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री बरिंदर गोयल ने कहा कि आज बड़ी संख्या में माताएं और बहनें 'आप' परिवार का हिस्सा बनी हैं, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर बड़ी मजबूती मिली है। उन्होंने इस बड़ी शमूलियत के लिए स्थानीय नेताओं मोनू चीमा, विधायक ग्यासपुरा और चेयरमैन हडाणा की कड़ी मेहनत की सराहना की। गोयल ने दावा किया कि इन परिवारों के समर्थन से 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जीत पूरी तरह पक्की हो गई है। मंत्री गोयल ने नए शामिल हुए परिवारों को भरोसा दिलाया कि पार्टी में उनका हमेशा पूरा मान-सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा तरनतारन हलका मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के हक में एकजुट है। इसका कारण अरविंद केजरीवाल की सोच और मान सरकार द्वारा पिछले पौने चार सालों में किए गए ऐतिहासिक काम हैं। उन्होंने कहा कि जो काम 'आप' सरकार ने थोड़े समय में किए हैं, वे पिछली सरकारें 70 साल के राज में भी नहीं कर सकीं।

विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए गोयल ने कहा कि आज दूसरी पार्टियों के पास लोगों को बताने के लिए कुछ भी नहीं है। वे सिर्फ अलग-अलग तरह के सहारे ढूंढ रहे हैं, कोई फौजियों के नाम पर वोट मांग रहा है तो कोई धर्म के नाम पर। उन्होंने कहा कि लोग सब जानते हैं कि बेअदबियां किन सरकारों के समय हुई थीं।

## 'आप' की मुहिम को गांव गंडीविंड में मिला भरपूर समर्थन

### लोगों का प्यार 'आप' की जीत की गवाही, लोग फिर से 'आप' के हक में फैसला देने को तैयार: संधू



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के हक में चुनाव मुहिम दिन-ब-दिन तेज होती जा रही है। इसी कड़ी के तहत आज 'आप' की चुनाव मुहिम की नई सुबह की शुरुआत हलका तरनतारन के गाँव गंडीविंड से हुई। गाँव गंडीविंड में हुए प्रभावशाली जमावड़े के दौरान 'आप' उम्मीदवार के हक में भारी उत्साह देखने को मिला।

गाँव के लोगों ने एकजुट होकर आने वाले उपचुनाव का मैदान फतेह करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता जाहिर की। लोगों ने भरोसा दिलाया कि वे 'आप'की जीत पक्की करने के लिए दिन-रात एक कर देंगे।

इस मौके पर मिले भरपूर समर्थन पर बोलते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि तरनतारन वासियों द्वारा दिखाए गए इस प्यार और स्नेह ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जीत को और भी पक्का कर दिया है। लोगों का यह जमावड़ा साबित करता है कि हलके के लोग 'आप' सरकार की कारगुजारी से खुश हैं और एक बार फिर 'आप' के हक में फैसला देने के लिए तैयार हैं।

## बरसट ने आप वालंटियर्स को तरनतारन में घर-घर जाकर प्रचार करने के लिए किया प्रेरित

### आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव की अगुवाई में युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर्स की हुई बैठक

**तरनतारन।** विधानसभा क्षेत्र तरनतारन में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के संबंध में आज पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन और आम आदमी पार्टी, पंजाब के प्रदेश महासचिव स. हरचंद सिंह बरसट की अगुवाई में आम आदमी पार्टी के हलका तरनतारन के युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर्स की बैठक का आयोजन किया गया।



इस दौरान स. बरसट ने टीम मेंबर्स द्वारा की जा रही मेहनत की सराहना की। प्रदेश महासचिव ने हलका तरनतारन में होने वाले उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार स. हरमीत सिंह संधू को बड़ी लीड से जीताने के लिये अधिक से अधिक सहयोग देने और आम आदमी पार्टी की सरकार के लोक भलाई कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा राज्य की तरक्की के लिये किए जा रहे कार्यों को घर-घर जाकर लोगों तक पहुंचाया जाए।

स. हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से राज्य को रंगला और खुशहाल पंजाब बनाने के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में से नशे के खात्मे के लिए युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान लोगों की भलाई और राज्य की तरक्की के लिए मिसाली कार्य किये हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान हर क्षेत्र में बहुत सुधार किये गये हैं। लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। खेतों को नहरों का पानी दिया जा रहा है। सरकार की ओर से नौजवानों को बिना किसी रिश्वत या रिफारिश के सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें दी जा रही हैं। महिलाओं को मुफ्त बस सफर की सुविधा दी जा रही है। नौजवानों को खेलों की ओर उत्साहित करने के लिये जहां विभिन्न खेल मुकाबले करवाये जा रहे हैं, वहीं खेल मैदान भी बनाये जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण लिंक सड़कों के नवीनिकरण और मुरम्मत के कार्य भी किये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार स. हरमीत सिंह संधू को भारी बहुमत से जितायें।

इस अवसर पर जिला प्रधान गुरविंदर सिंह बहिड़वाल, हलका तरनतारन कोऑर्डिनेटर कुलदीप सिंह ढिल्लों, जिला वाइस कोऑर्डिनेटर हरप्रीत सिंह धुन्ना, सरपंच आलमवीर सिंह, प्रभदीप सिंह जग्गी, वाइस ब्लॉक प्रधान मलकीत सिंह मालूवाल, दलजीत सिंह विरदी, राम सिंह छीना, गुरवंत सिंह रोड़ावालिया, सरपंच किरपाल सिंह, बलजीत सिंह खैहरा, सरपंच निशान सिंह मल्लिया, हरमनजीत सिंह मुगल चक्क, मनिंदर सिंह भाटिया, जतिंदर सिंह, निशान सिंह जगतपुरा, केवल सिंह, कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह बाबा मोटर वाले, गुरचरण सिंह, सतपाल सिंह, शविंदर सिंह सरपंच, अमरजीत सिंह मालूवाल, निरवैल सिंह परासर समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## गांव बघेले सिंह वाला में 'आप' के हक में उतरे लोग



हरमीत संधू को गाँव बघेले सिंह वाला झबाल में मिला बड़ा समर्थन, 'आप' की जीत पर जताया भरोसा

**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की चुनाव मुहिम को आज उस समय बड़ा बल मिला, जब गाँव बघेले सिंह वाला झबाल में एक 'लोक-मिलनी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मिलनी के दौरान गाँव वासियों ने बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर 'आप' उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की। यह 'लोक-मिलनी' गाँव के गणमान्य नेताओं जतिंदर सिंह और कुलदीप सिंह के विशेष सहयोग से करवाई गई। इस मौके पर गाँव वासियों के समूह ने 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जीत को और पक्का करने के लिए पूरा विश्वास प्रकट किया। गाँव वासियों की तरफ से मिले इस प्यार और स्नेह के लिए धन्यवाद करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा, 'हम तरनतारन की संगत की तरफ से मिले इस विश्वास के लिए तहे दिल से आभारी हैं। गाँव बघेले सिंह वाला के लोगों ने जिस तरह हमारी जीत को पक्का करने के लिए समर्थन दिया है, उसने हमारे हौसले और बुलंद किए हैं।' उन्होंने कहा कि हलके के लोग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार की कारगुजारी से खुश हैं और उपचुनाव में 'आप' के हक में फैसला देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

### गाँव झामके के लोगों ने हरमीत संधू को दिया भरपूर समर्थन, 'आप' की जीत पर लगाई मुहर



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की चुनाव मुहिम को आज गाँव झामके में उस समय बड़ा बल मिला, जब एक विशाल 'जनसमूह' ने 'आप' को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। स्थानीय नेता बरिंदर सिंह के सहयोग से हुए इस जनसमूह में गाँव वासियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस मौके पर इकट्ठे हुए लोगों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली 'आप' सरकार की जन-हितैषी नीतियों और समाज की भलाई के लिए किए जा रहे कामों की सराहना की और हरमीत सिंह संधू के हक में वोट डालने का भरोसा दिया। 'आप' नेताओं ने गाँव वासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हलका वासियों की तरफ से मिल रहा यह अथाह प्यार और समर्थन आम आदमी पार्टी की जीत के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हम तरनतारन की संगत की तरफ से हमारे उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की जीत को और पक्का करने के लिए दिए जा रहे विश्वास के बहुत आभारी हैं। यह समर्थन दर्शाता है कि लोग हलके के विकास के लिए 'आप' सरकार के साथ चलने का मन बना चुके हैं।

### 'आप' की मुहिम को गांव भोजियां में मिला बड़ा समर्थन, लोगों ने कहा- हमारी प्रतिबद्धता 'आप' के साथ



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के संबंध में गाँव भोजियां में हुई एक प्रभावशाली 'जन-मिलनी' में आम आदमी पार्टी को गाँव के लोगों का भरपूर समर्थन मिला। यह बैठक स्थानीय नेता हरप्रीत सिंह के विशेष सहयोग से करवाई गई। इस 'जन-मिलनी' के दौरान गाँव वासियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। गाँव वासियों के इस भरपूर समर्थन ने माहौल को बेहद उत्साहजनक बना दिया। इस मौके पर संधू ने कहा कि गाँव भोजियां की संगत ने 'आप' की जीत को पक्का करने के लिए जो वचन दिया है, उसने यह साबित कर दिया है कि तरनतारन के लोगों की प्रतिबद्धता पूरी तरह से आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की जन-हितैषी नीतियों के साथ है। 'आप' नेताओं ने कहा कि हम तरनतारन की संगत द्वारा हमारे उम्मीदवार हरमीत संधू की जीत को पक्का करने के लिए दिए गए विश्वास के तहे दिल से आभारी हैं। यह समर्थन आने वाले उपचुनाव में 'आप' की बड़ी जीत का स्पष्ट संकेत है।

### कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व सरपंच निरवैल सिंह परिवार समेत 'आप' में शामिल

**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की मुहिम को आज बड़ी मजबूती मिली, जब गाँव चीमा खुर्द के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व सरपंच निरवैल सिंह अपने बेटे अमृतपाल सिंह समेत 'आप' में शामिल हो गए। 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने खुद निरवैल सिंह और उनके बेटे को पार्टी में शामिल करवाया और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हरमीत संधू ने कहा कि निरवैल सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं के आने से पार्टी को जमीनी स्तर पर और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जन-विरोधी नीतियों से तंग आकर लोग अब आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस मौके पर हरमीत सिंह संधू ने तरनतारन की संगत (जनता) का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों द्वारा 'आप' की जीत को पक्का करने के लिए जो विश्वास दिखाया जा रहा है, हम उसके लिए बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह समर्थन बताता है कि लोग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार के जन-हितैषी कामों से खुश हैं और उपचुनाव में 'आप' को बड़ी जीत दिलाएंगे।

### तरनतारन में अकाली दल को एक और झटका, गाँव मन्नण दीआं बहकां से जसनदीप सिंह और उनका परिवार आम आदमी पार्टी में शामिल



**तरनतारन।** तरनतारन में शिरोमणि अकाली दल को एक और बड़ा झटका लगा और आम आदमी पार्टी को बल मिला, जब तरनतारन हलके के गाँव मन्नण दीआं बहकां से प्रमुख अकाली नेता जसनदीप सिंह अपने पूरे परिवार के साथ अपनी पार्टी छोड़कर 'आप' में शामिल हो गए। 'आप' उम्मीदवार हरमीत संधू ने जसनदीप सिंह और उनके परिवार का पार्टी में गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनका पार्टी में शामिल होना आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और भगवंत मान सरकार के जन-कल्याणकारी कार्यों में जनता के विश्वास का प्रमाण है। संधू ने कहा कि जसनदीप सिंह जैसे ईमानदार और समाज सेवकों के पार्टी में शामिल होने से तरनतारन हलके में 'आप' की जीत और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि 'आप' की राजनीति सेवा और ईमानदारी पर आधारित है। हम जनता के विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे।

### गांव बीड़ राजा तेजा सिंह में 'आप' की 'जन-मिलनी' में उमड़ा भारी जनसमूह



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के हक में चुनाव मुहिम दिन-ब-दिन शिखर की ओर बढ़ रही है। इसी कड़ी के तहत आज गाँव बीड़ राजा तेजा सिंह (झबाल) में पूर्व सरपंच प्रताप सिंह जी के आवास पर एक विशाल 'जन-मिलनी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क और विधायक डिंपी ढिल्लों ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस जन-मिलनी को गाँव वासियों का भरपूर समर्थन मिला, जिसने इस कार्यक्रम को और यादगार बना दिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि गाँव वासियों का यह उत्साह बताता है कि लोग मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सरकार की नीतियों से पूरी तरह खुश हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गाँवों के छोटे जनसमूह बड़े काफिलों में बदल रहे हैं, यह आम आदमी पार्टी और हरमीत सिंह संधू की जीत को अगले पड़ाव की ओर ले जा रहा है। गाँव वासियों के इस समर्थन ने 'आप' की जीत पर मुहर लगा दी है।

# हरियाणा राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया राज्य का 60वां स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** हरियाणा राजभवन में शनिवार को राज्य का 60 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह पूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ हरियाणा के राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष उनकी पत्नी मित्रा घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधिवत दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने समारोह में भाग लेने वाले कलाकारों को छह लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

इसके बाद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ मोनिका ने देवी आराधना गीत की प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक तरंगों से परिपूर्ण कर दिया। इस अवसर पर बहुरंगी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिनकी शुरुआत हरियाणा राज्य के लोक नृत्य से हुई। हरियाणा के बाद पंजाब राज्य के लोकनृत्य भांगड़ा की प्रस्तुति ने रंग जमाया। इसी के साथ पश्चिम बंगाल के लोक नृत्य नटुआ, हरियाणा के घूमर लोक नृत्य और देश भक्ति गीत ने आयोजन में चार चांद लगा दिए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर सिंह कल्याण, सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी.अनुपमा, हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह, नगर एवं ग्राम नियोजन तथा शहरी संपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ.साकेत कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारियों के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।






## राज्यपाल ने हरियाणा दिवस के अवसर पर पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# प्रदेशवासियों की कड़ी मेहनत से समृद्ध हुआ हरियाणा : प्रो. घोष

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 1 नवंबर।** हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने शनिवार को पंचकूला में हरियाणा के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अपनी धर्मपत्नी एवं लेडी गवर्नर श्रीमती मित्रा घोष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा की संस्कृति एवं विरासत को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं विसारत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी उनके साथ थे। राज्यपाल ने हरियाणा की विरासत पर लगी प्रदर्शनी व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रस्तुतियों से यह प्रतीत होता है कि हरियाणा की संस्कृति एवं विरासत का भविष्य बहुत सुनहरा है। हरियाणा के लोगों को हरियाणा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा राज्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समर्पित प्रयासों से, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, बुनियादी ढाँचे के उन्नयन और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राजभवन से उनको हरियाणा के लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह उनके लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को अपने गठन के बाद से, हरियाणा सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ विकास और समृद्धि के साथ तीव्र विकास के पथ पर अग्रसर है। यह यात्रा हरियाणा के लोगों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और उद्यमशीलता से संभव हुई है। जब हम राज्य की 59 वर्षों की विकास यात्रा के इतिहास की समीक्षा करते हैं, तो पाते हैं कि राज्य ने गरीबी से समृद्धि तक कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है। देश में गन्ने का सर्वाधिक मूल्य 415 रुपये प्रति क्विंटल देने वाला राज्य भी हरियाणा ही है। राज्य में 3,200 रुपये प्रति माह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है, जो देश में सबसे ज्यादा है। हरियाणा का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है।



### हरियाणा देश के क्षेत्रफल का केवल 1.34 प्रतिशत

हरियाणा देश के क्षेत्रफल का केवल 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत होने के बावजूद भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में 3.6 प्रतिशत योगदान दे रहा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय बड़े राज्यों में सबसे ज़्यादा है, जो लगभग 3 लाख 53 हज़ार है, जबकि 1966 में यह मात्र 343 रुपये थी। 1966 में राज्य का निर्यात केवल 4 करोड़ 50 लाख रुपये था, जो अब बढ़कर 2 लाख 75 हज़ार करोड़ से ज़्यादा हो गया है। इसी प्रकार हरियाणा प्रति व्यक्ति त्रस्ञ संग्रह में बड़े राज्यों में भी अग्रणी हैं। दुनिया की 250 से अधिक फॉर्च्यून कंपनियों के कार्यालय हरियाणा में स्थित हैं।

### आदर्शों को कायम रखेंगे

राज्यपाल ने कहा कि सामूहिक प्रयासों में हम समानता, समता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों को कायम रखेंगे और अपने हरियाणा के गौरव को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यपाल को हरियाणा की आन- बान -शान का प्रतीक पगड़ी व किसान, खिलाड़ी, महिला सशक्तिकरण में राज्य की प्रगति के प्रतीकों को दर्शाता अनूठा स्मृति चिह्न और शाल भेंट कर सम्मानित किया।

# रक्तदान महादान है और मानवता की सच्ची सेवा है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने पंचकूला में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का किया शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश/ आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 1 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को किसान भवन, सेक्टर 14, पंचकूला में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हरियाणा के निर्माण का उत्सव और श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान से प्रेरणा लेने का दिन है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और इस पुनीत कार्य के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और सहकारिता मंत्री डा0 अरविंद शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म की रक्षा केवल तलवार से नहीं, बल्कि त्याग और सत्य से होती है। उन्होंने कहा कि जब आप रक्तदान करते हैं, तो आप न केवल किसी एक व्यक्ति के जीवन को बचाते हैं, बल्कि एक पूरे परिवार को संकट से उबारते हैं। इसलिए आज हम सभी को यह समझना होगा कि रक्तदान एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह जानकर गर्व हो रहा है कि इस शिविर में बड़ी संख्या में युवा साथी रक्तदान के लिए आगे आए हैं। उन्होंने सभी युवाओं को बधाई देतें हुए कहा कि आप ही वह परिवर्तन की ऊर्जा हैं जो समाज को दिशा देती है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में युवाओं की सहभागिता आने वाले समय में हरियाणा और देश को एक संवेदनशील, सशक्त और जागरूक समाज बनाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि आज इस रक्तदान शिविर से सभी एक संदेश लेकर जाएं कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि रक्तदान से किसी मरीज को नया जीवन मिलता है। वह सदा रक्तदाता का आभारी रहता है। विज्ञान चाहे आज नित नई प्रगति कर रहा है। लेकिन अभी तक विज्ञान रक्त का कोई विकल्प नहीं ढूंढ पाया है। रक्त को बनाया नहीं जा सकता, केवल दान से प्राप्त रक्त से ही किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### हरियाणा दिवस पर ली नशा मुक्ति की शपथ

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना शहर के सभी लगभग नीमा डॉक्टर ने आज टोहाना पुलिस डीएसपी उमेध सिंह के साथ एक बैठक कर नशे को समाज से मिटाने के लिए चिकित्सा सत्र पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न किया। इस बैठक का उद्देश्य डॉक्टरों द्वारा नशे से संबंधित किसी भी प्रकार से दवाइयां या नशे से युवाओं को दूर रखने की प्रेरणा देना है सभी डॉक्टरों ने एकमत स्वर में संकल्प लिया कि वह समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और युवाओं को नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करेंगे। इस नशा मुक्ति अभियान की पहल से सारे शहर में चर्चा है कि पुलिस की नशा विरोधी यह अभियान तभी सफल होगा जब इस तरह समाज के सभी वर्ग एकजुट कार्य करेंगे इस बैठक में शब्द संकल्प नशा मुक्ति अभियान का लेने के बाद सभी नीम डॉक्टर ने चिकित्सा 'नशा मुक्ति टोहाना- स्वस्थ समाज- सुरक्षित भविष्य' का संकल्प दोहराया इस बैठक में डॉक्टर शिव सचदेवा, नीमा प्रधान डॉ गगनदीप, बलविंदर सिंह बाठ, डा. लक्ष्मी नारायण आदि शहर के प्रमुख चिकित्सक शामिल थे।

### हरियाणा दिवस पर हरियाणवी कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** हरियाणा दिवस पर जींद के हर्बल पार्क में बड़ी धूमधाम से मनाया गया यहां पर घूमने आने वालों ने हरियाणा दिवस की एक दूसरे को बधाई दी इस मौके पर पार्क में हरियाणवी कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया हरियाणवी संस्कृति से जुड़े लोक गीतों पर लोग झूमते हुए नजर आए। लोगों ने रंगा रंग कार्यक्रम और रागनियों का जम कर आनंद लिया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। हरियाणा दिवस के मौके पर हर्बल पार्क संस्था के सचिव सचिन बडाला ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी संस्कृति को बचाए हुए है आने वाले समय में हमें अपने बच्चों को भी अपनी हरियाणवी संस्कृति के बारे में बताना चाहिए आज का युवा कही न कही नशे की और अग्रसर है हमे हमारी युवा पीढ़ी को बचाने के लिए हरियाणा का कल्चर बताने की जरूरत है और जब हमारा युवा जागरूक होगा तो हमारी संस्कृति बहुत आगे जाएगी और देश प्रदेश में अपना परचम लहराएगी इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिक मौके पर पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम को रंगारंग बनाने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया हर्बल पार्क संस्था के कैप्टन सतबीर सिंह उप प्रधान ब्रमजीत देशवाल कोषाध्यक्ष राहुल सेन सह सचिव संदीप हुड्डा मीडिया प्रभारी राजेश लोहान सभी सदस्यों ने आए हुए नागरिकों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दी और बधाई दी ।

### देवशायनी एकादशी को जागे श्री हरि

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** सरस्वती तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण पुल वाला मंदिर में चल रही कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक ज्योतिषी प्रदीप कुमार राजपुरोहित ने अक्षय नवमी व देवउठनी एकादशी के बारे में बताते हुए कहा कि आंवला वृक्ष साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप है। अक्षय नवमी को आमला की पूजा करने से भगवान विष्णु की पूजा करने का अक्षय फल प्राप्त होता है ।जो वर्षों तक मिलता रहता है। देवउठनी एकादशी बारे उन्होंने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु शयन करके उठे थे। भगवान विष्णु चार मास तक शयन करते हैं। देवशयनी एकादशी को वह निद्रा मगन हो जाते हैं। तथा कार्तिक मास की एकादशी को वह उठते हैं। देवउठनी एकादशी का स्नान दान व भजन का बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। भगवान विष्णु जागृत अवस्था में आ गए हैं तथा इसी के साथ ही सभी देव कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं ।भगवान विष्णु के जागृत होने पर ही पूर्णिमा को देव दीपावली मनाई जाती है ।देवताओं की दिवाली कार्तिक मास की पूर्णिमा को होती है ।उन्होंने कार्तिक मास में आने वाले सभी त्योहारों के बारे भी बताते हुए कहा कि कार्तिक मास में दीपदान तुलसी पूजा अवश्य करनी।

# अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता का दिया संदेश

ढुल समाज की विभूतियों को किया सम्मानित

53 गांवों में बच्चों के लिए पुस्तकालय खोले जाएंगे

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 1 नवंबर।** अमृत फार्म में अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें भारत सहित विदेशों से भी ढुल समाज के सैकड़ों प्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यह ऐतिहासिक सम्मेलन शिक्षा, संस्कार, तकनीकी प्रगति और सामाजिक एकता को समर्पित रहा। कार्यक्रम का संचालन जोगिंद्र ढुल और डॉ. बलजीत ढुल ने किया। सम्मेलन की शुरुआत समाज के बच्चों और युवाओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें हरियाणवी लोकगीतों और नृत्यों के माध्यम से समाज की संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित किया गया। हरट्रॉन एडवांस्ड स्किल सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉ. बलविंद्र ढुल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि समाज की उन्नति के लिए तकनीक और शिक्षा का संगम आवश्यक है। तकनीक वह साधन है जो हमें आधुनिक युग की चुनौतियों से लडने् की क्षमता देता है। किसी भी समाज की तरक्की की नींव तीन स्तंभों पर टिकी होती है। शिक्षा वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाता है। संस्कार वह दिशा है जो इंसान को मानवता के पथ पर चलना सिखाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरपाल सिंह ढुल, अध्यक्ष सर्व ढुल खाप एवं सर्व ढुल खाप कल्याण समिति ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को नेतृत्व करने की ताकत देती है और संस्कार उसे दिशा देते हैं। यही दो शक्तियां ढुल समाज को आगे ले जाने का काम करेंगी। हमारी खाप यह सुनिश्चित करेगी कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का कोई भी होनहार बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के इंजीनियर-इन-चीफ सुरेंद्र सिंह ढुल ने समाज में शिक्षा और तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला।

# एसएस बाल सदन स्कूल में रही हरियाणा दिवस की धूम

## नन्हें छात्र छात्राओं ने हरियाणवी परिधान में दिखाई प्रतिभा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 1 नवंबर।** चंदाना गेट स्थित एसएस बाल सदन स्कूल में हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र हरियाणवी झलक को प्रस्तुत करता गांव का चित्र रहा। छात्र छात्राओं के द्वारा हरियाणवी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर अनोखी छटा बखेरी। छोरा मैं हरियाणा का गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर छात्रों ने खूब वाह-वाही लूटी। कक्षा नर्सरी की छोटी छोटी छात्राओं ने छम छम ये बरसे गे नैन तेरे गाने पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग ने कहां की मुझे गर्व है की मैं हरियाणवी हूँ और हम सब को भी हरियाणवी होने पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपनी संस्कृति और खानपान के लिए प्रसिद्ध है। पूरे भारत में हरियाणा के लिए प्रसिद्ध है जित दूध दही का खाना वो मेरा हरियाणा। गर्ग ने सभी को हरियाणा दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों के लिए हरियाणा दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ भाग लिया।

### आईजी कालेज की छात्राओं ने हरियाणा दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मचाई धूम

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि उनकी छात्राओं ने हरियाणवी फोक सॉन्ग प्रतियोगिता में प्रियंका बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7100 रुपए नकद पुरस्कार जीता। वहीं हरियाणवी ग्रुप डांस प्रतियोगिता में नेहा व ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 5100 रुपए नकद पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज की सायंकालीन सत्र प्राचार्य प्रभारी श्वेता तंवर भी उपस्थित रहीं।

# लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया एक मजबूत और अखंड राष्ट्र का निर्माण: विधायक

## काफी संख्या में युवा, स्कूली बच्चों, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, पार्षदों और शहरवासियों ने रन फॉर यूनिटी में लिया हिस्सा

असंध में आयोजित रन फॉर यूनिटी को विधायक योगेन्द्र राणा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अर्थ प्रकाश/वीरता सिंह



**असंध, 31 अक्तूबर।** लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को तहसील परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एसडीएम राहुल रईया (आईएएस), तहसीलदार नवजीत कौर बराड़, नपा चेयरपर्सन सुनीता रानी, नायब तहसीलदार राधेश्याम, नपा सचिव प्रदीप जैन सहित उपमंडल के सभी अधिकारी व नपा कर्मचारी, पार्षदों, अध्यापकों व स्कूली बच्चों ने देश की एकता व अखंडता का संकल्प लेते हुए रन फॉर यूनिटी की दौड़ में भाग लिया। यह दौड़ तहसील परिसर से आरम्भ होकर सालवन चौंक, जींद चौंक, नानकपुरा चौंक से होती हुई सालवन चौंक पर इसका समापन हुआ।

इस दौरान विधायक योगेन्द्र राणा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकता को बढ़ावा देते हुए भारत को एक मजबूत, अखंड शक्तिशाली राष्ट बनाने का कार्य किया। आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनके किये हुए कार्य को आज पूरा देश याद करता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने उस समय एक नारा दिया था कि यदि हमारा देश समृद्ध और आत्मनिर्भर होगा तभी हम आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा जिस समय विदेशी ताकते जो हमारे देश में राज करती थी, वह कभी नहीं चाहती थी कि हमारा देश सुदृढ़ हो, आगे बढ़े और मजबूत राष्ट बने, लेकिन जिस कार्यकुशलता के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक किया उस कार्य को आगे बढ़ाने का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का राजनीतिक कौशल, देश के प्रति समर्पण व एकता का जो भाव था, उससे आज पूरे देशवासियों को सीख लेने की जरुरत है। विधायक ने कहा कि हम सबको गर्व है कि पिछले 11 वर्षों में इस देश में जो-जो कार्य प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हुए, चाहे एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात हो, चाहे आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, शिक्षा, महिलाओं के सम्मान की बात हो, हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है।

इस मौके पर नपा वाईस चेयरमैन राजिन्द्र ढिंगड़ा, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, मार्किट कमेटी चेयरमैन प्रवीन मुनक, सुशील शर्मा, रामअवतार जिंदल, मंडलाध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, जयभगवान जांगड़ा, विजय राणा, सुलेन्द्र कादियान, सुभाष राणा, पाषर्द जगदीश गर्ग, विजय गर्ग, एसएचओ नसीब सिंह, राजकुमार भार्गव, डॉ बूटी राम, बृजमोहन टक्कर, अमित राणा, जयवीर फौजी, नरेन्द्र शर्मा, सिया राम, विनोद कौशिक, बाबा सुबे सिंह, राहुल बीड़माजरा, बब्बू मंजूरा, सतपाल जैन, नरेश जांगड़ा, राजबीर शर्मा सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चें, अध्यापक, पार्षदगण, प्रशासनिक अधिकारी, नपा कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस ऑपरेटरों की मनमानी से जाम, ओवरलोड होकर चल रही यूपी जाने वाली डबल डेकर बसें

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर।** शहर में निजी बस और मिनी बस ऑपरेटरों की मनमानी लगातार लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर बसें सवारियों को चढ़ाती और उतारती हैं, जिसके कारण हर समय ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। खासतौर पर सुबह और शाम के वक्त जब सवारियों की भीड़ रहती है, तो इन बसों के कारण जीरकपुर की मुख्य सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है। लोगों का कहना है कि निजी बस चालक निर्धारित स्टॉपेज पर रुकने की बजाय सड़क के बीचों-बीच गाड़ी खड़ी कर देते हैं। अचानक बसें रोक दिए जाने से पीछे चल रहे वाहन चालकों को ब्रेक लगाना पड़ता है और पूरी लेन में ट्रैफिक रुक जाता है। यह स्थिति ढकोली, बलटाना, भबात और चंडीगढ़ रोड पर आम देखने को मिलती है।

**ओवरलोड होकर चलती हैं डबल डेकर बसें:** यूपी जाने वाली डबल डेकर बसों का हाल तो और भी खराब है। यात्रियों का आरोप है कि ये बसें न केवल ओवरलोड होकर चलती हैं बल्कि इनका कोई पक्का ठिकाना भी नहीं होता। कभी यह किसी पेट्रोल पंप के पास सवारियां बिठाने लग जाती हैं, कभी किसी होटल के पिछली तरफ या फिर अंदरूनी सड़कों पर रुककर यात्रियों को भर लिया जाता है। कई बार तो इन बसों में सवारियों को ठूस-ठूस कर बैठा दिया जाता है, जिससे सफर करना खतरनाक साबित हो सकता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस अव्यवस्था के बावजूद आरटीओ विभाग और ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस केवल चालान काटने तक ही सीमित है, लेकिन बड़े पैमाने पर चल रही इस अनियमितता पर आंखें मूंद ली गई हैं।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बसों के इस तरह सड़क पर खड़े होने से लगातार जाम लगने के कारण उनका कारोबार भी प्रभावित होता है। ग्राहक जाम देखकर लौट जाते हैं और कई बार सामान की डिलीवरी भी देर से हो पाती है। वहीं, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बसों के लिए निर्धारित स्टैंड बनाए जाएं और उन्हें वहीं से चलाने की अनुमति दी जाए। साथ ही ओवरलोडिंग पर सख्त रोक लगाई जाए। ट्रैफिक पुलिस को भी नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए ताकि शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुधर सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

हम लगातार चेकिंग कर रहे है और जीरकपुर में टोल प्लाजा के पास नाका लगाकर पहले भी चेकिंग की जाती रही है और हमने कई बसों के चालान भी काटे थे। जल्द ही दोबारा चेकिंग की जाएगी। यदि कोई बस नियमों की अनदेखी करते पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

**राजपाल सेखों, आरटीओ मोहाली**

पटियाला लाइट प्वाइंट के पास जो मिनी बस से खड़ी होती है उनके पहले भी चालान किए जाते हैं। इन बस ऑपरेटरों को दोबारा एक बार चेतावनी दी जाएगी यदि फिर भी बसें यहां पर खड़ी होती है तो उनके चालान किए जाएंगे।

**–गुरबीर सिंह वड़ैच ट्रैफिक इंचार्ज जीरकपुर**

## महिला के घर से गहनों की चोरी, चाबी बनाने वाले पिता–पुत्र पर शक

पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की शुरु

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 1 नवंबर।** जीरकपुर के गुरदेव नगर स्थित बलिया कॉटेज अपार्टमेंट में एक महिला के घर से गहनों की चोरी का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया है कि चाबी बनाने आए दो व्यक्तियों ने चालाकी से उसकी अलमारी की चाबी बदलकर घर से सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए। जीरकपुर पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना 14 अक्टूबर को हुई थी, जब शिकायतकर्ता ज्योति बलिया पत्नी प्रदीप कुमार बलिया, निवासी डी-3, दुर्गा अपार्टमेंट, गुरदेव नगर, जीरकपुर, अपने घर पर अकेली थीं। उनका बेटा उस समय सघनूर में एमबीए की परीक्षा देने गया हुआ था, जबकि पति घर के काम से बाहर थे।

शिकायत के अनुसार, उसी दौरान घर पर एक चाबी बनाने वाला व्यक्ति आया। ज्योति ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे की बाइक की चाबी खो जाने के कारण उस व्यक्ति से नई चाबी बनवाने के लिए कहा। उस व्यक्ति ने उनसे एक और चाबी मांगी – यह कहते हुए कि उसे ÷डिज़ाइन मिलाने÷ के लिए दूसरी चाबी चाहिए। ज्योति ने उसे अपनी गॉडरेज अलमारी की चाबी दे दी।

महिला ने बताया कि चाबी बनाने वाले व्यक्ति ने हथौड़े से अलमारी की लॉक प्लेट पर काम किया और कहा कि ÷आप एक बार चाबी लगाकर देखिए।÷ चाबी फिट नहीं हुई तो उसने कहा कि वह अपने पिता को बुलाकर लाता है, जो पास ही काम कर रहे हैं। कुछ ही देर में वह अपने पिता के साथ लौट आया और दोनों कमरे में जाकर अलमारी देखने लगे। इसी दौरान उन्होंने मेरा ध्यान दूसरी तरफ किया और कुछ देर बाद यह कहकर चले गए कि वे दूसरी चाबी लेकर आएंगे।÷

महिला ने बताया कि कई दिनों तक अलमारी बंद रही, क्योंकि वह नहीं खुल रही थी। बाद में जब उनका बेटा घर लौटा, तो उसने कोशिश कर अलमारी खोली। अंदर देखा तो एक टूटी हुई चाबी फंसी हुई थी और अलमारी के भीतर रखे गहने गायब थे।

पीड़िता ने बताया कि ÷हमें शक हुआ कि चाबी बनाने वाले पिता-पुत्र ही चोर हो सकते। उन्होंने जानबूझकर हमें उलझाकर हमारी अलमारी की चाबी बदल दी और हमारे कीमती जेवरात चुरा लिए।÷

महिला ने बताया कि चोरी किया गया सामान एक काले रंग के रेक्सीन बैग में रखा हुआ था। परिवार अब अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रहा है ताकि दोनों आरोपियों की तस्वीर मिल सके।

पुलिस ने ज्योति बलिया की शिकायत पर अज्ञात पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 331(4) और 305 भारतीय न्याय संहिता (क्न्हस्) 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में चाबी बनाने वालों की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज से सुराग मिलने की उम्मीद है।

## मलोया में समाज सेवक संजय बिहारी ने बुजुर्ग एवं असहाय महिलाओं को शॉल वितरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 1 नवंबर। समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रतीक, धार्मिक एवं कर्मठ कार्यकर्ता संजय बिहारी द्वारा मलोया कॉलोनी में एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने कॉलोनी की लगभग 80 से बुजुर्ग एवं असहाय महिलाओं को शॉल वितरित कर मानवता और संवेदनशीलता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से हरिशंकर मिश्रा, राजकुमार राणा, मदनपाल परमार, रविंद्र परमार, उदयराज यादव, श्रवण मिश्रा, राहुल द्विवेदी, पंडित नरेंद्र कुमार शर्मा, फूल सिंह राजू, रंजन यादव, श्रीमती शीला नाथ, राकेश मिश्रा, गजाधर, शंभू, तथा कन्या शामिल रहे। सभी अतिथियों ने संजय बिहारी के इस सामाजिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी सहयोग और सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आगे भी इसी तरह के आयोजन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह से सेवा, समर्पण और संवेदना से ओत-प्रोत रहा, जहां उपस्थित सभी लोगों ने संजय बिहारी के जज़्बे की सराहना की।

## जाट स्कूल में एनएसएस यूनिटों द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ ओम प्रकाश

**कैथल, 1 नवंबर।** जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस यूनिटों द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं ने विद्यालय प्रांगण की सफाई की। इस अवसर पर मैनेजमेंट सदस्यों व प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र सिंह ने की। एनएसएस यूनिट अधिकारी सुनील कुमार व पूनम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन इस कैंप के सफल आयोजन पर विद्यालय के एनएसएस अधिकारी व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को बधाई व आशीर्वाद दिया।

## श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर में आयोजित किया गया श्री श्याम जन्मोत्सव



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 1 नवंबर।** 31 अक्टूबर को श्री श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर बलटाना में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन गायक आरती खन्ना सुरेंद्र लाडी तनिष्क जिंदल और कमल नायक ने अपने भजनों से मौके पर मौजूद हजारों की संख्या में भक्तों को झूमने लगा दिया।

इस मौके पर श्री खाटू श्याम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आतिशबाजी भी की गई। श्री खाटू श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार देखने योग्य था।

शाम के 7:00 बजे ज्योति प्रचंड के बाद श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया इसी दौरान फूलों की होली भी खेली गई और श्री खाटू श्याम जी को 56 भोग भी लगाया गया। इसके बाद करीब 5000 लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर के अध्यक्ष मणि शर्मा और वार्ड नंबर 5 की पार्षद नेहा शर्मा के अलावा पुनीत अग्रवाल, राम भज गर्ग, सुमित पिंटू, सचिन गोयल, संजय गिल, विवेक राणा, आकाश बंसल, महावीर प्रसाद जैन,अंकुर उप्पल, सुरेंद्र लाडी, मोनू सिंगल, शिव वर्मा सतीश आदि उपस्थित रहे।

इस मौत के पर मणि शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जी का जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। श्री खाटू श्याम जी के मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। उन्होंने कहा कि समय-समय पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या जनहित के कार्यक्रम करवाए जाते हैं ताकि भक्तों में आपसी स्नेह बढ़ता रहे।


### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष शहरी संपदा का नामः पंचकूला**

**विषयः–** स्वामिनी स्व. श्रीमती रमन सूद पत्नी श्री सतीश पॉल सूद की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर रिहायशी मकान सं. 288, सेक्टर 12, शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्रीमती रमन सूद, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति की स्वामिनी थी, जिनकी 22.11.2018को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत अथवा अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उसने निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी पीछे छोड़े हैं

**1) श्री सतीश पॉल सूद, 2) सुश्री शिवानी सूद, 3) श्री अरविंद सूद**

श्री सतीश पॉल सूद पुत्र श्री किशोरी लाल सूद निवासी मकान सं. 288, सेक्टर 12, पंचकूला ने कानूनी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्री सतीश पॉल सूद के नाम में पुनः आवंटन हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी,पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/ पुनः आवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

**कानूनी उत्तराधिकारीःश्री सतीश पॉल सूद, सुश्री शिवानी सूद, श्री अरविंद सूद**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष शहरी संपदा का नामः पंचकूला**

**विषयः–** स्वामी स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा पुत्र श्री छवि दत्त की मृत्यु के आधार पर मकान सं. 486, सेक्टर 10, शहरी संपदा, पंचकूला के द्वितीय तल के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा पुत्र श्री छवि दत्त, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के स्वामी थे, जिनकी 14.10.2019 को मृत्यु हो गई है तथा कार्यालय सब–रजिस्ट्रार, पंचकूला में क्र.सं. 456, बुक सं. 3, दिनांक 18.12.2017 के अंतर्गत पंजीकृत वसीयत है, उसने निम्नलिखित वसीयत धारक पीछे छोड़े हैंः–

**1) श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा।**

श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा, निवासी मकान सं. 486, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा–134109 ने वसीयत धारक के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा के नाम में पुनः आवंटन हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, सेक्टर 6, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/ सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/ पुनःआवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

**वसीयत धारकः श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष शहरी संपदा का नामः पंचकूला**

**विषयः** स्वामी स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा पुत्र श्री छवि दत्त की मृत्यु के आधार पर मकान सं. 486, सेक्टर 10, शहरी संपदा, पंचकूला के प्रथम तल के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा पुत्र श्री छवि दत्त, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के स्वामी थे, जिनकी 14.10.2019 को मृत्यु हो गई है तथा कार्यालय सब–रजिस्ट्रार, पंचकूला में क्र.सं. 456, बुक सं. 3, दिनांक 18.12.2017 के अंतर्गत पंजीकृत वसीयत है, उसने निम्नलिखित वसीयत धारक पीछे छोड़े हैंः–

**1) श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा।**

श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रभात कुमार शर्मा, निवासी मकान सं. 486, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा–134109 ने वसीयत धारक के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा के नाम में पुनःआवंटन हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, सेक्टर 6, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/ सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/ पुनःआवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

वसीयत धारकः श्रीमती प्रोमिला कुमारी शर्मा
संपदा अधिकारी की ओर से

### स्टोर्स ई–प्रोक्यूरमेंट

**निविदा सूचना सं. S/24/2025-26; दिनांक: 30-10-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

**क्र.सं.-1; निविदा सं. 61/25/5494/ओटी/167/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 25-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** पीएससी वाइडर स्लैक गेज स्लीपर, आरडीएसओ ड्राइंग सं. टी-8981। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज: [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा - एसएसई/पी.वे/फरकाटिंग जं., एनएफआर (असम) के लिए 405 नग। (ii) मात्रा-एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम)के लिए 4200 नग। (iii) मात्रा-डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 548 नग। पी.एल. नं. - 600301570092। (2) पीएससी वाइडर स्लैक गेज स्लीपर,आरडीएसओ ड्राइंग सं. टी-8982। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा - एसएसई/पी.वे/फरकाटिंग जं., एनएफआर (असम) के लिए 827 नग। (ii) मात्रा-डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1099 नग। (iii) मात्रा-एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम)के लिए 8463 नग। पी.एल. नं. - 60030115830050। (3) पीएससी वाइडर स्लैक गेज स्लीपर,आरडीएसओ ड्राइंग सं. टी-8980। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा-डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 548 नग। (ii) मात्रा-एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम)के लिए 4200 नग। (iii) मात्रा - एसएसई/पी.वे/फरकाटिंग जं., एनएफआर (असम) के लिए 405 नग। पी.एल. नं. - 600400740133। (4) पीएससी वाइडर स्लैक गेज स्लीपर,आरडीएसओ ड्राइंग सं. टी-8982। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड (आपूर्ति)। (i) मात्रा - एसएसई/पी.वे/फरकाटिंग जं., एनएफआर (असम) के लिए 405 नग। (ii) मात्रा-डीआरएम/डब्ल्यू/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 548 नग। (iii) मात्रा-एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम)के लिए 4200 नग। पी.एल. नं. - 601600900465।

**क्र.सं.-2; निविदा सं. 61/255506/ओटी/168/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 20-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** (1) पीएससी मेन लाइन स्लीपार्स, आरडीएसओ डीआरजी सं. टी-8746। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा - सीनि. डीईएन/सी/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 405527 नग। पी.एल.नं.- 60110971। (2) पीएससी मेन लाइन स्लीपार्स, आरडीएसओ डीआरजी सं. टी -8746। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-डीआरएम/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार जं. एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 152829 नग। पी.एल.नं.- 60110972। (3) पीएससी मेन लाइन स्लीपार्स, आरडीएसओ डीआरजी सं. टी-8746। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-सीएच ओएस/जी/ईएनजीजी./रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 86630 नग। पी.एल.नं.- 6011097। (4) पीएससी मेन लाइन स्लीपार्स, आरडीएसओ डीआरजी सं. टी-8746। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा-एसएसई/पीडब्ल्यू/एमएक्सएनएन, एनएफआर (असम) के लिए 110673 नग। पी.एल.नं.- 601109710। (5) पीएससी मेन लाइन स्लीपार्स, आरडीएसओ डीआरजी सं. टी-8746। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा- एसएसई/पी.वे/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 239976 नग। पी.एल.नं.- 6011097100।

**क्र.सं.-3; निविदा सं. 61/25/5256/ओटी/169/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 28-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** 60 किग्रा यूआईसी/52 किग्रा रेल सेक्शन के लिए फ्लैट टो के साथ इलास्टिक रेल क्लिप एमके-वी, डीआरजी सं. आरडीएसओ टी-5919 के साथ आईआरएस-टी-31-2021 के अनुरूप विनिर्देश के साथ, नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो, अल्ट सं. 2 के साथ, नवीनतम संशोधनों के साथ, यदि कोई हो। [जहां भी नवीनतम परिवर्तन शब्द का उपयोग किया जाता है, उसका अर्थ निविदा खुलने की वास्तविक तिथि से 5 दिन पहले तक परिवर्तन होगा]। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: राइट्स नॉन-टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100558, इलास्टिक रेल क्लिप्स]। आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। (i) मात्रा- डीवाई. सीएमएम/न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 3000000 नग। (ii) मात्रा- डीवाई. सीएमएम/पांडु, एनएफआर (असम) के लिए 2000000 नग। पी.एल.नं.-60110028।

**क्र.सं.-4; निविदा सं. 40/25/5447/ओटी/170/2025-26, बंद/खुलने की तिथि: 13-11-2025**

**संक्षिप्त विवरण, पी.एल. नं. एवं मात्रा:** गैलैंड मेक-शॉर्ट न्यूट्रल सेक्शन असेंबली (फेज ब्रेक पीटीएफई टाइप) के रखरखाव/समायोजन जिग की आपूर्ति और परीक्षण। मेक- गैलैंड। [वांरटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने ]। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज इंस्पेक्शन: एनए, स्टेज:0] [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम: 3100444, लघु तटस्थ अनुभाग असेंबली (फैज ब्रेक) आइटम प्रकार: गुड्स (आपूर्ति)। मात्रा - एसएसई/आईसी/टीडीआर/कटिहार, एनएफआर (बिहार) के लिए 1 सेट। मात्रा - एसएसई/ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन/ओवरहेड इक्विपमेंट/न्यू अलीपुरद्वार, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 1 सेट। मात्रा- एसएसई/आईसी/टीआरडी/रंगिया, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। मात्रा-एसएसई/टीआरडी/डिब्रुगढ़, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। मात्रा-ओएचई एंड पीएसआई डिपो/लामडिंग, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पी. एल. नं.- 469094540026।

**नोट:-** निविदा सूचना और निविदा कागजात के पूर्ण विवरण के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) को लॉग ऑन करें। भावी बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने को इच्छुक हैं को उपरोक्त वेबसाइट के साथ अपने-आप को लॉग इन करना होगा और यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत हैं तो उन्हें अपने प्रस्ताव को इलेक्ट्रानिकली जमा करना होगा। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं हैं तो, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी एक्ट 2000 के अंतर्गत प्रमाणन एजेंसियों से क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र प्राप्त करें और उपरोक्त निविदाओं में भाग लें।

**पीसीएमएम/मालीगांव**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सार्वजनिक सूचना

[illegible]

### पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या: 43 दिनांक: 31.10.2025

**ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर 273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 28250139 | 03.12.2025 | पेंट इनेमल इंटीरियर फिनिशिंग स्मोक ग्रे इत्यादि | 46300 Litre |
| 2 | 28250890 | 03.12.2025 | पीतीवस्त्र बेड शीट ब्लीच्ड व्हाइट साइज 229 x 140 सीएमएस इत्यादि | 9056 Nos. |
| 3 | 28250900 | 28.11.2025 | डीआरडीओ ऐनेरोबिक बैक्टीरिया इत्यादि | 833891 Litre |
| 4 | 30250546C | 21.11.2025 | डिस्कनेक्टिंग एण्ड अर्थिंग डिवाइस 8–पोल इत्यादि | 240 Nos. |
| 5 | 29255157 | 20.11.2025 | अंडरग्राउंड रेलवे जेली फिल्ड 6 क्वाड केबल इत्यादि | 151.8 Kilometre |
| 6 | 29255129 | 18.11.2025 | सप्लाई आफ 5 वाट वीएचएफ डिजिटल वॉकी इत्यादि | 1020 sets |
| 7 | 33251078 | 17.11.2025 | डिस्कनेक्टिंग एण्ड अर्थिंग डिवाइस इत्यादि | 548 Nos. |
| 8 | 29255170 | 17.11.2025 | सप्लाइ आफ पीवीसी इंसुलेटेड आर्मर्ड अनस्क्रीनड इत्यादि | 56.5 Kilometre |

मुजाधि / S-55

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### सार्वजनिक सूचना

[illegible]

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एसएसई/डब्ल्यू/एल/पीटीए के खंड में एनबीए में नए माल कार्यालय, ट्रैक मशीन रेस्ट हाउस के स्टेजिंग और ग्रिल के साथ जलापूर्ति की मरम्मत, पीडब्ल्यूआई कॉलोनी में जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत और एसएसई/डब्ल्यू/डीयूआई के खंड में रेलवे कॉलोनी में मौजूदा पंपहाउस और आरसीसी ओएच टैंक के लिए नए पंपहाउस और नए आरसीसी ओएच टैंक का कनेक्शन करना और डीयूआई–जेएचएल खंड और जेपीएस यूकेएन, डीएनएक्स पर सीजेएल, एलएचए, जीआरएन में जंग लगी और टूटी हुई मौजूदा पुरानी पाइपलाइनों और टूटे हुए पीवीसी टैंकों की मरम्मत करना और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी के खंड में जेएचएल–एचएसआर खंड पर यूकेएन में जीआरएन, डीएनएक्स, आरपीएचआर और प्रेशर फिल्टर प्लांट में फिल्टर प्लांट और एएमसी के सामान्य संचालन के लिए यूकेएन डिग्गी पर ओपन वेल पंप के बजाय सबमर्सिबल पंप की व्यवस्था करना। | ₹45,54,609/- | ₹91,100/- | 06 महीने | 25.11.2025 |
| 2. | एडीईएन/ट्रैक/यूएमबी के अधीन सरहिंद–दौलतपुर सेक्शन पर घनौली स्थित गिट्टी डिपो में बीजी ट्रैक के लिए 50000 घन मीटर 65 मिमी गेज मशीन से कुचले हुए पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, जिसे रेल से चलने वाले ट्रकों/बीओबी में विधिवत रूप से स्टैक करके लोड किया जाएगा। | ₹5,61,34,500/- | ₹4,30,700/- | 08 महीने | 25.11.2025 |
| 3. | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच–डीयूआई खंड पर एएचएच–केयूपी के बीच किमी 28/1–2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल–एचएसआर खंड पर जेपीएस–यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19–ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप–संरचना की जैकेटिंग। | ₹1,24,39,619/- | ₹2,12,200/- | 08 महीने | 25.11.2025 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइ ट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 39–अम्बाला/2025–26 दिनांकः 31.10.2025 3403/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

कुल्लू शाखाः–अखाडा बाजार, कुल्लू, हिप्र.–175101

**मांग सूचना**

**प्रतिभूति हित अधिनियम,2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण व प्रतिभूतिकरण की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना**

**दिनांकः 29.10.2025**

सेवा में,
**ऋणीः– (1) मेसर्स नेचर व्यू गेस्ट हाउस**, प्रोपराईटर–श्रीमती शांति देवी, गांव पाताल, पीओ देवहारी, तहसील सैंज, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश–175134
**(2) श्रीमती शांति देवी** पत्नी जामबल सिंह, वार्ड सं. 4, पीओ निरमंड, तहसील निरमंड, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश–172023

| ऋण सं./ऋण की प्रकृति | ऋण की राशि | तिथि पर ब्याज सहित देयताएं | ब्याज की दर |
|---|---|---|---|
| 170009051210/ एमएसएमई को लोन्स | रु. 50,00,000/- | रु. 45,18,451.49 तथा 28.10.2025 से आगामी ब्याज एवं लागत आदि | 12.55% |

उक्त कथित ऋण/ऋण सुविधाएं हमारे पक्ष में आपके द्वारा निष्पादित संबंधित दस्तावेजों के आधार पर निम्न अनुसूची में उल्लिखित अधिक विवर्णित परिसंपत्तियों की हाईपोथिकेशन द्वारा पूर्ववत सिक्योर्ड है। आप निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार अपनी देयताओं के भुगतान करने में असफल रहे हैं, बैंक ने ऋण 26.10.2025 को एनपीए के तौर पर वर्गीकृत किया है। इसलिए, हम एतदद्वारा सूचना की तिथि से साठ दिनों के भीतर आगामी ब्याज और आकस्मिक खर्चों एवं लागतों के साथ **रु.45,18,451.49 (केवल पैंतालीस लाख अठारह हजार चार सौ इकयावन रुपये एवं उनचास पैसे)** की पूर्ण देयता का भुगतान करने के लिए आपको आमंत्रित करते हुए विषय अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आपको यह सूचना जारी की है, जिसमें असफल रहने पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन किसी अथवा सभी अधिकारों का प्रयोग किया जाएगा।
आगे, आपको पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना किसी रूप में अनुसूची में उल्लिखित किसी सिक्योर्ड परिसंपत्ति के साथ लेन–देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है। यह कथित अधिनियम तथा/अथवा बल में किसी कानून के अधीन उपलब्ध किसी अन्य अधिकार से पूर्वाग्रह के बिना है।
आपका ध्यान सिक्योर्ड परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों से आमंत्रित किया जाता है।
यह मांग सूचना पंजीकृत डाक द्वारा शाखा रिकॉर्ड में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पतों पर भी जारी की गई है।

**विस्तृत विवरण (प्रतिभूति की अनुसूची)**

संपत्ति की मोर्टगेज का विवरणः– उस पर निर्मित और निर्मित किए जाने वाले भवन के साथ मोहाल मानयाशी पटवार सर्कल भनोगी, तहसील सैंज, जिला कुल्लू, हिप्र. में वर्ष 2018–19 के लिए जमाबंदी में प्रविष्ट और खसरा सं. 309, खाता खतौनी सं. 429/475 में सम्मिलित भूमि माप 2–4–0 बीघा के 2/11 हिस्से के तौर पर कुल भूमि माप 0–8–0 बीघा। शीर्षक धारक का नामः–श्रीमती शांति देवी पत्नी जामबल सिंह।

**दिनांकः** 01.11.2025 **स्थानः** कुल्लू (हिप्र.) **प्राधिकृत अधिकारी**

# पंजाब राजभवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत 8 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों का राज्यत्व दिवस भव्य रूप से मनाया

भारत की पहचान इसकी अनेकता में एकता में निहित, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने विशिष्ट योगदान से राष्ट्र निर्माण को सशक्त बना रहा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़, 31 अक्टूबर।** पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ के गुरु नानक देव सभागार में मंगलवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम के तहत 8 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यत्व दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश की एकता और विविधता का प्रतीक बना। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु सहित जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, लोकगीत और संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाले इन रंगारंग कार्यक्रमों ने 'विविधता में एकता' का सजीव संदेश दिया। अपने प्रेरक संबोधन में राज्यपाल श्री कटारिया ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने भारत के नागरिकों को एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा और उपलब्धियों को समझने का अवसर प्रदान किया है। राज्यपाल ने कहा, 'भारत की पहचान इसकी अनेकता में एकता में निहित है। प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने विशिष्ट योगदान से राष्ट्र निर्माण को सशक्त बना रहा है।'

इस अवसर पर उन्होंने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता आज भी देशवासियों को 'अखंड भारत' के निर्माण के लिए प्रेरित करती है।

राज्यपाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए इसे भारत की एकता, साहस और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही, उन्होंने सीमावर्ती राज्यों के लोगों और सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की। उन्होंने चंडीगढ़ के युवाओं द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवाओं की राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक योगदानों का भी उल्लेख किया जम्मू-कश्मीर की आध्यात्मिक विरासत, केरल की साक्षरता, पंजाब की वीरता, हरियाणा की खेल उपलब्धियां, कर्नाटक के शैक्षिक नवाचार और तमिलनाडु की वैज्ञानिक परंपरा का विशेष रूप से उल्लेख किया। राज्यपाल ने नागरिकों से भाईचारे, नशामुक्त समाज और सामूहिक प्रगति की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ÷आइए हम अपनी विविधता पर गर्व करें, इसे सम्मानपूर्वक संरक्षित करें और इसे एक मजबूत भारत की नींव बनाएं।÷ इस अवसर पर श्री कटारिया ने राजभवन परिसर में सीता अशोक का पौधा भी रोपा, जो शांति, समृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक झलकियां पेश कीं। समारोह में उपस्थित दर्शकों ने भारत की एकता और गौरव पर गर्व महसूस किया। कार्यक्रम में पंजाब के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियाँ, चंडीगढ़ की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पूर्व पर निकाला महान नगर कीर्तन



**चंडीगढ़/पंचकूला (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को समर्पित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला की ओर से दोपहर 1.00 बजे एक महान नगर कीर्तन आरम्भ किया गया। नगर कीर्तन के सबसे आगे पंज प्यारे चल रहे थे। नगर कीर्तन में गुरु नानक देव जी व दसों गुरुओं के जीवन पर आधारित झांकियां शामिल थीं। कीर्तनी जत्थे कीर्तन करते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन जिस क्षेत्र से भी गुजरा वहां का माहौल गुरुमय हो गया।नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला से शुरु होकर सेक्टर 7 ,8 ,9 ,10 ,11 , गुरुद्वारा सेक्टर 12, रैली चोक से होता हुआ गुरुद्वारा साहिब सेक्टर 15 में सम्पन हुआ । नगर कीर्तन में गुरु ग्रन्थ साहिब जी के साथ सुशोभित पालकी के इलावा गतका पार्टिया ,बैंड पार्टी,अलग अलग श्री सुखमनी साहिब सोसाइटीयां, मनीमाजरा ,चंडीगढ़ , मोहाली, बलटाना और जीरकपुर से संगत और स्कूलों के बच्चे ने विशेष तोर पर भाग लिया।

### चंडीगढ़ के डीजीपी व पंजाब यूनिवर्सिटी के एलुमनी सागरप्रीत हुड्डा का खुलासा

# पीयू में पहला प्यार कैंपस से, दूसरा लडक़ी से हुआ जो जीवनसाथी बनी

एक लेन में तीन-तीन वाहन को लेकर, यूके आर्मी कैप्टन ने उठाए सवाल, डीजीपी बोले, करेंगे लोगों को जागरूक

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** चंडीगढ़ के डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा ने अपने छात्र जीवन की यादें ताजा करते हुए कहा कि कि वे 1989 में पंजाब यूनिवर्सिटी आए थे और आठ वर्षों तक यहां रहे। सोशोलॉजी विभाग से उन्होंने एमए करने के बाद पीएचडी की। पीयू के बाद भी कई यूनिवर्सिटियों में गये लेकिन पंजाब यूनिवर्सिटी जैसा किसी को नहीं पाया। उन्होंने कहा जब वह पंजाब यूनिवर्सिटी में पढऩे आए तो उस वक्त कैंपस बेहद हरा-भरा और शांत था। हॉस्टल जीवन में सादगी थी, बातचीत के लिए समय था और दोस्ती में अपनापन था। यूनिवर्सिटी में ही हर चीज मिल जाती थी क्योंकि सोशोलॉजी विभाग, मार्केट, लाइब्रेरी, पीजीआई के पराठे, सब कुछ चंद मीटर की दूरी पर थे। सेक्टर 15 में जाने की एक रिवायत थी क्योंकि उस वक्त सोशल मीडिया नहीं होता था और यार-दोस्तों से मिलने व कम्यूनिकेशन का एक ही जरिया था, पीयू के साथ सटा सेक्टर 15 जहां विभिन्न विभागों के छात्र व छात्राएं मिल जाती थी। दुख सुख सांझा हो जाता था। उन्होंने कहा कि उन्हें पंजाब यूनिवर्सिटी में दो प्रेम हुए, एक यूनिवर्सिटी कैंपस से जबकि दूसरा एक लडक़ी से जो बाद में उनकी पत्नी बनी। उन्हें अपना जीवनसाथी यहीं से मिला। सागरप्रीत हुड्डा पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस की एलुमी मीट में पहुंचे थे। एलुमनी मीट में न्यायमूर्ति स्वतंत्र कुमार (पूर्व न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट), प्रोफेसर नीलम मानसिंह चौधरी, कैप्टन आचार्य कृष्णकांत अत्री और डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा समेत कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र शामिल हुए। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया।

उधर पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ कैंपस में आयोजित छठी ग्लोबल एलुमनी मीट के दौरान ट्रैफिक अनुशासन का मुद्दा चर्चा का विषय बन गया। यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र और यूके आर्मी में कैप्टन आचार्य कृष्णकांत अत्री (एमबीई) ने चंडीगढ़ की ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की सडक़ों पर एक लेन में तीन-तीन वाहन चलते हैं, जिससे ड्राइविंग करना चुनौती बन गया है। अत्री ने कहा कि जब मैं एयरपोर्ट से यूनिवर्सिटी आया, तो देखा कि ट्रैफिक में कोई अनुशासन नहीं है। शुक्र है, मेरा ड्राइवर बगैर किसी गाली-गलौच या टक्कर के मुझे सुरक्षित यहां तक ले आया। अगर मुझे खुद गाड़ी चलानी पड़ती, तो मेरे हाथ खड़े हो जाते। कैप्टन अत्री, इस समय यूनाइटेड किंगडम में हिंदू चैपलिन के रूप में कार्यरत हैं, ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से जो शिक्षा पाई, वही उनकी सफलता की नींव बनी। उन्होंने कहा, अगर शिक्षा चाहिए तो सुख त्यागो, और अगर सुख चाहिए तो शिक्षा को छोड़ दो। उन्होंने यह भी बताया कि पढ़ाई के दिनों में वे सादगी से जीवन जीते थे। न रजाई थी, न तकिया। अपने कुर्ता-पायजामा को ही तकिया बना देते थे और नीचे बिछाने वाली दरी ओढक़र सर्दी काटी जाती थी। कार्यक्रम में मौजूद डीजीपी चंडीगढ़ डॉ. सागरप्रीत हुड्डा ने कहा कि ट्रैफिक अनुशासन सुधारना पुलिस की प्राथमिकता है। हम लोगों को लेन में चलने के लिए जागरूक करेंगे और शहर के कुछ हिस्सों को नो-व्हीकल ज़ोन बनाने की दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस ट्रैफिक, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के प्रयास कर रही है। हमने अपने शहर को स्मार्ट ही नहीं, बल्कि अनुशासित भी बनाना है।

### देश विदेश में पीयू एलुमनी की धूमः प्रो. रेनु विग

पंजाब यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. रेनु विग ने यूनिवर्सिटी की रैंकिंग इत्यादि का ब्यौरा देते हुए कहा कि इसमें लगातार उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। फैकल्टी व स्टाफ की वजह से यह संभव हो पा रहा है। यूनिवर्सिटी ने पहले पांच एलुमनी मीट आयोजित की है। छठी एलुमनी मीट भी बहुत खास है। कई बड़ी शख्सियतें अपनी जड़ों को लौटी हैं जिसका उन्हें गर्व है। उनमें अपनी यूनिवर्सिटी को लौटाने की तमन्ना है। देश दुनिया में पंजाब यूनिवर्सिटी के एलुमनी की धूम है। डीन एलुमनी रिलेशंस प्रो. लतिका ने कहा कि अपने अल्मा मैटर से पीयू एलुमनी का जुडऩा अपने आप में गर्व की बात है। यूनिवर्सिटी ने उन्हें जो दिया, उसके बदले बहुत कुछ लौटाना चाहते हैं। कई एलुमनी ने पीयू के लिये पहले असाधारण सहयोग भी दिया।

# सीएच01-डीबी सीरीज़ की ई-नीलामी ने तोड़ा रिकॉर्ड चंडीगढ़ को मिला 2.71 करोड़ से अधिक का राजस्व

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** चंडीगढ़ प्रशासन के पंजीयन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने एक बार फिर फैंसी वाहन नंबरों की ई-नीलामी से लोगों की दीवानगी का फायदा उठाया है। नई श्रृंखला सीएच01-डीबी की तीन दिवसीय ऑनलाइन नीलामी, जो 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक चली, ने प्रशासन के खजाने में कुल 2 करोड़, 71 लाख 57 हजार (2,71,57,000) रुपये जोड़े हैं। यह राशि पिछले कई महीनों की नीलामियों से भी प्रभावशाली साबित हुई है, जो चंडीगढ़ के विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। नीलामी में सीएच01-डीबी श्रृंखला के 0001 से 9999 तक के फैंसी और पसंदीदा नंबरों के अलावा पिछली श्रृंखलाओं के कुछ अवशेष विशेष नंबर भी शामिल थे। सबसे ज्यादा उत्साह सीएच01-डीबी-0001 नंबर पर देखा गया, जिसकी सर्वोच्च बोली 22 लाख, 58 हजार रुपये (22,58,000 रुपये) लगी। इसके बाद सीएच01-डीबी-0007 नंबर ने 10,94,000 रुपये की दूसरी सबसे ऊँची बोली हासिल की। ये आंकड़े साफ बता रहे हैं कि शहर के अमीर वर्ग में स्टेटस सिंबल के रूप में फैंसी नंबर्स की मांग कभी कम नहीं हो रही बल्कि इसमें तेजी से इजाफा ही हो रहा है। पिछली नीलामियों की तुलना करें तो यह सीरीज़ भी कमाल कर गई। अगस्त 2025 में सीएच01-डीए श्रृंखला की नीलामी से 4.08 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी, जिसमें 0001 नंबर 36.4 लाख रुपये में बिका था। वहीं, सितंबर 2025 की सीएच01-सीएक्स श्रृंखला में 0001 नंबर मात्र 20.70 लाख रुपये में गया। इन आंकड़ों से जाहिर है कि ई-नीलामी का क्रेज लगातार बढ़ रहा है, और चंडीगढ़ प्रशासन इसे सडक़ विकास, ट्रैफिक प्रबंधन तथा सार्वजनिक परिवहन जैसी योजनाओं के लिए उपयोग कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह राजस्व शहर की बेहतरी के लिए सीधे योगदान देगा। यदि आप भी अगली नीलामी में हिस्सा लेना चाहें, तो पंजीयन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण की वेबसाइट पर नजर रखें।

# पंजाब के आईएएस अधिकारी राजीव कुमार गुप्ता को पंजाब यूनिवर्सिटी ने दिया 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवार्ड'

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** पंजाब कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव कुमार गुप्ता को आज पंजाब यूनिवर्सिटी के ग्लोबल अलुमनी मीट में 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनस अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

गुप्ता ने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से बी.ई. और पंजाब विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. की डिग्री हासिल की है। वर्तमान में वे पंजाब में लेबर कमिश्नर क्यूंम डायरेक्टर फैक्ट्रीज और डायरेक्टर ट्रांसपोर्ट के पद पर कार्यरत हैं। अपने प्रशासनिक करियर में गुप्ता ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें मुख्य प्रशासक, जीएमएडीए, डायरेक्टर ऑफ हायर एजुकेशन, पंजाब, मैनेजिंग डायरेक्टर, पंजाब स्टेट एग्रीकल्चर डेवलपमेंट बैंक, और अतिरिक्त उप-कमिश्नर, एसएएस नगर, रोपड़ और चंडीगढ़ शामिल हैं।

उनके नेतृत्व में मोहाली जिला 2019ङ्ग20 में रोजगार सृजन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला बना, जबकि चंडीगढ़ को स्वच्छता और ई-गवर्नेंस के लिए पुरस्कार मिले। इसके अलावा उनके विभाग को 2024 का स्कोच गोल्ड अवार्ड भी प्राप्त हुआ, जो निर्माण श्रमिकों की भलाई में उत्कृष्टता के लिए दिया गया।

राजीव कुमार गुप्ता ने शहरी कचरा प्रबंधन, ई-गवर्नेंस, जेल सुधार और नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अपने लेखन और अनुसंधान से शासन और प्रशासन में योगदान दिया है।

### पंजाब विश्वविद्यालय में छठा ग्लोबल एलुमनी मीट

# पूर्व छात्रों का गौरवपूर्ण जमावड़ा, ज्ञान और बंधनों का अनोखा उत्सव

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित पंजाब विश्वविद्यालय ने आज अपने छठे ग्लोबल एलुमनी मीट का भव्य आयोजन किया, जहां सैकड़ों पूर्व छात्रों ने अपनी जड़ों से जुड़ने का दुर्लभ अवसर पाया। यह मीट न केवल पुरानी यादों का संग्रह था, बल्कि विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पों का मंच भी साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस स्वतंत्र कुमार, चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हूडा, पद्म से सम्मानित प्रो. (डॉ.) नीलम मानसिंह चावला और यूके की एचएम फोर्सेज के हिंदू चैपलेन आचार्य कृष्णकांत अत्री (एमबीई) जैसे ख्यातिनाम पूर्व छात्रों की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में करीब 1000 पूर्व छात्र, संकाय सदस्य, वर्तमान छात्र, पूर्व और वर्तमान कुलपति, प्रशासनिक अधिकारी, पेशेवर, उद्यमी तथा एनआरआई शामिल हुए। सभी ने अपने छात्र जीवन की अमिट यादें साझा कीं और विश्वविद्यालय के विकास में सक्रिय योगदान देने का वादा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण, विश्वविद्यालय गान और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें कुलपति प्रो. रेणु विग और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। समापन डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शंस प्रो. योजना रावत के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. रेणु विग ने वैश्विक एलुमनी नेटवर्क के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूर्व छात्रों की बदौलत यूआईईटी में एआई डेटा सेंटर, जूलॉजी ऑडिटोरियम, यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल की आधुनिक सुविधाएं तथा बायोफिजिक्स, ह्यूमन जीनोम स्टडीज, डिफेंस और कंप्यूटर साइंस जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र स्थापित हो सके हैं।

### यह स्थान पीढ़ियों का संगम

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज स्वतंत्र कुमार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज स्वतंत्र कुमार ने भावुक होकर कहा, 'यह स्थान पीढ़ियों का संगम है, जहां चरित्र निखरता है। विश्वविद्यालय में प्रवेश मात्र पढ़ाई का सौभाग्य नहीं, बल्कि जीवनभर का गौरव है।' वहीं, चंडीगढ़ डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हूडा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए एलुमनी से वित्तीय, बौद्धिक और सामाजिक योगदान की अपेक्षा जताई। आचार्य कृष्णकांत अत्री ने जोर देकर कहा, ॠमहिलाओं का सम्मान जहां होता है, वहां सफलता की गारंटी है; अन्यथा विफलता निश्चित है। पद्म श्री प्राप्त प्रो. नीलम मानसिंह चावला ने अपने थिएटर और कला के सफर को याद करते हुए बताया कि पीयू ने उन्हें कला को समर्पण और गंभीरता से अपनाने की प्रेरणा दी। अन्य प्रमुख पूर्व छात्रों जैसे अनिरुद्ध सरस्वत, डॉ. अमरेन्द्र बेहरा, जैस्मिन राणा, मनीष जिंदल और तरुण जैन ने शिक्षा, मेंटरशिप, नवाचार तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी नई पहलों की घोषणा की। गोल्डन, सिल्वर और डिस्टिंग्विश्ड बैच के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। विशेष रूप से, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना सहित कई एलुमनी के वीडियो संदेशों ने माहौल को और जीवंत बना दिया।

प्रो. विग ने गर्व से कहा कि विश्वविद्यालय की 51 फैकल्टी सदस्य विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शुमार हैं और इस वर्ष 33 पेटेंट दायर किए गए हैं।

उन्होंने एलुमनी से स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश और मेंटरशिप के लिए अपील की, ताकि युवा पीढ़ी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

# निगम सदन: कार्यवाही का आमजन के लिए होगा सीधा प्रसारण

मेयर ने नगर प्रशासक को पत्र लिखकर की थी मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम की आगामी 3 नवंबर को होने वाली हाउस मीटिंग की कार्यवाही का आमजन के लिए सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसकी प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

इस मामले में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया है। इसके लिए शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने नगर प्रशासक को पत्र लिखकर सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने की मांग की थी। अपने पत्र में मेयर ने कहा था कि इससे पूर्व भी सदन की कार्रवाई का सीधा प्रसारण होता था। किंतु बाद में उसे बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा है कि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण होता है।

इसके पूर्व की बैठकों में जमकर हंगामें होते रहे। विपक्षी पार्षदों के हंगामे पर मार्शलों से मेयर ने उन्हें बाहर निकलवाया था। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये थे और एक दूसरे को गलत बताया। अब सीधा प्रसारण होता है तो लोगों को स्वयं ही सदन की पूरी कार्यवाही दिखती रहेगी। उनके एरिया पार्षद ने अपने क्षेत्र से जुड़े कौन से मुद्दे सदन में उठाये यह भी पता चलेगा।

### पार्षद बोलने में बदलेंगे नियम

बता दें कि इस कार्यवाही से एक लाभ यह होगा कि निगम सदन की बैठकों में पार्षद अपनी बातें सोच संभल कर और संयम के साथ रखने का प्रयास करेंगे, दूसरे यदि पूर्ववत शोरशराबा होता रहा तो इससे सदन की गरिमा और मर्यादा की धज्जियां भी उड़ सकती हैं। फिलहाल यह तो 3 नवंबर को ही पता चल पायेगा।

# हेरोइन की सप्लाई करने और विवाह समारोहों में मजदूरी का काम करने वाले आरोपी को किया काबू

### आरोपी के कब्जे से 12.72 ग्राम हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मनी माजरा पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने और विवाह समारोहों में मजदूरी का काम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान मणिमाजरा के रहने वाले जगतार सिंह उर्फ मिंटू के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 12.72 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मनी माजरा के प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम में शामिल एसआई तेजिंदर सिंह अन्य पुलिस पार्टी के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस उपल मार्बल के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार एर रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12.72 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को फिर बड़ी सफलता

# चाकू रखने के मामले में आरोपी काबू, चाकू बरामद

आरोपी के खिलाफ पहले भी अलग अलग 4 मामले दर्ज पाए गए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** यूटी साउथ डिविजन की हरदम से मुस्तैद एक्टिव रहने वाली थाना 31 पुलिस को फिर आज एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चाकू रखने के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान हल्लो माजरा निवासी 23 बीरू उर्फ कांचा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम वीरवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब शाम 7 बजे का होगा।पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस घर की बाहर साइड पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ।

पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले भी अलग अलग 4 मामले दर्ज पाए गए हैं।

बता दें कि थाना पुलिस की टीम ने इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायकि हिरासत में भेज दिया।

सम्पादकीय

# हरियाणा की विकास यात्रा से प्रत्येक नागरिक हो रहा गौरवान्वित

हरियाणा का शाब्दिक अर्थ है हरि का आणा। इस हरित प्रदेश में भगवान ने जहां अपने चरणकमल रखे वहीं इसी प्रदेश की धरा से गीता का महान ज्ञान भी विश्व को प्रदान किया। हरियाणा वह प्रदेश है, जिसने एक व्यक्ति की भांति अनेक उतार-चढ़ाव अपनी जिंदगी में देखे हैं। पंजाब से विभाजन से पहले हरियाणा एक उपेक्षित इलाका था और यहां के लोग विकास की लौ के जलने का इंतजार कर रहे थे और एक नवंबर 1966 को वह दिन आया था, जब इस इलाके का नाम हरियाणा हुआ और इसके बाद इसने विकास के वे कीर्तिमान गढ़े जिन्होंने आज इसे विकसित राज्यों की श्रेणी में सबसे ऊपर ला दिया है। निश्चित रूप से हरियाणा की यह विकास यात्रा गौरवपूर्ण और ऐसी वीरगाथा है, जिस पर प्रत्येक हरियाणवी का सीना खुशी और आत्मविश्वास से चौड़ा हो जाता है। हरियाणा के निर्माण के 59 सालों में लगभग हर दिन इस प्रदेश ने विकास के नए पायदान चढ़े हैं, जितने भी राजनीतिक दलों ने इस प्रदेश की सत्ता को संभाला, उन्होंने इसकी विकास यात्रा में अपना योगदान दिया। बेशक, प्रदेश के इतिहास में अनेक काले अध्याय भी जुड़े हैं, जिन्होंने इसकी महिमा और गौरव को कलंकित करने का काम किया, लेकिन यही समय है। तमाम मुश्किलों, अड़चनों, बाधाओं के बावजूद हरित प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है।

**मौजूदा सरकार के वक्त कृषि क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है और राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी मिल रही है। सभी मेडिकल कॉलेजों और नागरिक अस्पतालों में डायलिसिस की निश्शुल्क सुविधा देने वाला हरियाणा पहला राज्य बना है। नायब सरकार ने अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिलवाया है। इसके लिए राज्य में अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति वर्ग में वर्गीकृत किया गया। राज्य में सरकारी योजनाओं में जनता को आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए शिविरों की शुरुआत की गई, जिनमें 96 हजार शिकायतें आईं और 75 हजार से ज्यादा का समाधान कराया गया। फसल बेचने के बाद किसानों को पैसा उनके खातों में भेजने की अवधि 72 घंटे से कम कर 48 घंटे कर दी गई है।**

हरियाणा ने जहां अपनी स्थापना का एक और वर्ष पूरा किया है, वहीं बीते दिनों ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपनी स्थापना का एक वर्ष विकास की बयार बहाते हुए पूरा किया है। मौजूदा सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में तमाम ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे प्रदेश की जनता का जीवन सुगम हुआ है। प्रदेश में पहली नवंबर से लाडो लक्ष्मी योजना का सूत्रपात हो चुका है और अब प्रत्येक माह जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को 2100 रुपये का शगुन मिलेगा। वहीं बुजुर्गों को 3200 रुपये की बढ़ी हुई पेंशन का लाभ भी मिलना आरंभ होगा। मौजूदा सरकार ने ही बुढ़ापा, विधवा, दिव्यांग और विशेष श्रेणी के लाभार्थियों के लिए राशि में इजाफा किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते एक वर्ष में अपने लगभग सभी वादों को पूरा किया है, वहीं अन्य नवीन योजनाओं के माध्यम से जनता की सेवा में खुद को समर्पित किया है। सरकार 8547 जरूरतमंद परिवारों को सौ गज के प्लाट भी आवंटित कर चुकी है।

मौजूदा सरकार के समय में प्रदेश में सरकारी नौकरियों की नीलामी बंद हुई है। यह इस प्रदेश के लिए एक बुरा वक्त था, जब राज्य के मुखिया पर ही पैसे लेकर नौकरी देने के आरोप लगे थे और उसके बाद सजा भी हुई। यह सरकारी सिस्टम का वह नाकामी वाला दौर था, जिसने प्रदेश की छवि को दागदार कर दिया था, हालांकि भाजपा ने साल 2014 में अपनी सरकार बनाने के बाद इस दाग को धोने का पूरा प्रयास किया और इसमें कामयाबी भी हासिल की। राज्य में अब बगैर पर्ची और खर्ची दिए नौकरियां मिल रही हैं और यह पूरे प्रदेश की जनता को भा रहा है। निश्चित रूप से प्रदेश की विकास यात्रा में यह उल्लेखनीय पड़ाव है, क्योंकि युवाओं का शिक्षा पर भरोसा तभी कायम होगा, जब उन्हें इसका विश्वास भी होगा कि डिग्री लेने के बाद उन्हें उनकी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिलेगा, कोई दूसरा पैसे की खनक के बूते उसे चोरी नहीं कर ले जाएगा।

मौजूदा सरकार के वक्त कृषि क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है और राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी मिल रही है। सभी मेडिकल कॉलेजों और नागरिक अस्पतालों में डायलिसिस की निश्शुल्क सुविधा देने वाला हरियाणा पहला राज्य बना है। नायब सरकार ने अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिलवाया है। इसके लिए राज्य में अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति वर्ग में वर्गीकृत किया गया। राज्य में सरकारी योजनाओं में जनता को आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए शिविरों की शुरुआत की गई, जिनमें 96 हजार शिकायतें आई और 75 हजार से ज्यादा का समाधान कराया गया। फसल बेचने के बाद किसानों को पैसा उनके खातों में भेजने की अवधि 72 घंटे से कम कर 48 घंटे कर दी गई है। निश्चित रूप से हरियाणा बदल गया है, लेकिन यहां अपराध में बढ़ोतरी चिंताजनक है। भाईचारे को ठेस पहुंची है, महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। पुलिस तंत्र पर सवाल उठे हैं वहीं राजनीति भी स्तरहीन हुई है। हरियाणा को ऐसी बुराइयों से बाहर आना होगा, जो उसके वर्तमान और भविष्य को कुंठित कर रही हैं। गीता के ज्ञान को हमें साकार करना होगा और इसके प्रयास होंगे तो ऐसा सहज संभव है। एक जनआकांक्षी एवं जनकल्याणकारी सरकार ही प्रदेश को आगे ले जाएगी।

# दलहन आत्मनिर्भरता मिशन: किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में देश का बड़ा प्रयास

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

दलहन, भारत की खाद्य और कृषि परंपराओं का एक अभिन्न अंग हैं, जो नागरिकों की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ करोड़ों किसानों को आजीविका भी प्रदान करती हैं। दलहन, स्वास्थ्यप्रद होने के साथ-साथ प्रोटीन का भी एक प्रमुख स्रोत हैं। प्रधानमंत्री जी ने 11 अक्टूबर, 2025 को वर्ष 2030-31 तक दलहन आत्मनिर्भरता में वृद्धि करने हेतु 11,440 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री जी ने कहा, 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का उद्देश्य न सिर्फ दाल उत्पादन में वृद्धि करना है, अपितु पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाना भी है।

मिशन का उद्देश्य, उच्च उपज वाले बीजों और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ-साथ दलहन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए पोषण सुरक्षा प्राप्त करने पर केन्द्रित है।

**दलहन उत्पादन की चुनौतियां:** भारत में फसल वर्ष 2014-2016 के दौरान दलहन उत्पादन कम हुआ, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप, दलहन उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

यद्यपि घरेलू दलहन उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है फिर भी दलहन की खपत आपूर्ति से अधिक बनी हुई है, जिसके फलस्वरूप समय-समय पर दालों के आयात की आवश्यकता पड़ती है। लंबे समय से आ रही आयात की चुनौतियों को दूर करने हेतु दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। **अधिकांशतः** वर्षा सिंचित दलहन फसलें अनियमित वर्षा और सूखा, दोनों ही स्थितियों से प्रभावित होती हैं। मौसम संबंधी अनिश्चितताओं के अलावा, कीटों और रोगों का खतरा तथा उन्नत बीजों की सीमित उपलब्धता के कारण कम उत्पादकता भी दलहन के उत्पादन को प्रभावित करती है।

'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' में पाँच वर्षों की लक्षित अवधि के भीतर भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने की अपार क्षमता है। इस मिशन का उद्देश्य उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि करके इन चुनौतियों का सामना करना है इसमें दलहन की खेती किसानों के लिए अधिक लाभदायक और विश्वशनीय बनेगी साथ ही साथ राष्ट्र के लिए एक स्थाई और प्रोटीन युक्त खाद्य स्रोत सुनिश्चित होगा।

**दलहन में आत्मनिर्भरता हेतु रणनीति:** दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, बीज से लेकर बाजार तक, एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए इस अंतर को कम करने का प्रयास करता है, जिससे अंततः उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह मिशन, प्रभावी कार्यान्वयन और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों की अधिक भागीदारी के साथ एक क्लस्टर-आधारित कार्यनीति का पालन करेगा। लक्षित उपायों के साथ क्षेत्र और उपज क्षमता के आधार पर फसल विशिष्ट क्लस्टर विकसित किये जाएंगे।

इस मिशन के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह जैसे संस्थानों की मदद से अधिक उपज



वाले, जलवायु-सहिष्णु और उच्च तापमान प्रतिरोधी बीज विकसित किए जाएंगे। यह मिशन, एक प्रभावी बीज श्रृंखला के माध्यम से अधिक उपज देने वाली किस्म के बीजों के उत्पादन और वितरण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इससे गुणवत्तापूर्ण ब्रीडर, फाउंडेशन और प्रमाणित बीजों की किसानों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विभागों द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों से अवगत कराया जाएगा। लक्षित चावल परती भूमि में संभावित विस्तार, फसल विविधीकरण और अंतर-फसली के जरिए दलहन की खेती के अंतर्गत क्षेत्र विस्तार में सहायता मिलेगी।

**आत्मनिर्भर दलहन की दिशा में सशक्त पहल:** फसलोपरांत नुकसान को कम करने और किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में सहायता हेतु देशभर में 1000 प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जाएँगी। आगामी चार वर्षों तक सभी पंजीकृत और इच्छुक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। आशा है कि इन प्रयासों से किसानों में विश्वास बढ़ेगा, कीमतों में स्थिरता आएगी और सतत आय सुनिश्चित होगी। ऐसे सकारात्मक प्रयास, अधिक से अधिक किसानों को दलहन की खेती करने तथा क्षेत्र विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित कर, दलहन की खेती में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं। यह मिशन अधिक उत्पादन और उचित मुनाफा सुनिश्चित कर, दलहन की खेती करने वाले किसानों में विश्वास जागृत करेगा और देश के प्रोटीन-आधार को सुदृढ़ बनाएगा।

इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक, दलहन की खेती के क्षेत्रफल को वर्ष 2023-24 में 275 लाख हेक्टेयर के मुकाबले बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना और उत्पादन को 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करना तथा दलहन उत्पादकता के स्तर को 881 किग्रा/हेक्टेयर से बढ़ाकर 1130 किग्रा/हेक्टेयर करना है। इस मिशन से सीधे तौर पर लगभग 2 करोड़ किसानों को सीधे लाभान्वित होने की आशा है।

उत्पादन लक्ष्यों से परे, इस मिशन में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सतत और जलवायु-अनुकूल कृषि को अपनाने की परिकल्पना की गई है, जिससे जल संरक्षण होगा और नाइट्रोजन स्थिरीकरण के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य समृद्ध होगा तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी।

**खेत-खलिहानों में हरियाली, भविष्य में खुशहाली:** सरकार का लक्ष्य, इस मिशन को सूक्ष्म सिंचाई, मशीनीकरण, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी तत्कालीन योजनाओं से जोड़कर, दीर्घकालिक स्थिरता के लिए सहक्रिया और संयोजन को बनाना है। इसके अतिरिक्त, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और संपूर्ण दलहन मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने में सहायता की जाएगी।

यह मिशन, भारत के विज़न 2047 के अनुरूप है, जो खाद्य-सुरक्षा, सतत और आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र की परिकल्पना करता है। किसानों को बेहतर बीज, सुनिश्चित बाज़ार और आधुनिक तकनीक प्रदान कर, सरकार एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है, जो किसान और मिट्टी दोनों को महत्व देती है।

जैसे-जैसे भारत दलहन में आत्मनिर्भरता के निकट पहुँच रहा है, यह मिशन खाद्य और पोषण सुरक्षा की दिशा में देश की यात्रा का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। अंततः दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन फसलों में निवेश से कहीं अधिक है, यह आत्मविश्वास में निवेश हैः किसानों का आत्मविश्वास जो अब इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि उनकी उपज का मूल्य और भविष्य दोनों सुरक्षित हैं।

**लेखक- डॉ. देवेश चतुर्वेदी, सचिव और श्री संजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### 8वीं पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित

नई दिल्ली। भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी को आज उनकी 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सारा राष्ट्र भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज ही के दिन 8 बरस पूर्व सन 84 में हत्यारों ने उनके शरीर को गोलियों का निशाना बनाया था। हत्यारे उनके अपने ही अंगरक्षक थे। आज सुबह इंदिरा गांधी की समाधि शक्ति स्थल व ए मफदगंज पर भजन कीर्तन के बीच उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने शक्ति स्थल जाने वालों में राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, उपराष्ट्रपति के.आर. नारायण, प्रधानमंत्री नरसिंह राव, उनकी पुत्र वधुएं, पौत्र राहुल, वरुण व पौत्री प्रियंका तथा भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल शामिल है। शाम को प्रधानमंत्री परम धाम आश्रम को राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से भी सम्मानित करने जा रहे है। यहां इंदिरा की याद में एक फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित हुई। कांग्रेस आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विभिन्न आयोजन कर रही है। इनमें रैलियां, रक्मतदान शिविर समारोह आदि शामिल है।

### पंजाब में फिर जुनूनी प्रहार!

चंडीगढ़। कांग्रेस वाली बेअंत सरकार बनने के बाद पंजाब प्रांत में क्या परिवर्तन आया, यह तो राजनीतिक लोग ज्यादा अच्छी तरह जानते है। हकीकत तो यह है कि राजनीतिक प्रक्रिया बहाल होने के अलावा कोई परिवर्तन नहीं आया। दरअसल वो अभी तक परिवर्तित नहीं हो पाया है, जो होना चाहिए था-दहशतगर्दी का माहौल, खून का बेवजह बहाया जाना गोलियों की गूंज मुठभेड़ और जवानी इंतकाम! ,ऐसे ही जवाबी इंतकाल भरा वाक्या गत देर रात जगराओ पुलिस जिला में हुआ, जब 17 मजदूरों को गोलियों से पलों में भून डाला गया और दरिंदगी का सबूत तो यह है कि 17 निर्दोष मजदूर तब नींद की आगोश में थे। उन्हें क्या मालूम होगा कि टिटूरती ठंड में बस में पड़े वह जो सपने ले रहे है, वह उनके अंतिम सपने होंगे। अधिकारियों के हाथों से निकल सत्ता की ताकत राजनेताओं के हाथ आ गयी। सत्ता हस्तांतरित होने के बाद यह फर्क पड़ा कि खाड़कू गतिविधियों पर जिनमें जो नवयुवक शोकिया भी घुसपैठ कर जाते थे, उन पर बंदिश लग गयी। लेकिन मुठभेड़ों का दौर आज तक नहीं रुका। महीने में दो तीन बार तीस चालीस खाड़कू आत्म समर्पण कर देते है। कई कट्टर, दुर्दांत, खूंखार, कुख्यात खाड़कू भी मारे गये है। लेकिन कल रात दहशत और वहशत का जो मिला जुला अंगार बरसा वो बताता है कि खाड़कू अभी देवे नहीं है। जो दौर दस वर्ष पहले शुरु हुआ था, वो थमा नहीं है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

- 1534 चौथे सिख गुरु रामदास का जन्म हुआ।
- 1712 सूरीनाम सरकार ने फ्रांसीसी अपहरणकर्ता जैक्स कुसार्ड को 682,800 रुपये दिये।
- 1721 महान पीटर वास्तुकार को रूस का पहला सम्राट घोषित किया गया, यह रूसी साम्राज्य के 176 वर्षीय ताराडम के स्थान पर था।
- 1749 इंग्लिश ओहियो ट्रेड कंपनी को पहला व्यापारिक केंद्र बनाया गया।
- 1772 बोस्टन- अंग्रेजी विरोधी पत्राचार समिति का गठन किया गया।
- 1795 कुराकाओ सरकार ने रविवार को दास प्रथा से इनकार किया।
- 1835 द्वितीय सेमिनोल युद्ध ओसियोला में शुरू हुआ।
- 1835 दूसरा सेमिनोल युद्ध फ्लोरिडा के ओसियोला में मूल अमेरिकियों के विभिन्न गुटों के बीच शुरू हुआ था। इस युद्ध को फ्लोरिडा युद्ध के नाम से भी जाना जाता है।
- 1852 फ्रैंकलिन पियर्स संयुक्त राज्य अमेरिका के 14वें राष्ट्रपति चुने गए।
- 1884 तिमिसोआरा यूरोप का पहला शहर बन गया जिसकी सड़कें बिजली की रोशनी से जगमगा रही थीं।
- 1889 डकोटा क्षेत्र संयुक्त राज्य अमेरिका का एक संगठित क्षेत्र था, जो विभाजित होकर उत्तर और दक्षिण डकोटा राज्य बन गया।
- 1892 फ्रांसीसी कवि पॉल वर्लीन ने नीदरलैंड की यात्रा की।
- 1898 थियोडोर हर्ज़ल ने यरूशलेम की यात्रा की।
- 1898 संगठित चीयरलीडिंग का जन्म मिनेसोटा विश्वविद्यालय में हुआ, जब एक छात्र जॉनी कैम्पबेल ने एक भीड़ को अमेरिकी कॉलेज फुटबॉल खेल में भाग लेने के लिए निर्देशित किया।
- 1914 ब्रिटेन ने साइप्रस को अपने साम्राज्य में शामिल कर लिया।
- 1917 ब्रिटिश विदेश सचिव आर्थर बालफोर ने बालफोर घोषणा जारी करते हुए फिलिस्तीन में यहूदी मातृभूमि की स्थापना के लिए ब्रिटिश समर्थन की घोषणा की।
- 1931 ड्यूपॉन्ट कंपनी ने सिंथेटिक रबर के निर्माण की घोषणा की।
- 1936 बी.बी.सी. ने विश्व का पहला उच्च रक्तचाप टेलीविजन कार्यक्रम प्रसारित किया।
- 1942 बी.बी.सी. ने कनाडा में फ्रेंच भाषा का प्रसारण शुरू किया।
- 1949 नीदरलैंड ने इंडोनेशिया को एक स्वायत्त राज्य के रूप में मान्यता दी।
- 1950 जॉर्ज बर्नार्ड शॉ का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- 1953 पाकिस्तान आधिकारिक तौर पर इस्लामी गणराज्य बन गया।
- 1959 एम1 मोटरवे का पहला खंड, जो ब्रिटेन में अपने प्रकार का पहला है, दो मोटरवे स्पर्स (सेंट एल्बंस से एम10 मोटरवे) और (एम45 मोटरवे साइबैंट्री) के बीच वाटफोर्ड और क्रिक/रग्बी के बीच खोला गया है।
- 1963 दक्षिण वियतनाम के राष्ट्रपति अंगो दीन्ह डिम की हत्या कर दी गई, जो डुओंग वान मिन्ह के नेतृत्व में तख्तापलट की परिणति थी।

## बोल ब्यूटीफुल

**शेखर गुप्ता:** आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में महिला टीम ने 339 रनों के लक्ष्य का पीछा कर लिया। भारतीय टीमों ने कभी ऐसा करिश्मा नहीं किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम केवल देश के लिए ही नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट के लिए एक वरदान है।



**मिलिंद देवड़ा:** कई बच्चों को बंधक से बचाने में मुंबई पुलिस ने अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया। सबसे अच्छी बात यह रही कि इस पूरे प्रकरण में किसी भी बच्चे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अपहरणकर्ता को अगर कोई शिकायत थी भी तो बच्चों को अगवा करना उसका समाधान नहीं था। पुलिस ने अपनी समझ और साहस से एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया।



**समीप राजगुरु:** समय आ गया है कि यशस्वी जायसवाल को भारत की टी-20 टीम में नियमित रूप से खिलाया जाए। उनकी अभिषेक शर्मा के साथ सलामी जोड़ी बने और गिल को नंबर तीन पर उतारा जा सकता है।

**हरियाणा की स्थापना दिवस पर खास**

# 59 साल बाद भी नहीं मिल पाया हरियाणा को अलग हाईकोर्ट

## अपनी नहीं है कोई राजधानी, नहीं मिल पाया हरियाणावीं को पर्याप्त सम्मान

म्हारा हरियाणा इब 59 साल का होग्या से। देसा मा देश हरियाणा दूध दही का खाना। इस हरित प्रदेश पर लालों की नजरें इनायत रही हैं। पंडित भ्गवत दयाल शर्मा से होते हुए ताऊ देवीलाल से मनोहर लाल से लकर नायाब सिंह सैनी तक जलवा रहा हैं। इस प्रदेश ने राजनीति के पंडित भजनलाल दिये तो बंसी लाल भी भी सत्ता पर काविज रहे। 22 जिलों बाला यह राज्य सबसे अनूठा हैं। आज इसके सिर पर राजधानी का ताज नही हैं। ना ही हाई कोर्ट है अपना आज यह टीस है दिल मे। गुरुग्राम के रूप में आधुनिक शहर कुरुक्षेत्र के रूप में धर्म और ज्ञान का संग्रह है हरियाणा के पास। हरियाणा की कल्चर अपना देश अपना माटी। भोला और ज्ञानी हरियाणा। 58 सालों में यह प्रदेश फर्स से अर्श पर पहुंच गया। इस माटी को शत शत नमन इस राज्य ने सबसे ज्यादा रणबांकुरे दिए इस देश को। सबसे ज्यादा खेल रत्न दिये अब डॉक्टर और इंजीनयर भी यह राज्य देगा। हरियाणा 58 साल का हो गया। इन 57 वर्षो में हरियाणा ने कई क्षेत्रो में तरक्की की तथा देश में नम्बर वन राज्य कई मायनों में बना। लेकिन हरियाणवीं लोगों के दिलों में आज भी इस बात की टीस है कि 58 वर्ष गुजरने के बाद भी करनाल को न तो अपनी राजधानी मिली और न ही अपना अलग हाईकोर्ट। जो राज्य 20 साल पहले अस्तित्व में आए थे। उन राज्यों का अपना अलग हाईकोर्ट और अलग राजधानी है। लेकिन हरियाणा 57साल पहले पंजाब से अलग हुआ था। उस समय हरियाणा में एस.वाई.एल विवाद, राजधानी और हाईकोर्ट का मसला प्रमुख रूप से मुंह बाएं खड़े थे। उस समय यह तय हुआ कि पंजाब और हरियाणा की राजधानी एक ही होगी। बाद में पंजाब को पंजाबी भाषी राज्य सौंप दिए गए और यह बात तय हुई कि हरियाणा को चंडीगढ़ मिल जाएगा। जहां पहले से ही हाईकोर्ट था। लेकिन चंडीगढ़ आज तक हरियाणा को नहीं मिला। 57साल से हरियाणा इस बात के इंतजार में है कि कब हरियाणा में चंडीगढ़ मिल जाएं। पिछले 59 सालों में अधिकत्तर कांग्रेस और इनैलो के साथ-साथ लोकदल सत्ता में रही। लेकिन हरियाणा को चंडीगढ़ नहीं मिला। न ही अलग से हाईकोर्ट मिला। प्रदेश



की तत्कालीन सरकारों ने भी प्रदेश को अलग से राजधानी देने और हाईकोर्ट बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए। जबकि केन्द्र सरकारें इसके लिए राज्य को पैसा देने के लिए तैयार थी। हरियाणा में हाइकोर्ट और राजधानी के लिए करनाल से ज्यादा बेहतर स्थान कोई नहीं था। इसकी दावेदारी सबसे मजबूत थी। लेकिन आज तक हरियाणा को न तो अलग से राजधानी मिली ओर न ही हाईकोर्ट एस.वाई.एल का पानी भी राजनीति के बीच फंसा रहा। दक्षिण हरियाणा इस सबसे जूझ रहा है। गुडगांव और फरीदाबाद के अलावा 59 सालों में हरियाणा में न तो कोई बड़ी इंडस्ट्रीज विकसित हो पाई और न ही संस्कृति सहजने के लिए कोई बड़ा संस्थान मिल पाया। करनाल और कुरुक्षेत्र सांस्कृतिक धार्मिक राजधानी होने के बाद भी यहां पर न तो पर्यटन विकसित हो पाया है ओर न संस्कृति। अब यहां के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व सी.एम मनोहर लाल खट्टर और मौजूदा सीएम नायाब सिंह सैनी से अपेक्षाएं है कि वह इस प्रदेश को राजधानी और हाईकोर्ट दिलाने में सफल होंगे।

**अलग से हाई कोर्ट ना होने की त्रासदी भुगत रहा है आम आदमी:** वकील हरियाणा और पंजाब की अलग बार कौसिल की भी मांग कर रहे हैं और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए हरियाणा के वार्षिक बजट में बड़े प्रावधान करने और हरियाणा की अलग बार काउंसिल के माध्यम से अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम के तहत अधिवक्ताओं को सेवानिवृत्ति लाभ लागू करने की भी मांग कर रहे हैं। चूँकि कई अन्य राज्यों ने पहले ही अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए राज्य सरकारों के वार्षिक बजट में बजटीय प्रावधान कर दिए हैं। अधिवक्ता अधिनियम के तहत अलग बार काउंसिल के निर्माण के लिए हरियाणा में अलग उच्च न्यायालय का निर्माण जरूरी है।रिकॉर्ड के अनुसार हरियाणा के 14,25,047 से अधिक मामले हरियाणा के जिलों और अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं और 450000 से अधिक मामले उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और लाखों मामले अन्य आयोगों, न्यायाधिकरणों और अन्य प्राधिकरणों के समक्ष लंबित हैं। अनुमान है कि हरियाणा के 45 लाख से अधिक लोग मुकदमेबाजी में शामिल हैं और अधिकांश वादकारी मामलों के निपटारे में देरी के कारण प्रभावित होते हैं। त्वरित निर्णय के मुद्दे हरियाणा के वादियों और अधिवक्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों को अलग-अलग उच्च न्यायालय की आवश्यकता है।

**-शैलेंद्र जैन, करनाल**

# प्रदेश में 222 ऑटोमैटिक मिल्क कुलेक्शन यूनिट की गई स्थापित: मुख्यमंत्री सुक्खू

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 1 नवम्बर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को यहां हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने प्रसंघ को अपने उत्पादों का बेहतर विपणन और उनकी उच्च स्तरीय गुणवता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्नौर जिला के कड़छम या टापरी में दुग्ध प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित किया जाएगा ताकि इसके उत्पादों को सेना और स्थानीय लोगों को उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिमला जिला के दत्तनगर स्थित दोनों दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों को आउटसोर्स आधार पर संचालित करने की संभावनों पर विचार किया जाए ताकि उत्पादन में और बढ़ौतरी सुनिश्चित की जा सके।

श्री सुक्खू ने जिला मण्डी स्थित दूध संयंत्र में नया मिल्क पाउडर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान प्रसंघ द्वारा दूध की खरीद में अधिकतम बढ़ौतरी दर्ज की गई है। 29 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए हैं।

दो वर्षों में 222 ऑटोमैटिक मिल्क कुलेक्शन यूनिट स्थापित किए गए हैं। दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की संख्या को बढ़ाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए गए जिसके फलस्वरूप इनकी संख्या बढ़कर 716 हो गई है। मिल्क फैड को दूध विक्रय करने वाले किसानों की संख्या में भी आशातीत बढ़ौतरी हुई है। इनकी संख्या अब लगभग 40 हजार से अधिक हो गई है।

बैठक में प्रसंघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव एम. सुधा देवी, प्रबन्ध निदेशक विकास सूद, वरिष्ठ प्रबन्धक प्रीति और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी प्रदेश सरकार

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 15 नवम्बर से चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई आरम्भ करेगी और इसे समूल नष्ट किया जाएगा। चिट्टे के खिलाफ आगामी तीन माह तक व्यापक और बहुस्तरीय अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का शुभारम्भ 15 नवम्बर, 2025 को शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक 'एंटी चिट्टा रैली' से किया जाएगा। मुख्यमंत्री इस रैली का शुभारम्भ करेंगे। इस रैली में प्रदेश से विधायक, गणमान्य व्यक्ति, छात्र और समाज के सभी वर्गों के लोग हिस्सा लेंगे। तीन माह के अभियान के दौरान चिट्टे के खिलाफ बहुस्तरीय कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक की जाने वाली यह कार्रवाई अब तक चिट्टा के खिलाफ सबसे बड़ा प्रहार होगा। इस अभियान में सरकार के प्रतिनिधि, पुलिस, विभिन्न विभाग, स्वयंसेवक, विद्यार्थी और अन्य लोग विभिन्न स्तरों पर कार्य करेंगे। इस दौरान नशा निवारण जागरूकता पर भी विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिला, उपमंडल और अन्य स्तरों पर भी एंटी चिट्टा रैलियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेश से चिट्टा के समूल नाश के लिए पुलिस विभाग में एक विशेष सेल गठित किया जाएगा। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में चिट्टा से सबसे अधिक प्रभावित पंचायतें चिन्हित कर ली गई हैं। इन पंचायतों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जएगा। महाविद्यालयों में एंटी चिट्टा वालंटियर तैयार किये जाएंगे। पुलिस विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए वृहद रूपरेखा तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों और नशे के सेवन एवं अवैध कारोबार को रोकने के लिए पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों का गठन का किया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। समिति में अध्यक्ष सहित सात सदस्य होंगे। समितियों की हर माह नियमित रूप से बैठक आयोजित की जाएंगी, जिसमें क्षेत्र में चिट्टा व चिट्टा से सम्बन्धित गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर इसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों से साझा किया जाएगा। ये समितियां स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशा निवारण व इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी।

# मुख्य अतिथि विवेक कुमार की अगुवाई में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा




**बिलासपुर, 1 नवंबर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसलेहड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर मुख्य अतिथि विवेक कुमार का स्कूल प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। वहीं, स्कूल प्रधानाचार्य अंजना देवी ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। उन्होंने मुख्य अतिथि के समक्ष स्कूली की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। इस दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल में कॉमर्स और साईस की कक्षाएं शुरू करने की डिमांड रखी। साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा बैंक की मांग की गई। मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने कहा कि इन सभी मांगों को मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा। ताकि स्कूल में कॉमर्स और साईस की कक्षाएं शुरू हों सकें। साथ ही यहां पर लोगों को बैंक की भी सुविधा मिलना शुरू हो जाए। विवेक कुमार ने इस मौके पर कहा कि स्कूली बच्चों कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। कहा कि स्कूली बच्चे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाएं। विवेक कमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए बेहतर प्रयास किए गए हैं। सरकार द्वारा डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर सीबीएसई स्कूल भी शुरू होंगे। इसका लाभ सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले नौनिहालों को होगा। उन्होंने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि शिक्षक बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करें। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्री नर्सरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए फैशन शो की सराहना की। इस मौके पर एसएमससी अध्यक्ष बलजीत, पंचायत प्रधान वीना देवी, बीडीसी मृदला चंदेल, झबोला प्रधान मीरा देवी, झंडूता आतमा प्रोजेक्ट के चेयरमैन मानिंद्र सिंह चंदेल, विजय कौशल, राकेश वालिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उधर, इससे पहले विवेक कुमार ने दसलेहड़ा क्षेत्र के गांव गोचर की सडक़ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सडक़ को वाहनों के लिए खोला जाएगा। इस सडक़ की हालत सुधारने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही इस सडक़ का लाभ लोगों को दोबारा मिलना शुरू होगा।

# अरुण धूमल ने किया दाड़ला खेल मैदान मे एलईडी लाइट का शुभारंभ

खिलाड़ियों को मिलेंगी देर रात खेलने की सुविधा

अनुराग ठाकुर का खेल व खिलाड़ियों के विकास मे अहम योगदान

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 1 नवंबर।** आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने अपने हिमाचल प्रवास के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सुजानपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत दाड़ला स्थित खेल मैदान में एलईडी फ्लड लाइटों का विधिवत शुभारंभ किया। यह परियोजना पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से *खेल ज्योति योजना* के अंतर्गत पूरी हुई है। लाइटों की स्थापना से अब यह खेल मैदान दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। इस योजना के तहत संसदीय क्षेत्र के 14 खेल मैदानों में लाइटें लगाई जा चुकी हैं, जिससे लगभग 1500 खिलाड़ियों को देर रात तक खेलने की सुविधा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण धूमल ने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ियों को पूर्व में रात के समय अभ्यास की सुविधा नहीं मिल पाती थी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाते थे। अनुराग ठाकुर के प्रयासों से अब यह सुविधा संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसकी बदौलत आज प्रदेश की दो बेटियां भारतीय महिला क्रिकेट टीम में खेल रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हिमाचल के खिलाड़ी कॉमनवेल्थ, एशियन और ओलंपिक खेलों में भी पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगे।

धूमल ने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करें, ताकि युवा मोबाइल और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर का हमेशा प्रयास रहा है कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाया जाए। इसी उद्देश्य से उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 200 इनडोर और आउटडोर जिम स्थापित करवाए हैं।

उद्घाटन अवसर पर बैडमिंटन मैचों का आयोजन भी किया गया, जिसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। धूमल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि अब खिलाड़ियों को अभ्यास में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने 'प्रयास संस्था' का आभार व्यक्त किया, जो खेल मैदानों के कायाकल्प और युवाओं के सामाजिक उत्थान में योगदान दे रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी रोमेश पठानिया, नरेंद्र अत्री, संयोजक संजीव राजपूत, योगेंद्र राठोड़, पंचायत प्रधान जगन कटोंच और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। स्थानीय जनता ने अनुराग ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सनावर स्कूल में होगा 6वां 'टूर डी सनावर' और 'ग्लोबल साइक्लिंग लीग' का शुभारंभ आज

10 स्कूलों के 210 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन, 1 नवंबर।** कसौली हिल्स की सुरम्य पहाडिय़ां एक बार फिर रोमांच और ऊर्जा से भरने जा रही हैं। द लॉरेंस स्कूल सनावर अपने प्रतिष्ठित साइकलिंग आयोजन '6वां टूर डी सनावर' का आयोजन करेगा और इसके साथ ही पहली बार 'सनावर ग्लोबल साइकलिंग लीग की भी शुरुआत करेगा। यह अनूठी पहल युवाओं में साइकलिंग को एक सतत, पर्यावरण-संवेदनशील और स्वास्थ्यवर्धक खेल के रूप में बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस आयोजन का फ्लैग-ऑफ समारोह रविवार 2 नवंबर को द लॉरेंस स्कूल सनावर कसौली के परिसर में आयोजित किया जाएगा, जहां शिवालिक की शांत वादियों में 'पहियों पर बदलाव' का यह उत्सव अपनी गति पकड़ेगा।

178 वर्ष पुराने एशिया का सबसे पुराने को-एजूकेशन बोर्डिंग स्कूल है ने इस आयोजन के लिए ओल्ड सनावरियन सोसाइटी और हैसटपा (हिमालयन एडवेंचर स्पोर्ट्स एंड टूरिज़्म प्रमोशन एसोसिएशन) के साथ साझेदारी की है। इस वर्ष 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों से 210 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें द लॉरेंस स्कूल लवडेल, भवन विद्यालय चंडीगढ़, ऑकलैंड हाउस शिमला, वाई.पी.एस. मोहाली और पी.पी.एस. नाभा शामिल हैं। 9 वर्ष से लेकर 66 वर्ष आयु वर्ग तक के प्रतिभागी विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## सनावर ग्लोबल साइकलिंग लीग का शुभारंभ विशेष आकर्षण

इसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में देशभर के 100 से अधिक विद्यालयों को जोडऩा है। इसका उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में 5 लाख रुपए के पुरस्कार रखे गए हैं, जिनमें नकद राशि, ब्रांडेड साइकिलें और फिनिशर मेडल शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता और एमटीबी शिमला के चैंपियन भी इस आयोजन में हिस्सा लेंगे, जिससे कसौली की पहाडिय़ों में पेशेवर रेसिंग का रोमांच देखने को मिलेगा। द लॉरेंस स्कूल, सनावर के प्रिंसिपल हिम्मत ढिल्लों ने कहा कि सनावर में हम अपने विद्यार्थियों को उद्देश्यपूर्ण और जिम्मेदार नेतृत्व के लिए तैयार करते हैं। सनावर ग्लोबल साइक्लिंग लीग हमारे समग्र शिक्षा दृष्टिकोण का प्रतीक है। हीरो मोटर्स कंपनी और एचएमसी फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज एम. मुंजाल ने इस पहल को अपने आल्मा मेटर से पुन- जुडऩे का गर्वपूर्ण क्षण बताया, वहीं एसजीसीएल के अध्यक्ष मेजर संजीव शर्मा ने कहा कि साइकलिंग एक स्वस्थ और जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकती है। एसजीसीएल के महासचिव और हैसटपा के निदेशकआशीष सूद ने कहा कि टूर डी सनावर अब देश का सबसे बड़ा विद्यालय-स्तरीय साइकलिंग मंच बन चुका है। ग्लोबल साइकलिंग लीग के माध्यम से हम युवाओं में प्रतिभा को पहचानने और स्वास्थ्य व पर्यावरण चेतना की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

# राजडी-जाबली स्कूल ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 1 नवंबर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजडी -जाबली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। वर्ष भर की शैक्षणिक गतिविधियों स्काउट एवं गाइड, एनसीसी, विज्ञान प्रदर्शनी,योगा,भाषण प्रतियोगिता, खेलकूद,व अन्य गतिविधियों में भाग लेने व अव्वल रहने वाले मेधावी बच्चों को नवाजा गया। कार्यक्रम में जाबली स्कूल क्लस्टर के तहत हाई स्कूल दतयार, कोटी, मिडिल स्कूल सूजी, प्राइमरी स्कूल जाबली, धारडी, सनवारा, शेरला से आए बच्चों अध्यापकों व अभिभावकों ने भी भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी ललित अत्रि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर ने की। स्कूल स्टाफ व प्रबंधन समिति प्रधान मोहन दत अत्रि व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व वन्दे मातरम् से की गई। स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसे सभी ने सराहा। तुषार हेड ब्वाय व गरिमा हेड गर्ल चुनी गई तथा बेस्ट हाऊस नीलगिरी रहा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पहाड़ी नाटी, लोकनृत्य, समूह गान, पंजाबी गिद्दा,नाटक, योगा व देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वर्ष की शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें दिया भारद्वाज, नलिनी,निधी ओली, हिना गरिमा, बनिया, रजत, प्रिती, मनीष, लिया, तमन्ना, पूजित, मोनिका, गितिका, प्राची, पूजा, देशांश, परीक्षित, अंशु, केशव, सानवी, तन्वी, आदर्श, पूजा,अक्षत, अंशु, रियांश, एंजल, दिपावली, महक, पुष्पांजलि, लक्ष्य,अजय रूद्र, राहुल, अंकित, गौरव, प्राइमरी स्कूल जाबली के आरवी, चारवी, रागिनी, सुमित, दीक्षा, अनन्या, काव्या, प्रियंका, दिव्या सहित अन्य मेधावी बच्चों को नवाजा गया। स्कूल प्रिंसिपल व मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शिक्षा प्राप्त करना ही नहीं बल्कि अच्छे संस्कारों और मानवता की भावना को विकसित करना है। समारोह में एसएमसी प्रधान मोहन दत, स्थानीय हेमशंकर अत्रि, पूर्ण चंद, बालकृष्ण शर्मा, भुपेंद्र ठाकुर, अनूप अत्रि, विनय, योगेन्द्र सहित स्कूल के कंचन, नीना शर्मा, सादिक पठान, हीरा लाल शर्मा, बलविंदर ठाकुर, अनिता विद्या दत बंसल, नीलम, ऊषा ठाकुर, नीशा, सहित अन्य अध्यापक, अभिभावक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मानसून के दौरान बिलासपुर जिला में 101 घर पूर्णत: तथा 313 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी: राहुल कुमार

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 1 अक्तूबर।** उपयुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि मानसून मौसम के दौरान गत 20 जून से 26 सितंबर तक हुई भारी वर्षा के कारण जिला बिलासपुर में 101 कच्चे व पक्के घर पूरी तरह जबकि 313 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिसके तहत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पुनर्निर्माण के लिए 7 लाख रूपये की राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी। जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए एक लाख रूपये की राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

राहुल कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रभावित परिवारों का सहायता राशि शीघ्र प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया है तथा प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई गई है।

# ऊना में जीएसटी साउथ रेंज विभाग की बड़ी कार्रवाई

प्रतिबंधित इंजेक्शन ,तम्बाकू, खैनी, ज़र्दा, पॉलीथिन और सिगरेट की भारी खेप बरामद

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 1 नवंबर।** जीएसटी साउथ रेंज विभाग ऊना की टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए शनिवार को एक गाड़ी को रेड लाइट चौक के समीप रोका। टीम में संयुक्त उपयुक्त जॉइंट कमिश्नर विनोद कश्यप और अन्य अधिकारियों ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें से प्रतिबंधित इंजेक्शन, पॉलिथीन तम्बाकू, खैनी, ज़र्दा, सिगरेट और बीड़ी की भारी मात्रा बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह माल पंजाब से ऊना की ओर लाया जा रहा था, और बिना जीएसटी बिल के अवैध रूप से व्यापार के लिए भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा मामला एक्साइज विभाग का नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले कोफ्ता एक्ट के तहत आता है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग की ज़िम्मेदारी बनती है कि वह इस पर कार्रवाई करे।जानकारी के मुताबिक, पकड़ा गया तम्बाकू उत्पाद प्रदेश में प्रतिबंध है, मगर बीडी सिगरेट के टैक्स की चोरी और जनस्वास्थ्य दोनों के लिए बड़ा खतरा है। विभाग अब माल के सैंपल लेकर आगे की जांच में जुट गया है।स्थानीय नागरिकों ने जीएसटी विभाग की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के छापे लगातार जारी रहने चाहिए ताकि अवैध तम्बाकू और नशे के सामान का धंधा बंद हो सके। जॉइंट कमिश्नर विनोद कश्यप साउथ रेंज जीएसटी ऊना ने कहा कि विभाग द्वारा नियमो अनुसार कार्रवाई की जाएगी और कहा कि जीएसटी साउथ रेंज विभाग जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके ठिकानों पर भी छापेमारी करेगा।

# शूलिनी विवि नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में शामिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 1 नवंबर।** शूलिनी बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय ने भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम शिमला के होटल पीटरहॉफ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य MSMEs, स्टार्टअप्स, उद्यमियों और छात्रों के बीच जागरूकता फैलाकर और नवाचार को प्रोत्साहित करके बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था। यह ज्ञान साझा करने और रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। शूलिनी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए, SIPRO में वरिष्ठ प्रबंधक और सहायक प्रोफेसर, हिमांशु शर्मा, और सहायक प्रोफेसर और आईपी अटॉर्नी, डॉ. रिचिका मेहता ने सत्रों के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने नवाचार-संचालित शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. प्रेम कुमार खोसला द्वारा परिकल्पित इसकी ऐतिहासिक पहल, 'एक पेटेंट, एक छात्र' के बारे में जानकारी साझा की। पीएचडीसीसीआई ने पेटेंट दाखिल करने में शूलिनी विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों और विश्वविद्यालय एवं स्कूल दोनों स्तरों पर आईपी शिक्षा को बढ़ावा देने के इसके निरंतर प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन के बारे में बोलते हुए, हिमांशु शर्मा ने कहा, 'शूलिनी में, हम मानते हैं कि प्रत्येक छात्र एक नवप्रवर्तक है और प्रत्येक विचार संरक्षण का हकदार है। राष्ट्रीय आईपी यात्रा में प्रस्तुति देना हिमाचल की नवोन्मेषी भावना का प्रतिनिधित्व करने का एक अवसर था।' डॉ. रिचिका मेहता ने कहा, 'हमारा मिशन एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना है जहाँ नवाचार न केवल पढ़ाया जाए, बल्कि कक्षाओं से लेकर समुदायों तक उसे जिया जाए।' राष्ट्रीय आईपी यात्रा का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, आईएएस, आर.डी. नजीम ने किया, जो मुख्य अतिथि थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एनएसआईसी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और पीएचडीसीसीआई के सलाहकार डॉ. एच.पी. कुमार; पीएचडीसीसीआई, नई दिल्ली की निदेशक सुश्री कंचन जुत्शी; और पीएचडीसीसीआई, शिमला के निदेशक अनिल कुमार सौंखला शामिल थे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पीएचडीसीसीआई द्वारा शिमला में बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र (आईपीएफसी) की घोषणा थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में नवप्रवर्तकों, शोधकर्ताओं और उद्यमों को निरंतर आईपी मार्गदर्शन, सलाह और सहायता प्रदान करना है।

# प्रदेश के खिलाड़ियों को नादौन में मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं: सुनील शर्मा बिट्टू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने किया 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स का शुभारंभ

अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हमीरपुर की धाविका मनीषा और उनके परिजनों को भी किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 1 नवंबर।** लड़के-लड़कियों की 66वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार को अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आरंभ हो गई। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए कई सराहनीय निर्णय लिए हैं। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए डाइट मनी और पुरस्कार राशि में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है और इनके लिए बेहतरीन सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। नादौन में लगभग 110 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के खिलाड़ियों को वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं मिलेंगी और वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली जिला हमीरपुर की धाविका मनीषा की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने सभी प्रतिभागियों को इनसे प्रेरणा लेते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है और जब एक खिलाड़ी सफल होता है तो पूरा देश सफल होता है।

## 1500 मीटर दौड़ में हमीरपुर के आर्यन और बिलासपुर की सविता ने जीते स्वर्ण

प्रतियोगिता की पहली स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में हमीरपुर के आर्यन ने स्वर्ण, कांगड़ा के अमित पटियाल ने रजत और बिलासपुर के सूर्यांश शर्मा ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों के वर्ग में बिलासपुर की सविता को स्वर्ण, इसी जिला की वंशिका को रजत और हमीरपुर की मन्नत को कांस्य पदक मिला।


**Himachal Pradesh Public Works Department**
**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer HPPWD Kasauli Distt solan HP on behalf of Governor of HP invites the Online bids on Percentage rte in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

| | |
|---|---|
| **Name of Work** | : Construction of additional accommodation at Govt. Sr.Sec. School Building at Haripur Tehsil & Distt Solan HP.(SH:- Construction of building portion, WS & SI, RWHT, Septic tank, Soak pit & Site Development work etc)Under PMJVK |
| **Tentative Cost** | : 3,49,67,628/- |
| **Earnest Money** | : 6,99,400/- |
| **Time allowed** | : Eighteen Months |
| **Cost of Form** | : 7000/- |

**Starting date for downloading bid:-** **07.11.2025**
**Deadline for submission of bid:-** **17.11.2025 at 10.30AM**
**Date of Opening of Bid:-** **17.11.2025 at 11.30AM**

1. The bidders are advised to note other details of tenders from the department website https://hptenders.gov.in.

**Executive Engineer,**
**Kasauli Division,**
**HPPWD Kasauli**
**R.O. No. 4113_2025-2026** **On behalf of the Governor of HP.**

# डंपिंग ग्राउंड की सफाई का इंतजार हुआ और लम्बा, काम में देरी बनी वजह

## दो बार हुए टेंडर अभी भी 1.25 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा

रेजिडेंट्स का कहना 2021 के अंत से डंपिंग ग्राउंड पर कचरा फेंकना हुआ बंद, काम देरी बनी वजह

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



पंचकूला। सेक्टर 23 स्थित शहर के कूड़ा डंपिंग ग्राउंड की सफाई का इंतजार और लंबा हो गया है। लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन कूड़ा अभी भी जमा है और पुराने कूड़े के जैविक उपचार का काम दिसंबर में एक और समय सीमा से चूकने वाला है। नगर निगम के अनुसार, सेक्टर 23 डंपिंग ग्राउंड में पुराने कूड़े के जैविक उपचार का काम पूजा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कूड़ा निपटान के लिए दो वर्क टेंडर जारी किए गए थे। पहले टेंडर के तहत 3.10 लाख टन कूड़े का निपटान किया गया, जबकि नए हुए टेंडर में 1.72 लाख टन कूड़े के निपटान का लक्ष्य रखा गया था। महापौर कुलभूषण ने अप्रैल में 11.50 करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू होने पर डंप को साफ करने की समय सीमा 31 अगस्त घोषित की थी। हालांकि, अगस्त की समय सीमा निकल गई और अधिकारियों ने तब कहा था कि दिसंबर तक इसे साफ कर दिया जाएगा। अब ऐसा होता भी नहीं दिख रहा है, क्योंकि वहां 1.25 लाख मीट्रिक टन कूड़ा पड़ा है। नगर निगम ने बताया कि नए टेंडर के तहत अब तक केवल 45,000 मीट्रिक टन कचरे का ही प्रसंस्करण किया जा सका है। इस पर सेक्टर 23 निवासी और अधिवक्ता नितेश मित्तल ने दुख जताते हुए कहा है हमें नहीं पता कि असल में कितना कचरा है और वे रोजाना कितना कचरा प्रोसेस कर रहे हैं। उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए। लेकिन 2021 के अंत से इस डंपिंग ग्राउंड पर कचरा फेंकना बंद कर दिया गया था, अब तक इसे साफ कर दिया जाना चाहिए था। नगर निगम को प्रोसेसिंग का काम तेज करना चाहिए। इसके अलावा, झूरीवाला से कचरा उसी दिन साफ नहीं किया जाता।

अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण काम प्रभावित हुआ है। महापौर गोयल ने कहा कि अब मानसून का मौसम समाप्त हो गया है, इसलिए लोगों को पूरी राहत प्रदान करने के लिए कचरा प्रसंस्करण की गति बढ़ाई जाएगी। नगर निगम ने पहले झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड को पूरी तरह से साफ करने का दावा किया था। महापौर के अनुसार, शहर का रोजाना का कचरा झूरीवाला में एकत्र किया जाता है और फिर प्रसंस्करण के लिए अंबाला के पटवी प्लांट में भेजा जाता है।

### झुरीवाला में प्रोसेसिंग जारी, पुराना कचरा हटा

झोरीवाला में बनाए गए डंपिंग ग्राउंड में पुराना कचरा साइट से पूरी तरह हटा दिया गया है और अब केवल ताज़ा दैनिक कचरा ही लाया जा रहा है, जिसे तुरंत उठाकर प्रसंस्करण के लिए भेजा जा रहा है। मेयर ने कहा कि प्लास्टिक, कार्डबोर्ड और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों को कचरे से उचित रूप से अलग किया जा रहा है।

# टेक्नोलॉजी ड्रिवन अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन पर सेमिनार और राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। टाउन प्लानर्स इंडिया-हरियाणा क्षेत्रीय अध्याय द्वारा आज हरियाणा दिवस के अवसर 'टेक्नोलॉजी ड्रिवन अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन- शेपिंग रेसिलिएंट सिटीज़' विषय पर एक सेमिनार और 'सिटी थ्रू योर लेंस' विषय पर राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी और क्षेत्रीय योजना की रचनात्मक भावना का सम्मान करना और हरियाणा राज्य की जीवंत सांस्कृतिक सार को प्रदर्शित करना था। संजय कुमार, आईटीपीआई के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि डॉ. संगीता बग्गा, प्राचार्य, चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर और सम्मानित अतिथि दीपंकर मुदुमदार, आर्किटेक्ट एवं पर्यावरण योजनाकार, जिनकी राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी में जूरी सदस्य के रूप में भी सेवा रही, का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम को औपचारिक रूप से उद्घाटित करते हुए, उन्होंने इसके बाद सभी सदस्यों और प्रतिभागियों का भी गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने यह भी बताया कि आईटीपीआई-हरियाणा क्षेत्रीय अध्याय आईटीपीआई के सबसे गतिशील और सक्रिय अध्यायों में से एक बना हुआ है, जो शहरी और क्षेत्रीय नियोजन के क्षेत्र में लगातार पेशेवर संवाद और नवाचार को बढ़ावा देता है।

# सोनू नोल्टा की हत्या को 5 महीने बीते, मुख्य दो आरोपियों का अब तक सुराग नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। 5 जून की देर रात को अमरावती एन्क्लेव में मॉल के बाहर सोनू नोल्टा को गोलियों से भून कर फरार हुए दो मुख्य आरोपियों पीयूष पिपलानी और अंकुश का पंचकूला पुलिस अब तक सुराग नहीं तलाश पाई है। एसआईटी की तरफ से मामले में 5 लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसके बाद भी पीयूष पिपलानी और अंकुश पकड़ में नहीं आ सके। बीती 8 सितंबर को पुलिस ने हिसार से एक ऑटो एजेंसी के संचालक सुरेंद्र को गिरफ्तार किया था। सुरेंद्र ने हत्या के बाद भागे दोनों आरोपियों को हिसार में शरण दी थी। दोनों आरोपियों के हथियार ठिकाने में मदद भी की थी। क्राइम ब्रांच की तरफ से दावा किया गया था कि सुरेंद्र के जरिए पुलिस जल्द आरोपियों तक पहुंच सकेगी, लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। पुलिस को जांच में पता चला कि पंचकूला में वारदात होने के बाद हिसार में सुरेंद्र पास के एक बदमाश की कॉल आई थी। अज्ञात शख्स ने सुरेंद्र को पीयूष पिपलानी और अंकुश को शरण देने की बात कही थी। क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया कि दोनों आरोपी हत्या में इस्तेमाल सफेद रंग की इटियोस कार को ठिकाने लगाने के बाद टैक्सी से हिसार पहुंचे थे।

**इकलौते चश्मदीद ने की थी हत्यारों की पहचानः** हत्या की वारदात की रात सोनू नोल्टा के साथ मौजूद इकलौते चश्मदीद उसके दोस्त प्रिंस ने पीयूष पिपलानी और अंकुश की पहचान की। दोनों स्थानीय पिंजौर के रहने वाले हैं। प्रिंस ने शिकायत में बताया कि सोनू उसकी बुआ का बेटा है। 5 जून को वह, सोनू और उसकी दोस्त फिल्म देखने के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी में अपरावती मॉल आए थे। वहां सोनू की दोस्त की दो सहेलियां मिलीं। सभी मूवी देखकर करीब 10.45 बजे बाहर निकले। निकलते ही अमरावती मॉल के सामने सड? किनारे खड़ी सोनू की गाड़ी में बैठ गए। सोनू ड्राइवर सीट पर बैठ गया और वह उसके पीछे वाली सीट पर बैठ गया था। प्रिंस ने बताया कि सोनू की दोस्त अपनी दो सहेलियों के साथ सड? पार कर रही थी। तभी सोनू की गाड़ी पास खड़ी कार से एकदम से पिंजौर का रहने वाला पीयूष पिपलानी और चावला कॉलोनी का अंकुश अपने हाथों में पिस्टल लेकर उतरे। दोनों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और फरार हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। उसे पता चला कि सोनू की मौत हो चुकी थी।

# आयोडीन अल्पता विकारों के उन्मूलन का संकल्प: चंडीगढ़ में माहव्यापी जागरूकता अभियान का समापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आयोडीन अल्पता विकार (IDDs) की रोकथाम के वैश्विक दिवस के उपलक्ष्य में चंडीगढ़ में आयोजित माहव्यापी जन-जागरूकता कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को इस संदेश के साथ हुआ कि आत्ममंथन करें, जागरूकता फैलाएँ और आयोडीन अल्पता विकारों के उन्मूलन हेतु व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाएँ। समापन कार्यक्रम में डॉ. सुमन सिंह, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), यूटी चंडीगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ. रंजन मेहता, कार्यक्रम अधिकारी (एनआईडीडीसीपी) ने आईडीडी सेल, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। डॉ. सुमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ÷आयोडीन युक्त नमक का नियमित उपयोग हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। केवल पर्याप्त मात्रा में आयोडीन सेवन से ही हम मानसिक और शारीरिक विकास पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बच सकते हैं।÷ उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से समुदाय में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। माह भर चलने वाले इस अभियान के तहत जीएमएसएचङ्16 के स्त्री एवं बाल रोग बाह्य रोगी विभागों में स्वास्थ्य वार्ताएँ आयोजित की गई, गर्भवती महिलाओं के मूत्र में आयोडीन परीक्षण किए गए और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नमक परीक्षण प्रदर्शन किए गए।

# पिंजौर से खैर की लकड़ी की तस्करी मामले में चार लोग गिरफ्तार, लकड़ी से भरी दो गाड़ियां जब्त

## शहर में स्नेचिंग, बाइक चोरी और ई रिक्शा की बैटरियों को चोरी करने वाले 4 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

महिला से छीनी सोने की चैन व 3 ई-रिक्शा बैटरी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। हालही में पिंजौर के नजदीक से जंगल में से खैर के पेड़ काटकर लकड़ी की तस्करी करने के मामले में पंचकूला पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मामला सुलझाने में सफलता मिली। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच टीमों ने बीते 24 घंटों में कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 4 आरोपियों से पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ जारी है जबकि बाकी 4 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

24 अक्टूबर को थाना पिंजौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी की खैर की लकड़ी से भरी दो पिकअप गाड़ियां पिंजौर से पंचकूला की ओर आ रही हैं। थाना प्रभारी बच्चू सिंह की टीम ने तुरंत नाकाबंदी की लेकिन पुलिस को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिंजौर थाना पुलिस ने लकड़ी से भरी दोनों गाड़ियां बरामद कीं और चोरी का मामला दर्ज किया।

इस बीच क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 इंचार्ज दलीप सिंह की टीम ने 31 अक्टूबर को चार आरोपियों सलीम खान उर्फ सालिम, इसरान, युनुस उर्फ भूरा, तीनो यमुनानगर के रहले वाले है और उस्मान वासी हिमाचलप्रदेस को गिरफ्तार कर लिया है। आज अदालत में पेश कर चारों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि चोरी में शामिल अन्य लोगों की पहचान और पेड़ काटने के औजार बरामद किए जा सकें।

**ई-रिक्शा बैटरी चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 3 बैटरी बरामदः** क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इंचार्ज मुकेश सैनी की टीम ने सेक्टर-6 सिविल अस्पताल की पार्किंग से चोरी हुई ई-रिक्शा बैटरी के मामले में आरोपी रोहित उर्फ प्रजापति निवासी पीर मुछल्ला मोहाली, को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की ई-रिक्शा बैटरी बरामद की गई है। पुलिस ने उसे आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**तीसरा मामला, बाइक चोरी का फरार आरोपी काबूः** थाना सेक्टर-7 में दर्ज एक पुराने बाइक चोरी के मामले में डिटेक्टिव स्टॉफ इन्चार्ज मनदीप सिंह की टीम ने मुख्य आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ टुटरी निवासी कालका को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 22 जून को सेक्टर-2 से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी की थी। इस मामले में एक अन्य आरोपी सूरज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने चोरी की पल्सर बाइक पहले ही बरामद कर ली थी। अमनदीप को भी आज न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### महिला से स्नेचिंग करने के दो आरोपी धरे

क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने हाल ही में स्नैचिंग के दो आरोपियों अमित रावल और देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा था। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि दोनों ने सितंबर माह में सेक्टर-11 में सैर कर रही एक महिला की सोने की चेन स्नैच की थी। पुलिस ने सोने की चेन बरामद कर ली है और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# चंडीगढ़ वार्ड नंबर-1 में विकास कार्य प्रगति पर: जसविंदर कौर



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** प्रशासन द्वारा वार्ड नंबर 1 के गांव खुड्डा अली शेर से नयागांव पीजीआइ सड़क की मरम्मत और रिकॉर्पेटिंग का कार्य पार्षद श्री मति जसविंदर कौर द्वारा शुरू किया गया। उन्होने नारियाल फोड पूजा करके कर इस विकास कार्य का शुभआरम्भ किया । इस क्षेत्र की पार्षद श्री मती जसविंदर कौर ने बताया कि ये सड़क पिछले 10 सालों के बाद बन रही है । इस सड़क बनवाने के लिये पार्षद श्री मति जसविंदर कौर का सहयोग महत्वपूर्ण है । गांव खुड्डा अली शेर से नयागांव पीजीआइ सड़क की मरम्मत और रिकॉर्पेटिंग के उद्घाटन के समय पार्षद के समाज सेवक पति जगपाल सिंह जग्गा और जे. ई दीपांशु सहित सिमरनजीत सिमी, गुरचरण सिंह माघी, गुरप्रीत सिंह मनदीप सिंह और स्थानीय बहुत से लोग मौजूद रहे। वार्ड -1 के लोगो ने पार्षद श्री मति जसविंदर कौर व उनके समाज सेवक पति जगपाल सिंह जग्गा और जे. ई दीपांशु के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यो के लिए उनका धन्यवाद किया तथा मिठाई भी बांटी।

# ओबीसी संगठन के सहायक महामंत्री संजीव कुमार ने हरियाणा दिवस पर दी शुभकामनाएं



अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे कालका कार्यालय में शाखा अध्यक्ष श्री शशांक जी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ओबीसी संगठन उत्तर रेलवे के सहायक महामंत्री श्री संजीव कुमार जी द्वारा समस्त ओबीसी संगठन की ओर से हरियाणा दिवस पर समस्त रेलवे परिवार, एवं हरियाणा वासियों, प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दिया।

सहायक महामंत्री श्री संजीव कुमार जी ने कहा कि खेती-किसानी, खेल-कूद, फौजदारी और देशभक्ति हरियाणा की पहचान पूरे देश में अलग ही है। इस धरती ने न सिर्फ देश को ओलंपिक चैंपियन दिए हैं, बल्कि हमारे जवान और मेहनती किसान भी। इस खास मौके पर हरियाणा की मिट्टी की खुशबू में डूब जाएं और ठेठ हरियाणवी अंदाज में कहें, राम-राम से! हरियाणा दिवस की घणी-घणी बधाई से 'हरियाणा दिवस पर अपनों को ठेठ भाषा में कहें 'म्हारा हरियाणा, सब पर भारी' आज की बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सतविंदर सिंह, उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, कोषाध्यक्ष तेजबीर सिंह, कारखाना मण्डल ऑडिटर रवि कुमार, संगठन सचिव शक्ति धीमान, सहायक सचिव मान सिंह, शुभम धीमान, देवराज इत्यादि समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा चंडीगढ़ अंचल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह सम्पन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय चंडीगढ़ ने 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया। आंचलिक प्रमुख सभेक सिंह (जीएम), राजय भास्कर डीजीएम (सीए), राजेश शर्मा डीजीएम (बीडी) के मार्गदर्शन में सभी अंचल कार्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। आंचलिक अधिकारियों द्वारा माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सीवीसी का संदेश पढ़ा गया और स्टाफ सदस्यों के बीच साझा किया गया। चंडीगढ़ साइबर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन आंचलिक कार्यालय स्टाफ सदस्यों के लिए किया गया ताकि वे साइबर अपराधों और मनी म्यूल गतिविधियों के प्रति अधिक सतर्क और चौकस रहें। बड़ौदा अकादमी, चंडीगढ़ के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सभी चार क्षेत्रों के शाखा प्रमुखों के लिए नैतिकता, धोखाधड़ी रोकथाम और सतर्कता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रश्नोत्तरी, कैप्शन लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता के लिए विजयी प्रविष्टियां प्रस्तुत करने वाले स्टाफ सदस्यों को अंचल कार्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

# सांस्कृतिक रंगों और जोश से गुलजार हुआ एसडी कॉलेज, हुनर व परंपरा से सजा पीयू ज़ोनल यूथ फेस्टिवल का दूसरा चरण

यूथ फेस्टिवल के दूसरे चरण में दिखा युवा प्रतिभा और संस्कृति का संगम, गिद्दा रहा आकर्षण का केंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्ता सनातन धर्म कॉलेज में 66वें पंजाब यूनिवर्सिटी ज़ोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2025 के दूसरे चरण का शुभारंभ शनिवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कॉलेज कैंपस में सांस्कृतिक रंग और जोश का माहौल देखने लायक था। ज़ोन के विभिन्न कॉलेजों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने लोकगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह के सत्र में रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर और डेली लोक अदालत, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मेंबर डॉ. बीसी गुप्ता और पंजाब यूनवर्सिटी के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशंस डॉ. जगत भूषण चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थे। जबकि शाम के सेशन में डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल (डीसीडीसी) पंजाब यूनिवर्सिटी प्रो. रवि इंदर सिंह चीफ गेस्ट थे।

बीसी गुप्ता ने कॉलेज द्वारा इतने शानदार और अनुशासित तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के यूथ फेस्टिवल सिर्फ़ प्रतियोगिता का माध्यम नहीं होते, बल्कि ये आत्मविश्वास, टीम वर्क और हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देते हैं। यहाँ छात्रों की ऊर्जा और जोश देखकर लगता है कि हमारा भविष्य बेहद उज्ज्वल है। वहीं, प्रोफेसर रवि इंदर सिंह ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों और उत्कृष्ट आयोजन की भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टैलेंटेड और क्रिएटिव युवा जब आगे बढ़ते हैं, तो भविष्य सचमुच उज्ज्वल दिखता है। वे अपनी मेहनत और लगन के लिए प्रशंसा और सम्मान के पात्र हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म न केवल कलात्मक प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरा जुड़ाव भी विकसित करते हैं। यह देखकर गर्व होता है कि आज की युवा पीढ़ी पूरे उत्साह और सम्मान के साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ा रही है। कॉलेज के मेन ऑडिटोरियम में शनिवार को माइम, वन एक्ट प्ले और हिस्ट्रियोनिक्स में पावर-पैक्ड थिएटर परफॉर्मेंस के साथ रौनक आ गई, जिसमें माइम में 11 टीमें, वन एक्ट प्ले में 5 टीमें और हिस्ट्रियोनिक्स में 5 टीमें शामिल थीं।

# जी.सी.ई. 20, चंडीगढ़ में अभिभावक-शिक्षक बैठक, संवाद सहयोग और समग्र विकास की दिशा में एक सार्थक पहल

चंडीगढ़। आज गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर-20 डी, चंडीगढ़ में एक अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा श्री गणेश स्तुति और सरस्वती श्लोक के साथ किया गया, जिसके बाद कॉलेज एंथम प्रस्तुत किया गया। कॉलेज की प्राचार्या, डॉ. सपना नंदा ने सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया और कॉलेज के गौरवमयी इतिहास, उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण पड़ावों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने कॉलेज के विकास एवं उन्नयन में अभिभावकों के सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. नंदा ने शिक्षकों और अभिभावकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल देते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा निरंतर सुधार हेतु खुले संवाद की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कॉलेज के डीन एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद का समन्वय किया। उन्होंने इस बैठक के उद्देश्य को एक संवाद और सहयोग के मंच के रूप में रेखांकित किया, जिसका लक्ष्य शिक्षण वातावरण तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। बैठक के दौरान अभिभावकों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक अपने अनुभवों और सुझावों को साझा किया। अनेक अभिभावकों ने यह बताते हुए गर्व अनुभव किया कि वे स्वयं भी इस कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी (Alumni) रहे हैं और आज समाज की सेवा विभिन्न सार्थक भूमिकाओं में कर रहे हैं। उनके विचारों में अपने महाविद्यालय के प्रति गहरा लगाव और कृतज्ञता झलक रही थी। इस अवसर पर शिक्षकों का परिचय भी अभिभावकों से करवाया गया, जिससे पारदर्शिता और पारस्परिक समझ को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें मनमोहक गीतों और प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। यह कार्यक्रम डॉ. वंदना अग्रवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# शिक्षा महाकुंभ: राष्ट्रीय सम्मेलन में 7 कॉन्क्लेव, 70 शोध पत्र हुई प्रस्तुतियां

## दूसरे दिन नवाचार और सहयोग पर केंद्रित विचार-विमर्श

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** एनआईपीपीआर, मोहाली में शिक्षा महाकुंभ के दूसरे दिन अकादमिक, उद्योग , समाज समन्वय पर केंद्रित विचार विमर्श हुआ। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षा, नवाचार और समाज के बीच सहयोग को मजबूत करना था। सुबह योग सत्र और संवादात्मक नाश्ते के साथ शुरुआत हुई। तत्पश्चात श्रीमती गीता आहूजा, सचिव, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र और श्री वीरेन्द्र वालिया, कोषाध्यक्ष, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने पैनल चर्चा का संचालन किया। चर्चा का केंद्र बिंदु व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार पारिस्थितिकी और शिक्षा में नैतिक मूल्यों की भूमिका था। सत्र का उद्घाटन प्रो. दुलाल पांडा, निदेशक, एनआईपीईआर मोहाली द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। विजय नड्डा, संगठन सचिव, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने शिक्षा महाकुंभ का परिचय देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के बीच पुल निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में प्रो. दुलाल पांडा, प्रो. एस.पी. बंसल, प्रो. रयान ऑल्टमैन, तथा प्रो. कैलाश चंदर शर्मा ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को राष्ट्रीय विकास का आधार बताया। प्रो. दुलाल पांडा ने अकादमिक-उद्योग सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार तभी संभव है जब अकादमिक और उद्योग का सहयोग मजबूत हो।

उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शिक्षा उद्योग को आकार देती है और उद्योग शिक्षा की दिशा तय करता है। प्रो. एस.पी. बंसल ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो बुद्धि और चरित्र दोनों का विकास करे। दोपहर के सत्रों में 7 कॉन्क्लेव, 70 शोध पत्र प्रस्तुतियां एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिनमें प्रौद्योगिकी, स्थिरता और शिक्षण पद्धति पर चर्चाएं हुईं। डीएचई इंग्लिश ओलंपियाड की प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस ओलंपियाड में उत्तर भारत के विभिन्न विद्यालयों से 10,000 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन का समापन सहभागिता और सहयोग की भावना के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने विचार साझा किए और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# बीबीएमबी ने फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 का किया आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की तरफ से शुक्रवार को फिट इंडिया स्वच्छता फीडम रन 6.0 का आयोजन किया गया। यह रन स्वच्छता से स्वच्छता की ओर की थीम पर आयोजित की गई। इस मौके पर बीबीएमबी चंडीगढ़ के सेक्टर 19 और इंडस्ट्रियल एरिया फेज 1 टीथ एसएलडीसी के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रन इस मौके पर भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। प्रोग्राम सुबह 11 बजे सेक्टर 19 स्थित बीबीएमबी बोर्ड सचिवालय से शुरू हुआ मुख्य अतिथि बीबीएमबी अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने मौजूद कर्मचारियों को स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करवाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मौजूद कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों से अपने आसपास सफाई रखना और देश को स्वच्छ बनाए रखना के लिए आग्रह किया उन्होंने बोला कि स्वच्छता ने केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छी है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी के मुताबिक यदि कर्मचारी स्वस्थ होंगे तो वह संगठन के कार्यों को को अधिक सहयोग कर सकेंगे।

# म्हारे किसान, जवान व पहलवान समृद्ध एवं सशक्त भारत की पहचान है: बड़ौली

हरियाणा की पहचान शौर्य, परिश्रम और संस्कार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा का 60वां स्थापना दिवस शनिवार को प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन की ओर से पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ प्रदेश भर में मनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भाजपा कार्यालय सोनीपत में आयोजित हरियाणा स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर कार्यालय में कलाकारों ने हरियाणवीं लोक कलाओं पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। प्रदेश अध्यक्ष ने लोक कलाकारों की जमकर प्रशंसा भी की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि म्हारे किसान, जवान और पहलवान समृद्ध एवं सशक्त भारत की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा आज सुशासन एवं जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है तथा नायब सरकार विकसित हरियाणा बनाने में जुटी है।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज हम सब गौरवशाली राज्य हरियाणा के स्थापना दिवस को उत्सव मना रहे हैं। हरियाणा की यह वह धरती है जिसने देश को अनगिनत वीर योद्धा, विश्व स्तरीय खिलाड़ी और मेहनतकश किसान और मजदूर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान शौर्य, परिश्रम और संस्कार है। यह प्रदेश न केवल खेतों में स्वर्ण उपजाता है, बल्कि देश के विकास में भी स्वर्णिम अध्याय लिखता है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हरियाणा को नई दिशा और नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर सुशासन, विकास और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। हरियाणा की नायब सरकार हर वर्ग के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण और किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा को आत्मनिर्भर, सशक्त और समर्थ बनाने के लिए हरियाण की नायब सरकार दृद्ध संकल्पित है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हर जिला, हर गांव, हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने हरियाणा दिवस पर हर हरियाणवीं का आह्वान करते हुए कहा कि हर नागरिक यह संकल्प लें कि हम सब एकजुट होकर हरियाणा एक, हरियाणवीं एक के मंत्र को आत्मसात करते हुए अपने हरियाणा को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के खातों में 2100 रुपये डालने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह संकल्प के साथ पूरा करती है। श्री बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो वादे किए थे उन वादों को नायब सरकार संकल्पित होकर पूरा कर रही है।इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मेयर राजीव जैन, विधायक पवन खरखोदा, जिला महामंत्री नीरज कुमार, तरुण देवी दास, गन्नौर से पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री, बबीता दहिया, किरण बाला, आरती शर्मा, डॉ. पुनीता, नवीन मंगला, योगेश कौशिक, सोनिया मोर, किशोर वशिष्ठ, नवीन शर्मा, राजेश मुकीमपुर, अक्षय मदान, नीरज खापरा आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा दिवस: जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में भव्य जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने हरियाणा दिवस पर सांस्कृतिक उत्सव का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा राज्य के गठन की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक उत्सव में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपरा, कला एवं विरासत को दर्शाते हुए विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। मंच पर प्रस्तुत हरियाणवी लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने ने दर्शकों को हरियाणवी मिट्टी की खुशबू से सराबोर कर दिया।60वें हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक उत्सव में प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का उत्सव न केवल पूरे प्रदेश में, बल्कि पूरे देश और दुनिया में दिखाई दे रहा है। यह दिवस हमें अपने प्रदेश के गौरव, इतिहास और उन प्रतिभाओं की याद दिलाता है जिन्होंने हरियाणा और भारत का मान-सम्मान बढ़ाया।राई विधायक कृष्णा गहलावत ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज प्रदेश हरियाणा एक-हरियाणवी एक संकल्प के साथ हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि आज का दिन केवल एक तारीख का दिन नहीं, बल्कि गर्व और गौरव का दिन है। गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान ने जिलावासियों सहित प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम सुभाष चंद्र, सीटीएम डॉ0 अनमोल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, निशांत छोक्कर, योगेश जठेडी, जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती, जीवीएम संस्था के प्रधान ओपी पुरूथी, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ0 मंजुला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हरियाणा दिवस पर जीवीएम कॉलेज में सजी लोक संस्कृति की छटा



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। हरियाणा दिवस के अवसर पर शनिवार को जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच पर छात्राओं ने हरियाणा की लोक संस्कृति, परंपरा और विरासत को दर्शाती रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। लोकनृत्य, रागनी और पारंपरिक गीतों की झंकार से सभागार गूंज उठा। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पिछले छह दशकों में शिक्षा, खेल, कृषि, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कहा, हरियाणा का किसान, खिलाड़ी और जवान हमेशा देश के गौरव को बढ़ाने में अग्रणी रहा है।गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि हरियाणा आज देश की तरक्की का मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा, हरियाणा के युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और क्षमता की कोई कमी नहीं। जिस प्रदेश की धरती पर परिश्रम और साहस परंपरा बन चुके हों, उसे कोई पीछे नहीं रख सकता। कादियान ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से सुधार हुआ है। कादियान ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मेहनत और ईमानदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं।

# भाजपा की गारंटी की कोई वारंटी नहीं: दीपेन्द्र हुड्डा

जब 2100 देने का वादा हर महिला से किया था, तो अब शर्तें क्यों लगाई जा रही हैं

हरियाणा में बड़े स्तर पर फिरौती राज चल रहा है

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा राज्य के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 59 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में हरियाणा के सभी नागरिकों का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिवस के अवसर पर भाजपा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू कर एक बार फिर प्रदेश की महिलाओं के साथ बड़ा छल किया है। बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि प्रदेश की हर महिला को 2100 दिए जाएंगे, लेकिन अब यह योजना सिर्फ 5 से 7 लाख महिलाओं तक सीमित कर दी गई है। जब वादा हर महिला से किया था, तो अब शर्तें क्यों लगाई जा रही हैं? भाजपा की गारंटियाँ सिर्फ चुनाव तक चलती हैं, उसके बाद उनकी कोई वारंटी नहीं रहती। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील सरकार है और इसे जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था हो या प्रशासनिक व्यवस्था हो अफसरशाही बेलगाम है। केंद्र की बीजेपी सरकार के कैबिनेट मंत्री के सामने खुद मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उनके हाथ में चपरासी की बदली करने का भी पावर नहीं है। क्योंकि, सब जानते हैं कि प्रदेश की सत्ता की डोर दिल्ली में किसी और के हाथ में है।हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। हरियाणा में बड़े स्तर पर फिरौती राज चल रहा है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट और आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। हरियाणा में संगठित अपराध चरम पर है। यहाँ 60 से अधिक बदमाशों के गैंग सक्रिय हैं, जो हत्या, लूट, डकैती और फिरौती जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हरियाणा को गैंगस्टर मुक्त बनाने का काम किया था। हुड्डा सरकार के समय अच्छी कानून-व्यवस्था के कारण हरियाणा में उस समय सबसे ज्यादा निवेश आया। बीजेपी ने 11 साल में प्रदेश के विकास को ही नहीं बल्कि प्रदेश की राजनीति को भी पटरी से उतार दिया है। 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, निवेश और रोजगार देने में नंबर 1 माना जाता था। प्रदेश के विकास की चमक पूरे देश में दिखती थी। आज उस हरियाणा में किसान से लेकर नौजवान तक हर कोई बीजेपी सरकार से त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, नशे की समस्या, चौपट कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश विकास के हर पैमाने पर पिछड़ गया है।सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज खरखौदा हल्के गांव छनोल्ली में किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के घर शोक व्यक्त करने पहुंचे और पूर्व पार्षद सुनील पीपली के यहाँ आयोजित सामाजिक समारोह में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सीपीएस जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जोगेंद्र दहिया, सुरेंद्र दहिया, अजित सैनी, पुनीत राणा, दीपक बाल्मीकि, राजकुमार राणा, राम सिंह प्रधान, रमेश चेयरमैन, विजय दहिया, सुषमा प्रधान,कुसुम लता, रेखा राणा,मीना धनखड़ बिजेंद्र गोखी, दयानन्द बाल्मीकि, सुभाष सारासर आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दी 1.72 करोड की सौगात

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गोहानावासियों को 60वें हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 1 करोड 72 लाख 18 हजार रूपए की सौगात दी है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत गोहाना विधानसभा में 11 विकास कार्यों पर खर्च होने वाली राशि की पहली किश्त 90 लाख 38 हजार रूपए पंचायत विभाग को प्राप्त हो गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों के लिए शीघ्र टेंडर लगाए जाएं, ताकि शीघ्र आमजन को इन विकास कार्यों का लाभ मिल सके।आज यहां जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा राज्य ने गठन के 60 साल में देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोहाना में निरंतर विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार दिल खोलकर धनराशि दे रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि एचआरडीएफ योजना के तहत 11 विकास कार्यों के लिए जो राशि जारी हुई है, उसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त एचडीआरएफ योजना के तहत 28 लाख रुपए के भी एस्टीमेट भेजे गए हैं, जिनके जल्द ही मंजूरी लेते हुए काम करवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# पार्टी के प्रवक्ता राजीव शर्मा चंडीगढ प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बने

चंडीगढ़ (अप्रस)। कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा को तुरंत



प्रभाव से चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इस आशय का एक पत्र पार्टी की लोकल यूनिट के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कल सैक्टर 35 कांग्रेस भवन में जारी किया। शर्मा, जो पेशे से वकील हैं, अगस्त 2021 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। तब से ही वह पार्टी प्रवक्ता के तौर पर काम कर रहे हैं। महासचिव के पद पर उनकी ताजा नियुक्ति के साथ साथ वह चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के तौर पर भी अपना काम करते रहेंगे। प्रदेश यूनिट के जनरल सेक्रेटरी के तौर पर, उन्हें पार्टी अध्यक्ष एच.एस.लक्की ने चण्डीगढ़ के शहरी क्षेत्रों में ज़मीनी स्तर पर पार्टी को संगठित और मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# सीएसआईआर-सीएसआईओ ने एसबीआई के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0' के साथ स्थापना दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), सेक्टर 30, चंडीगढ़ ने 1 नवंबर 2025 को अपना स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर संस्था ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0- स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

इस रन में सीएसआईआर-सीएसआईओ, सीएसआईआर-इमटैक और एसबीआई सहित विभिन्न संस्थानों के 170 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संदेश देने के साथ दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईओ लेडीज क्लब द्वारा श्रीमती निशा सिंह भट्टाचार्य के नेतृत्व में किया गया। साथ ही डॉ. उमेश तिवारी और डॉ. अमोल भोंडेकर के मार्गदर्शन में स्टाफ क्लब ने सह-आयोजन किया। आयोजन में डॉ. प्रीतिस्मिता, नीलम, पूजा, नेहा, रेखा, आशा रानी, ऋतु और अन्य टीम सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सीएसआईओ के निदेशक श्री शांतनु भट्टाचार्य, एसबीआई के उप महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और स्वच्छ, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज निर्माण की अपील की। दौड़ ने प्रतिभागियों में टीमवर्क, फिटनेस और सामाजिक दायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया।

# चाकू मारकर युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) की पुलिस ने चाकु मारकर युवक की हत्या करने की घटना संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जतिन पुत्र राजेश निवासी भठगांव जिला सोनीपत व दीपक पुत्र जिले सिंह निवासी जिला बहरोड़ राजस्थान के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 4 अक्तूबर को सत्यनारायण पुत्र लाल चन्द निवासी गांव रिठाल जिला रोहतक ने थाना सिविल लाईन सोनीपत मे शिकायत दी थी कि मेरा सबसे छोटा लड़का मन्दीप मेरी बड़ी लड़की के पास गांव शहजादपुर मे रहता था। जो आज हर रोज की तरह पढने के लिए गैलक्सी कोचिंग सैन्टर, सुभाष चौंक सोनीपत मे समय तकरीबन सुबह 09.00 बजे गया था। समय तकरीबन 02.30 क्रूपर सुचना मिली की मन्दीप को सारंग रोड के पास हांडा हॉस्पिटल के सामने कुछ नौजवान लड़के जो बाइक व गाडियो मे आये थे उन्होने मेरे बेटे मंदीप को चाकुओं से मारकर मौके से भाग गये और मेरे बेटे मन्दीप को अस्पताल मे लाते समय मेरे बेटे की मौत हो गई। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाना सिविल लाईन सोनीपत मे अभियोग अंकित किया गया था।

# दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट: हरियाणा ने दिल्ली टीम को हराया

विधायक देवेंद्र कादियान बोले– दिव्यांग खिलाड़ी साबित कर रहे हैं कि हौसले से बड़ी कोई ताकत नहीं

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। हरियाणा दिवस के अवसर पर शनिवार को फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से एसएफसी क्रिकेट एकेडमी मुरथल में दो दिवसीय केसरी दिव्यांग टी-20 क्रिकेट कप का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दिल्ली टीम को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स ने स्पॉन्सर किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि के रूप में टॉस उछालकर किया। आयोजक सुनील पहलवान, दीपक अंतिल और कृष्ण मलिक ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता की भावना पैदा करता है। उन्होंने कहा, दिव्यांग खिलाड़ियों ने साबित किया है कि जज्बा हो तो कोई कमी बाधा नहीं बन सकती। ये खिलाड़ी असली चैम्पियन हैं, जो हौसले से खेल को जी रहे हैं। कादियान ने यह भी कहा कि सरकार ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें। शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में मात दी। टॉस जीतकर हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन बनाए। अजय बिड्डू ने 39 गेंदों पर शानदार 52 रन ठोके। जवाब में दिल्ली टीम 18.3 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। लक्की रावत ने 32 गेंदों पर 64 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।अजय बिड्डू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 2 नवम्बर को खेला जाएगा। विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार का इनाम दिया जाएगा। इस मौके पर एसीपी अमित धनखड़, ओलंपिक मेडलिस्ट रवि दहिया, राजा पहलवान, कृष्ण बैंयापुर, सुमित मलिक, सतेंद्र मलिक (भारत केसरी) और कोच कुलदीप सहित कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं, जिन्होंने दिव्यांग खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** राकेश कुमार पुत्र श्री रामचंद्र, निवासी मकान नंबर 1729/6, नया बाज़ार, नाहन, जिला सिरमौर (हि.प्र.) ने अपना नाम राकेश कुमार अग्रवाल (पुराना नाम) से बदलकर राकेश कुमार (नया नाम) कर लिया है। यह सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगा। सभी संबंधित व्यक्ति कृप्या नोट करें।

**मैं,** कुलदीप सिंह पुत्र श्री सूरत सिंह, निवासी गांव किणु, डाकघर पनोग, उप-तहसील रोनहाट, जिला सिरमौर (हि. प्र.), घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र हंशित पोजटा (पुराना नाम) का नाम बदलकर हर्षित पोजटा (नया नाम) कर दिया है। सभी संबंधित नोट करें। एपी-5382

**मैं,** राहुल सुपुत्र बलबीर # 2648, 38 West, DMC, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर राहुल कुमार कर लिया है।

**मैं,** रवि शंकर पुत्र विजय नारायण सिंह निवासी क्वार्टर नं. 1055 टाइप 3 ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 7 बी चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम प्रत्यूष से बदलकर प्रत्यूष सिन्हा रख दिया है। एपी-5383

**मैं,** एर्रना, सैन्य संख्या- 15721375L रैंक- नायक नाम- थंड्रा मल्लेश का पिता हूँ स्थायी पता- मकान नंबर 3-72, गाँव - अंकोली, पोस्ट- अंकोली, तहसील- आदिलाबाद, जिला- आदिलाबाद, राज्य - तेलंगाना, पिन नंबर- 504001 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम एर्रना से बदलकर थंड्रा एर्रना कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/01/1968 से 01/01/1971 कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219295, दिनांक- 01/11/2025

**मैं,** सुशीला सैन्य संख्या- 15721375एल रैंक- नायक नाम-थंड्रा मल्लेश की माता हूं स्थायी पता- मकान नंबर 3-72, गांव - अंकोली, पोस्ट - अंकोली, तहसील- आदिलाबाद, जिला- आदिलाबाद, राज्य - तेलंगाना, पिन नंबर- 504001 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सुशीला से बदलकर थंड्रा सुशीला कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/01/1972 से 01/01/1976 कर ली है। शपथ पत्र संख्या-11AA219296, दिनांक- 01/11/2025

**मैं,** निर्मला, सैन्य संख्या- JC 677747W रैंक- नायब/सूबेदार नाम- जय प्रकाश की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एससी बटालियन C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पास, गाँव कुआखेड़ा, कलाल खेरिया, आगरा, उत्तर प्रदेश- 282006 घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से निर्मला लिखा हुआ है, लेकिन सिविल/सरकारी दस्तावेज़ों के अनुसार मेरा सही नाम निर्मला यादव है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219293, दिनांक- 01/11/2025

**मैं,** सविता, सैन्य संख्या- JC 353583N, रैंक- सूबेदार नाम- रघबीर सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में GE CTL (WC) चंडीगढ़ में तैनात है स्थायी पता- भलेता (38), कांगड़ा, भलता, हिमाचल प्रदेश, 176201 घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से सविता लिखा हुआ है, जबकि सिविल/सरकारी दस्तावेज़ों के अनुसार मेरा सही नाम सविता पठानिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219292, दिनांक- 01/11/2025

**मैं,** रामू कुमारी, सैन्य संख्या- 14674644H रैंक- हवलदार नाम- नारायण राव गेडेला की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूँ वर्तमान में यूनिट- 61 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 11-105, गच्चापुवीधी, नरसीपट्टनम, नरसीपट्टनम, डाकघर- नरसीपट्टनम, जिला- विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश - 531116 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रामू कुमारी से बदलकर रमा कुमारी गेडेला कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA219291, दिनांक- 01/11/2025 एपी-5384

**मैं,** रेखा रानी पत्नी श्री अमित चौहान, निवासी मकान नंबर 215, सेक्टर 12, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम रेखा रानी से बदलकर रेखा चौहान कर लिया है। एपी-5385

**मैं,** प्रीति (Preeti) पत्नी नरेंद्र निवासी गांव किनाना तहसील व जिला जींद (हरियाणा) अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरे कुछ दस्तावेज में मेरा नाम प्रीति (Preeti) और कुछ दस्तावेजों में प्रीति (Priti) दर्ज है दोनों ही मेरे नाम है भविष्य में मैं अपना नाम प्रीति (Priti) रखना चाहती हूं, मुझे प्रीति (priti) नाम से जाना जाए। एपी-5386

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुरदीप, पुत्र श्री बलवान, जन्मतिथि 2 अक्टूबर 2005, वर्तमान में 1005 एन सेंटर एवेन्यू, अपार्टमेंट 6206, ओन्टारियो, कैलिफोर्निया, अमेरिका (ZIP 91764-6509) में निवास कर रहे हैं तथा मेरा स्थायी पता गांव व डाक. खरक पांडवां, जिला कैथल, हरियाणा, भारत (पिन कोड 136117) है, मैने अपना नाम गुरदीप से बदलकर गुरदीप गुरदीप कर लिया है। अब से मैं सभी सरकारी, कानूनी एवं यात्रा संबंधी कार्यों में गुरदीप गुरदीप नाम से ही जाना और पहचाना जाऊंगा। संबंधित नोट करें। एपी-5387

## बेदखली सूचना

**मैं,** माया पत्नी कूकी राम, मकान नंबर 6603-सी, सेक्टर 56, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र विनोद, उसकी पत्नी नीता और उनके बच्चे गुनगुन, सुहाना और भूमिल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। एपी-5383

**मैं,** पवन (आ.नं.3988 8099 05835) पुत्र मोलड राम निवासी गांव कर्मगढ़ तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरी पुत्री ज्योति हमारे कहने- सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ कोई भी लेनदेन करता है। वह स्वंय जिम्मेवार होंगे। एपी-5386




## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हजारों वर्ष पहले भी था हरियाणा प्रदेश

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 1 नवंबर।** पूरे प्रदेश में 1 नवंबर को हरियाणा दिवस मनाया जा रहा है। हर और हरियाणा दिवस की धूम मची हुई है। परंतु क्या हरियाणा 1 नवंबर 1966 में ही बना था इसको लेकर भी विचार विमर्श करने का समय आ गया है। पिहोवा के उभरते युवा इतिहासकार व रहस्यमयी सरस्वती शोध संस्थान के अध्यक्ष विनोद पचौली ने इस पर सवाल खड़ा किया है। इतिहासकार विनोद पचौली ने बताया कि 1808 ईस्वी में भी हरियाणा था तथा हरियाणा का नक्शा भी प्रदर्शित किया गया। विनोद कुमार पंचोली ने बताया कि पिहोवा तीर्थ एक धार्मिक स्थान ही नहीं बल्कि एक खुला संग्रहालय है। इसमें स्थान स्थान पर इतिहास व पुरातात्विक अवशेष पड़े हैं। हरियाणा का नामकरण कब हुआ। व इस प्रदेश का निर्माण किसने किया। इस प्रश्न का उत्तर इतिहासकारों के पास भले ही ना हो। लेकिन इसको पुरातात्विक अवशेष शिलालेख व स्तंभ लेख हरियाणा की प्राचीनता को सिद्ध करते हैं। महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्री कृष्णा पृथुदक पिहोवा में युधिष्ठिर को लेकर आए थे। उन्होंने यहां पर एक महाभारत स्मारक के रूप में चक्र भगवान विष्णु का मंदिर व एक धर्म ध्वजा विष्णु स्तंभ के नाम से स्थापित की थी। भगवान श्री कृष्णा जो श्री हरि ही थे। उनके आने के कारण ही हरि का जहां आना हुआ उसका नाम करण हरियाणा हुआ। जो धर्म ध्वजा श्री कृष्ण ने युधिष्ठिर के हाथ से यहां स्थापित कराई थी। वह दिल्ली में महरौली कुतुब मीनार के पास लोह स्तंभ है। इतिहासकार विनोद पचौली ने बताया कि पिहोवा में एक शिलालेख आदित्य वर्धन का 537 ई का सुरक्षित है। हर्षवर्धन के 606 ई के बाद इस क्षेत्र पर तोमर शासक गोगा व पूर्ण राज देवराज ने राज्य किया। उन्होंने पिहो वा को हरियाणा की राजधानी बनाया। करनाल जिला गजट के अनुसार 736 ईस्वी में आनंदपाल प्रथम ने पिहोवा से अपनी राजधानी हटाकर दिल्ली में स्थानांतरित कर विष्णु की ध्वजा सहित दिल्ली अर्थात दिल्ली को राजधानी बना दिया। विनोद पंचौली ने कहा कि अभिलेखाकर हरियाणा राज्य पंचकूला में हरियाणा का एक 1808 का नक्शा आज भी सुरक्षित है। जो खुद ही हरियाणा की प्राचीनता का सिद्ध करता है। जिसमें हरियाणा राज्य के एक और सतलुज को सीमा बनाता दिखाया गया है वह दूसरी ओर यमुना को। जिला सिरसा व फरीदाबाद को छोड़कर रोपड़ से फिरोजपुर तक पूर्व मालवा क्षेत्र हरियाणा में था। 1857 की क्रांति से पहले कैथल थानेश्वर लाडवा जहाजगढ़ जिले रह चुके हैं। दिल्ली भी हरियाणा का एक जिला था। हांसी हरियाणा की राजधानी थी। जॉर्ज थॉमस हरियाणा का आरिश मूल का राजा था जो सभी सिख रियासतों से कर वसूल करता था। यह नक्शा भी हरियाणा अभिलेखागार पंचकूला में सुरक्षित है। युवा इतिहासकार विनोद पचौली ने बताया की हरियाणा कब बना। किसने इसका हरियाणा का नाम दिया। यह सभी गजट में व अन्य लेखो में लिखा पड़ा है। परंतु वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होकर हरियाणा बनाया गया। हरि का आना के नाम से हरियाणा शब्द बना। तब से यह हरियाणा दिवस के नाम से मनाया जाने लगा। जबकि वास्तव में हरियाणा वर्षों पहले से ही था।

> हरियाणा राज्यस्य जन्म 1 नवम्बर 1966 इति नास्त्येव।
> देशोऽस्ति हरियाणाख्यः पृथिव्यां स्वर्गसन्निभः इति देहल्यां प्राप्तस्य कस्यचन् शिलालेखस्य पंक्तिः, येन स्पष्टं भवति हरियाणायाः स्थितिः।
> आधुनिकयुगे स्वतन्त्रतानन्तरकाले पुनर्नामितोऽयं (पुनस्सीमितः) प्रदेशः।
> शिलालेखस्य कालस्तु विक्रमसम्वत 1384 तदनुगुणं 1327 ईस्वीयवर्षमित्यस्ति।
> किन्त्वेतेनापि नेदं निश्चितं यत् सन् 1327 इति हरियाणायाः जन्मवर्षम् अपितु ततोऽपि पूर्वं आप्राचीनकालान्न जाने कियत् पुराणम् अस्माकम् एतद् राज्यम् अथ च एतस्य परम्परेति।

## प्रेमाभक्ति के भाव से गूंज उठा 78वां निरंकारी संत समागम

# ब्रह्मबोध से ही सम्भव है आत्मबोध : माता सुदीक्षा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 1 नवंबर।** हमें अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान करने के लिए परम अस्तित्व परमात्मा को जानना जरूरी है क्योंकि ब्रह्मबोध से ही आत्मबोध सम्भव है।'' यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने समालखा (हरियाणा) स्थित निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित चार दिवसीय 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन देश-विदेश से आये हुए लाखों के श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि संसार में विभिन्न धर्म हैं और हर किसी की अपनी अपनी आस्था है; पर हर कोई एक ही सत्य की बात कर रहा है। वास्तव में यह एक निराकार परमात्मा ही है जो सदैव रहने वाला सत्य है। यही सबका मूल स्रोत है। जब हम इस स्रोत के साथ जु?कर एकत्व के भाव में समाहित हो जाते हैं तो फिर कोई विपरीत भाव मन में उत्पन्न नहीं होता। समागम का मुख्य विषय 'आत्ममंथन' भी इसी ओर अग्रसर करता है कि इस एक सत्य का आधार लेकर आत्ममंथन करते हुए हम अपने भीतर की यात्रा तय करते चले जाना है।

भौतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि जिन सांसारिक उपलब्धियों के लिए मनुष्य अपना अमूल्य समय व्यतीत कर रहा है वह समाजिक उपलब्धियां, पारिवारिक रिश्ते यहां तक कि मन के विचार आदि सब अस्थाई हैं और वे भी समय के साथ बदलने ओर अंत में समाप्त होने वाले हैं। माता जी ने स्पष्ट करते हुए बताया कि स्थायी केवल परमात्मा है। यह परमात्मा जितना बाहर है उतना भीतर भी है। जब इस स्थायी परमात्मा की उपलब्धि होगी तभी मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य पूर्ण होगा। सतगुरु माता जी ने उदाहरण देकर समझाया कि जिस तरह हम कमरे के अंधेरे को दूर करने के लिए स्विच ऑन करते हैं और उजाले का इंतजार नहीं करना प?ता उसी प्रकार से अज्ञानता के अंधेरे में जी रहे मनुष्य के जीवन में जब ब्रह्मज्ञान प्रवेश करता है तो ज्ञानरूपी प्रकाश से तुरंत आलोकित हो जाता है। अंत में सतगुरु माता जी ने समझाया कि आत्ममंथन अथवा भीतर की यात्रा मनोवैज्ञानिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक विषय है।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाई सरदार पटेल की जयंती



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** हरियाणा दिवस के अवसर पर शनिवार को लाडवा की दा कोणार्क अकादमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी के निदेशक एस.एस.शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया और कहा कि हरियाणा केवल एक शब्द नहीं है, हरियाणा मतलब हरि का आना जहां ईश्वर का निवास स्थान हो। इसी देव भूमि पर भगवान ने गीता जैसे धार्मिक पवित्र ग्रंथ का उपदेश दिया था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी नाटक, नृत्य व धार्मिक हरियाणवी गीतों का आयोजन किया गया। छात्रों की प्रभिता देखकर अकादमी की प्रधानाचार्या अंजनी ङ्क्षसह ने भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही छात्र छात्राओं को बताया की आज लौहपुरुष सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती भी है। उन्होंने भारत की 562 रियासतों को एक कर नए भारत देश का निर्माण किया था देश उनके त्याग, बलिदान व देश प्रेम को कभी नहीं भूलेगा। इस अवसर पर अकादमी के बच्चों सहित स्टाफ भी मौजूद था।

### एक दिवसीय सीबीएसई इन हाउस ट्रेनिंग का आयोजन



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के सहारा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को एक दिवसीय सी.बी.एस.ई. इन-हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन बाबा राम दास विद्यापीठ कुलवेहरी करनाल की प्रिंसिपल नीनू चांदना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का आह्वान करते हुए संचालिका नीनू चांदना, विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर गीतिका अग्रवाल व उप प्रधानाचार्य रितु गोगिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षण सत्र में हैप्पी क्लास रूम विषय पर सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए कक्षा को अधिक आनंददायक, रचनात्मक एवं छात्र-केंद्रित बनाने के विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया। इस प्रशिक्षण सत्र को प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल ने अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि एक हैप्पी क्लास रूम सिर्फ अच्छी पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण की प्रथम सीढी है। यदि हमारी कक्षाएं खुशहाल होंगी तो बच्चे आत्मविश्वासी, रचनात्मक और संवेदनशील नागरिक बनेंगे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों सहित अन्य स्कूलों के शिक्षक भी मौजूद थे।

# टॉपर्स बेटियों की कोचिंग की 50 प्रतिशत फीस देगा राह ग्रुप फाउंडेशन : नरेश सेल्पड

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद।** राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि यदि जींद जिले में कोई बेटी या बेटा सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए कोचिंग लेता है, तो उसकी 50 प्रतिशत फीस राह ग्रुप फाउंडेशन अदा करेगी। इसके अलावा संस्था बेटियों को ब्यूटी पार्लर, बुटीक व सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दिलवाने की दिशा में भी भरसक प्रयास करेगी। वे राह क्लब जींद और सैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में गांव ठाठरथ में आयोजित होनहार बेटियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। वो समारोह की शुरुआत गांव की टॉपर बेटियों सलौनी और 12वीं कक्षा की प्रतिभाशाली छात्रा ज्योति सहित अन्य मेधावी छात्राओं को सम्मानित करके हुई। इस अवसर पर शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया। नरेश सेलपा? ने कहा कि किसी भी बेटी या बेटे की उड़ान आर्थिक कमी के कारण रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने समाज के संपन्न और शिक्षित वर्ग से आह्वान किया कि वे भी इस मुहिम से जुड़कर समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का सहयोग करें। उन्होंने इस दौरान सैन समाज के सबसे बुजुर्ग व्यक्तियों को भी सम्मानपूर्वक शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी जगदीश सेलपाड, रामचरण बराह खुर्द, रामनिवास बाजवान ठाठरथ, राह क्लब जुलाना के अध्यक्ष सुभाष चांदीवाल, राह क्लब पिल्लूखेड़ा के अध्यक्ष तपेदार कृष्ण चांदीवाल, कुलदीप सैन भुरायण, राममेहर बाजवान, दिलबाग सेलपाड़, संजय सेलपाड खांडा, मास्टर अजमेर मोरखी, विक्रम सेलपाड पिल्लूखेड़ा, राह क्लब हिसार के अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, राह क्लब जींद के अध्यक्ष राजेश टाक, जींद क्लब के सलाहकार सुनील लितानी, पर्यावरण प्रभारी सारदूल वर्मा, मोनू चांदीवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिन्होंने हरियाणा को बनाया उन्हें लोग भूल चुके हैं

> करनाल से चौधरी मुल्तान सिंह पहली विधानसभा में डिप्टी स्पीकर, पानीपत से फतेह चंद पहले विधायक थे
>
> हरियाणा को बनाने में बाबू मूलचंद , मुल्तान सिंह, देवीलाल, दलबीर सिंह, चिरंजीलाल तथा मंगसैन की अहम भूमिका

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 1 नवंबर।** हरियाणा साठ साल का हो गया हैं। 59 साल पहले एक नववंर को हरियाणा पंजाब से अलग हुआ था। उस समय हरियाणा में 54 हलके थे। इनमें से 10 हलके आरक्षित विधानसभाथे। आज अतीत के झरोखे से यह दिखता है कि हरियाणा के पहली विधानसभा में करनाल जिले से मुल्तान सिह कल्याण विधायक थे। वह पहली विधानसभा में डिप्अी स्पीकर रहे थे। संयुक्त पंजाब की विधानसभा के 1962 -1967 के कार्यकाल में हुआ था। हरियाणा बनने के बाद पहली बार विधानसभा के चुनाव 19 67 में हुएथे। उस समय घरौंडा से विधायक के रूप में मुल्तान सिंह कल्याण विघायक बने थे। उन्हें मंत्री भी बनाया गया।

हरियाणा की पहली विधानसभा में चांद राम, रणबीर सिंह हुड्डा, देवी लाल, चौधरी दलबीर सिंह, मुल्तान सिंह, पंडित चिरंजी लाल,डा. मंगलसैन ,फतेह चंद विज, खुर्शीद अहमद, राव निहाल सिंह, आसेप्रभा जैन, रिजक राम, तैयब हुसैन, चंद्रावती हरियाणा के पहले सीएम भगवत दयाल शर्मा बने। जो केवल मार्च 1967 तक अपने पद पर रहें। हरियाणा में उनके बाद कोई भी ब्राह्मण समाज से मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। वह मध्यप्रदेश के राज्यपाल भी रहे। हरियाणा विधानसभा के पहले चुनाव हुए तो उस समय 54 हलकों से बढ़ा कर 70 हलके कर दिए। उसके बाद 1977 में 90 विधानसभा हलके कर दिए थे। उस समय 17 हलके आरक्षित थे।

संयुक्त पंजाब से हरियाणा को अलग करने में मुख्य भूमिका बाबू मूल चंद देवी लाल चिरंजी लाल शर्मा, मुल्तान सिंह के साथ मंगल सैन चौधरी दलबीर सिंह की रही। हरियाणा को बने 60 साल हो गए लेकिन जिन लोगों का हरियाणा को बनाने में योगदान रहा उन्हें कोई भी याद नहीं करता हैं। हरियाणा के पहले सांसदों और विधायकों को लोग भूल चुके हैं। जिन लोगों के कारण हरियाणा अस्तित्व में आया उन्हें लोग याद करना नहीं चाहते हैं।

### सरकार के सभी नियमों व निर्देशों को साइड पर रखकर सरेआम चल रहे हैं प्ले स्कूल

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर में प्ले स्कूलों की संख्या दिन प्रतिदिन बहुत बढ़ रही है जिस भी गली मोहल्लों में सड़कों वह दुकानों के ऊपर भी सरेआम प्ले स्कूल चल रहे हैं जिन प्ले स्कूलों के ऊपर चढ़ना बच्चों के मां-बाप के लिए भी मुश्किल है मुख्य भीड़भाड़ वाले सड़कों के ऊपर भी प्ले स्कूल चल रहे हैं जो यह प्ले स्कूल चल रहे हैं उनके पास जो मान्यता है वह लगभग पहली कक्षा तक की ही है और बच्चे पांचवी कक्षा तक के इन प्ले स्कूलों में पढ़ाये जाते हैं इन प्ले स्कूलों में बच्चों के खेलने के मैदान तो नाम की कोई व्यवस्था है ही नहीं है फिर बच्चे खेलते कैसे हैं किन अधिकारीयों ने इनको मान्यता दी है यह सवाल हर अभिभावकों के मन में जगह बनाए हुए हैं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कभी भी इन प्ले स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्यवाही तो बहुत दूर की बात है कभी मैन्युअल चेकिंग भी करने आते देख नहीं गए हैं छोटे-छोटे ननिहाल बच्चे महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रुति चौधरी से निवेदन करते हैं कि कुछ तो बच्चों पर रहम करें।

# संयम जीवन का शुभारंभ : मुलाना में वैरागन सिद्धि जैन भूमि का तिलक महोत्सव भव्यतापूर्वक सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 1 नवंबर।** एसएस जैन स्थानक, मुलाना की पावन भूमि पर साध्वी रत्ना सुवृद्धि जी एवं साध्वी सात्विक जी के सान्निध्य में वैरागन सिद्धि जैन भूमि का संयम अनुमोदना तिलक महोत्सव अत्यंत भव्यता एवं धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने वैरागन जी के संयम जीवन की अनुमोदना की और पुण्य अर्जित किया। समारोह का वातावरण भक्तिभाव एवं भावविभोर कर देने वाला रहा। साध्वी प्रमुखाओं के मंगल आशीर्वचन ने सभी के हृदयों को आलोकित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं नवकार महामंत्र के साथ हुआ। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने वैरागन सिद्धि जैन भूमि को तिलक कर संयम जीवन के आरंभ की अनुमोदना की।

इस अवसर पर एस.एस. जैन सभा मुलाना के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि 5 नवंबर को पावन चातुर्मास सम्पन्न हो रहा है। इस अवसर पर एसएस जैन स्थानक मुलाना में चातुर्मास सम्पन्न समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी तपस्वियों सहित गणमान्यों को सम्मानित किया जाएगा।

यह आयोजन समाज के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि किसी भी साधक का संयम जीवन में प्रवेश समस्त समाज के लिए प्रेरणास्रोत होता है। भक्तिमय माहौल में सम्पन्न इस आयोजन में साधु-साध्वियों, श्रावक-श्राविकाओं एवं दूर-दूर से आए जैन समाज के लोगों ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक क्षण को साक्षी बनाया।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवती जागरण, होगा विशाल भंडारा

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** गुरु महाराज 1008 महंत योगी बच्चन नाथ बच्चन जी के आशीर्वाद और ईश्वर की अपार कृपा से कार्तिक पूर्णिमा व श्री गुरुपर्व पर भगवती जागरण हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया और किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन महंत योगी बच्चन नाथ फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। गुरु जी की गद्दीनशीन 108 महंत योगी ऊषा नाथ जी द्वारा इसके लिए सब को आमंत्रित किया जा रहा है। योगी बच्चन नाथ फाउंडेशन द्वारा सभी से कार्यक्रम में पहुंचने का निवेदन किया जा रहा है। 4 नवंबर 2025 को रात्रि को विशाल भंडारा व 8 बजे रात्रि से जागरण माँ सिद्धेश्वरी आश्रम, अंबाला शहजादपुर रोड, सौंतली गाँव मोड़, नज़दीक राइस शेलर, सौंतली में किया जाएगा। फाउंडेशन के सदस्य, समाजसेवी एवं पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने बताया यह एक ऐतिहासिक स्थान है जहां दमे की दवाई दी जाती है। जिससे पुराने से पुराना दमा दूर हो जाता है। महंत ऊषा नाथ जी अब तक हजारों लोगों को लाभ पहुंचा चुके हैं।

# नाकाबंदी में चोरी की बाइक संग शातिर चोर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 1 नवंबर।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर-12 गुरुद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र रामकरण निवासी गांव लल्हेड़ी, सोनीपत हाल निवासी कालीरामण पाना, समालखा के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय के अनुसार, पुलिस टीम संदिग्धों की जांच कर रही थी, तभी आरोपी स्पलेंडर बाइक पर सेक्टर-11 की ओर से आया। कागजात मांगने पर वह बहाने बनाने लगा। गहन पूछताछ में उसने 6 अगस्त 2024 को देवीलाल कॉम्प्लेक्स स्थित एक खाली प्लॉट से यह बाइक चोरी करने की बात कबूल की। मामले में थाना शहर में पहले से शिकायत दर्ज है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है और नशे के लिए पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने चोरी की वारदात की। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं, तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं : एसपी

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 1 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं।

यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है।

इसमें पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले डराया जाता है। कहा जाता है कि ऊपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमें वीडियो कॉल के द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है। ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलांस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता और न ही किसी को कॉल करने देते है। लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है।

# वर्ष 2047 तक विकास में नंबर वन होगा हरियाणा : विधायक

## हरियाणा स्थापना दिवस पर सचिवालय में भव्य आयोजन, बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दिल

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 1 नवम्बर।** हरियाणा राज्य की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला सचिवालय सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए स्कूली बच्चों और विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, हरियाणवी लोकनृत्य, देशभक्ति गीतो ने सभागार को उत्सव स्थल में बदल दिया। हरियाणा दिवस का यह समारोह हर्षोल्लास और गर्व के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज का स्वागत उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया, नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बुके भेंट कर किया। सभी अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को हरियाणा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रमोद विज ने अपने संबोधन में कहा कि आज हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शुमार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, हरियाणा बनने के बाद से यहां विकास की गंगा बह रही है। उद्योग, शिक्षा, खेल और कृषि-हर क्षेत्र में हरियाणा ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

विज ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगपतियों के लिए निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार किया है और सड़कों का जाल बिछाकर हर जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक हरियाणा राज्य भी विकास के मामले में देश का नंबर वन राज्य बनेगा। विधायक ने हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि ओलंपिक में जब तिरंगा लहराता है, तो उसमें हरियाणा के बेटों और बेटियों का अहम योगदान होता है। उन्होंने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यही बच्चे कल के भारत और हरियाणा का भविष्य हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित भी किया व इनाम स्वरूप राशि भी भेंट की।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि इसी धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का संदेश दिया, जो मानवता का शाश्वत मार्गदर्शन करता है। डॉ. दहिया ने कहा कि पिछले 60 वर्षों में हरियाणा ने विकास के शिखर को छुआ है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या औद्योगिक क्षेत्र, हर दिशा में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि आज हरियाणा का युवा मेहनती, अनुशासित और देशभक्त है। बड़ी संख्या में हरियाणा के जवान सरहदों पर देश की सेवा में तत्पर हैं, जो राज्य के गौरव की मिसाल है। उन्होंने उपस्थित गण मान्य व्यक्तियों को हरियाणा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त डॉ. दहिया ने विधायक प्रमोद विज को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों और विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने हरियाणवी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, कविताएं और रंगमंचीय प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों की खूब वाहवाही लूटी। लोक संपर्क विभाग की टीम ने भी अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल को रोमांचक बना दिया।

# कोटेवाली माता के मंदिर में रात बिताने वाला नहीं देख पाता अगली सुबह

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से जाना जाता है। यहां अनेकों देव देवलु साक्षात रूप में निवास करते हैं। कांगड़ा जिला, माता ब्रजेश्वरी, माता चिंतपूर्णी और ज्वालामुखी जैसी आदि शक्ति पीठों के लिए न केवल भारत बल्कि विश्व में विख्यात है तथा धार्मिक स्थलों के साथ-साथ पर्यटन के लिए भी विशेष महत्व रखता है। यहां गर्म पानी के अनेकों चश्मे सैलानियों को बरबस अपनी ओर खींच लाते हैं। यहां की सुंदर वादियों में स्थित बाबा बालकनाथ का मंदिर, शिब्बोथान का मंदिर और कालेश्वर नाथ एवं बैजनाथ के मंदिर आदि स्थान अपनी धार्मिक मान्यताओं के लिए जगत प्रसिद्ध हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु हर वर्ष इन मंदिरों की परिक्रमा करने पहुंचते हैं।

कांगड़ा जिले की नूरपुर तहसील में स्थित अत्यंत रमणीक स्थल है 'कोटेवाली माता का मंदिर'। यह स्थान राजा का तालाब से सड़क मार्ग द्वारा 8 किलोमीटर और कांगड़ा घाटी रेल मार्ग से तलाड़ा रेलवे स्टेशन से 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अति रमणीक पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर धार्मिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए रहस्य का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर 300 सीढ़ियां चढ़ कर अत्यंत रमणीक एवं आकर्षक पहाड़ी पर स्थित है। यहां डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानें बनी हुई हैं जहां प्रसाद व चायपान की व्यवस्था मौजूद है। यात्रियों के विश्राम के लिए धर्मशाला एवं पीने के पानी की भी सुंदर व्यवस्था है। माता रानी की भव्य मूर्ति श्रद्धालुओं को वशीभूत कर लेती है। इस स्थान की विशेषता यह है कि रात को यहां कोई भी व्यक्ति नहीं ठहर सकता। किंवदंती के अनुसार अष्टभुजा माता रात को साक्षात प्रकट होकर यहां विभिन्न लीलाएं करती हैं। यहां रात को ठहरने वाला अगले दिन की सुबह नहीं देखा पाता यानि वो जीवित नहीं रहता। किंवदंती अनुसार आनंद तोमर ने दिल्ली का शासन जब अपने दोहते पृथ्वी राज चौहान को सौंपा तो उनके कुछेक संबंधियों ने विद्रोह कर दिया परन्तु वे पृथ्वी राज चौहान के सामने टिक न पाए। वे सब उत्तर की सुरक्षित पहाड़ियों की ओर जान बचा कर दौड़े। कहते हैं कि आते हुए अपनी कुलदेवी को भी साथ ले आए। यही कुलदेवी आज कोटेवाली माता के नाम से विश्व विख्यात हैं।

टेवाली मां असंभव से असंभव कार्य को चुटकी में संभव कर देती हैं। यहां इस संबंध में एक चमत्कारी घटना का उल्लेख करना आवश्यक है। एक सदी पूर्व निकटवर्ती गांव की एक नन्हीं बच्ची यकायक गायब हो गई। हर जगह ढूंढने पर भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला। बहुत ढूंढने के बाद बच्ची के माता-पिता को ध्यान आया कि कोटेवाली माता से उन्होंने संतान प्राप्ति के लिए मनौती मांगी थी परन्तु उसे पूरा करना भूल गए थे। माता को मनौती चढ़ाने और क्षमा मांगने के तीन दिन बाद बच्ची सुरक्षित अभिभावकों को मिल गई। पूछने पर बच्ची ने बताया कि वह दादी मां के साथ रहती थी और दादी मां उसे हलवा-पूरी खिलाया करती थी। इस घटना को सुनकर बच्ची के परिजन और गांववासी हतप्रभ रह गए। ऐसी अनेकों आलौकिक और चमत्कारिक घटनाएं 'कोटेवाली माता' के साथ जुड़ी हुई हैं।



वर्तमान समय में मंदिर की देख-रेख 1971 से 'गुरियाल गांव की एक कमेटी' कर रही है। कमेटी की देख-रेख में इस ऐतिहासिक महत्व के मंदिर की अभूतपूर्व तरक्की हुई है। गुरियाल गांव से मंदिर के चरणों तक लगभग दो किलोमीटर का दुर्गम पहाड़ी रास्ता पक्का हो चुका है और उसके आगे मंदिर तक लगभग 250 सीढ़ियां सरल चढ़ाई के लिए बनवाई गई हैं। यहीं नहीं मंदिर परिसर में एक विशाल लंगर भवन तथा डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानें मां के दरबार की तरक्की का बखान करती हैं। मंदिर कमेटी निरंतर विकास कार्यों में जुटी हुई है। यूं तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता इस मंदिर में लगता रहता है परन्तु नवरात्रि के दौरान यह भीड़ कई गुणा बढ़ जाती है। इस दौरान प्रति दिन विशाल भंडारे की व्यवस्था स्थानीय मंदिर कमेटी द्वारा की जाती है तथा देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मन्नत चढ़ाने और माता के दर्शन करने मंदिर में खिंचे चले आते हैं।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यूं तो मां की असीम कृपा से यहां किसी भी चीज की कमी नहीं है परन्तु सरकार और प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि राजा का तालाब से गुरियाल गांव में पडने वाली कांगड़ा रेलवे लाइन पर फाटक की सुविधा जुटा कर मंदिर को सड़क मार्ग से जोड़े। इससे श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से आने-जाने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

यही नहीं मंदिर परिसर से विश्व प्रसिद्ध पौंग बांध का नजारा देखते ही बनता है। यहां के घने जंगल और सुरम्य पहाड़ियां इस स्थान की सुंदरता को चार-चांद लगाती हैं। यदि हिमाचल प्रदेश सरकार पर्यटन की दृष्टि से इस स्थल को विकसित करने की व्यवस्था करे तो सोने पर सुहागे का काम होगा। वन विभाग द्वारा इस स्थान पर विश्राम गृह की व्यवस्था भी अति आवश्यक है। पर्यटन विभाग और प्रदेश सरकार इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करे तो यह स्थान विश्व के नक्शे पर उभर सकता है।




## नोकरियां यहां देखें

**राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित स्टैटिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 113
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर, 2025
योग्यताः पीजी
आयु सीमाः 21 से 40 साल
करें आवेदनः
**rpsc.rajasthan.gov.in**

**नेशनल शिप रिपेयर यार्ड में अप्रेंटिस के**
कुल पदः 210
आवेदन की अंतिम तिथिः 23 नवंबर, 2025
योग्यताः आठवीं दसवीं व आईटीआई
आयु सीमाः 14 से 18 साल
करें आवेदनः
**apprinticeshipindia.gov.in**

**आईआरसीटीसी में हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर के**
कुल पदः 64
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 नवंबर, 2025
योग्यताः बीएससी
आयु सीमाः अधिकतम 28 साल
आवेदन करें :
**www.irctc.com**

**एसबीआई में इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के**
कुल पदः 103
आवेदन की अंतिम तिथिः 17 नवंबर, 2025
योग्यताः पीजी,सी ए व अन्य आयु सीमा 25 से 50 साल
करें आवेदनः
**recruitment.sbi.bank.in**

**बाबा फरीद यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर व अन्य के**
कुल पदः174
आवेदन की अंतिम तिथिः3 नवंबर, 2025
योग्यताः संबंधित क्षेत्र में पीजी
आयु सीमाः अधिकतम 50 साल
करें आवेदनः
**bfuhs.ac.in**

**बिहार एसएससी द्वारा विज्ञापित एलडीसी के**
कुल पदः 14921
आवेदन की अंतिम तिथिः 24 नवंबर , 2025
योग्यताः 12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 37 साल
करें आवेदनः
**onlinebssc.com**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

# हम इन अनमोल स्वासों को प्यार के साथ बिताएं




सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

थोड़ी सी घड़ियां ये हमें मिली हैं जीने के लिये। थोड़ी सी ही सांसें मालिक ने बख्शी हैं, ये हमेशा चलती नहीं रहेंगी, ये हमेशा कभी भी, किसी की नहीं चलती रही हैं। ये स्वासों की लड़ी टूटती ही टूटती है देर सवेर और किसी को पता नहीं है कि कब तक चलेंगी। हाने को 100 वर्ष जी जायें और होने को सड़क भी न पार कर पायें। वो भी मिसाल दास ने चंद दफा दी है कि दिल्ली की एक घटना करीब 10-12 वर्ष पहले की है। दिल्ली का ट्रैफिक कितना मशहूर है और आज कल भी वो साइकिल चल रहा है सम-विषम का ट्रैफिक को कम करने के लिए। तो वहां हरचौराहे पर कितनी-कितनी देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। लम्बे लाल सिग्नल के हरा होने तक कितनी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। तो इसी तरह से बेटा गाड़ी चला रहा है और पिता साथ में बैठा है। अब सिग्नल जब बदला हरी लाईट हुई आगे की गाड़ीयां दो-तीन जो थी वो चल पड़ी और ये गाड़ी चल नहीं रही है। पिता कहताहै बेटा हरा सिग्नल हो गया है। अगदी गाड़ियां चली गई, चला आगे। तो कोई हरकत नहीं, तो पिता घूम कर देखता है बेटे की गर्दन एक तरफ लटकी हुई है। यानि कि स्वांस ही निकल चुके थे। इतनी देर में भी कोई हाय, कोई आवाज़ नहीं निकली। क्या भरोसा है जिन्दगानी का, आदमी बुलबुला है पानी का।

तो इतना सीमित सा जीवन मालिक ने बख्शा है। इतनी सीमित सी स्वासें हमें बख्शी हैं। तो क्यों न हम स्वासों को प्यार के साथ बितायें। हम झगड़े, वैर, ईर्ष्या, नफ़रत के साथ इस उम्र, इन अमोलक स्वासों का मोल डाल रहे हैं क्या? एक ठीकरा, एक कौड़ी मोल डाल रहे हैं। वैर, ईर्ष्या, नफ़रत करते हुए इस तमाम उम्र को बिता देते हैं और प्यार करने के लिये तो एक उम्र भी कम है। लेकिन हम अपनी तमाम स्वासें इन्हीं संकीर्णताओं, इन्हीं खुदगर्जियों, इन्हीं टकरावों में, जलन करने में बिता देते हैं। ऐसा जो करते हैं उनके ज्यादा नादान और मूर्ख कोई हो नहीं सकता है, कि अमोलक स्वांसों का क्या यही मोल डाला? यही कीमत डाली? मालिक की तरफ से तो डाली गई, इसलिए ये इंसानी जन्म पाना भाग्य की बात मानी गई। मालिक ने तो कीमत डाली, हमें इंसानी जन्म दे दिया, लेकिन हमने उसका क्या हश्र किया। हमने खुद ही अपनी कीमत नहीं डाली।

# माफी मांगना और माफ करना मानव व्यवहार का अहम हिस्सा: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

**चंडीगढ़।** माफी मांगना और माफ करना मानवीय व्यवहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो रिश्तों को सुधारने, गुस्सा और नाराजगी को कम करने और आत्म-विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। माफी मांगने से जिम्मेदारी स्वीकार होती है और संबंध फिर से बनने में मदद मिलती है, जबकि माफ करने से मन को शांति मिलती है और क्रोध से मुक्ति मिलती है। क्षमा का मनुष्य के व्यक्तित्व में बहुत महत्व होता है। यदि आदमी गलती कर दे और उसके लिए माफी नहीं मांगे तो इसका मतलब यह हुआ कि उसके व्यक्तित्व में अहम संबंधी विकार है। उनका कहना है कि यदि कोई आदमी माफी मांगने पर भी किसी को माफ न करे तो उसके व्यक्तित्व में भी अहम संबंधी विकार होता है। सिंह ने कहा कि माफी मांगना और माफ करना दोनों ही इंसानी व्यक्तित्व को परिपूर्ण करने वाले तत्व हैं। ये शब्द मनीषी संत श्रीमुनि विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा माफ करने वाले व्यक्ति की हर कोई तारीफ करता है और उसकी प्रसिद्धि दूर दूर तक फैल जाती है। कवियों ने क्षमा को अपने अपने ढंग से परिभाषित किया है। क्षमा बडन् को चाहिए छोटन को उत्पात कहा रहीम हरि को घटयो जो भगु मारी लात जैसी पंक्तियां यही संदेश देती हैं कि क्षमा करना बड़ों का दायित्व है। यदि छोटे गलती कर देते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें माफ न किया जाए। क्षमा वीरों को ही सुहाती है। क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसका क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत सरल हो। वह लिखते हैं कि सहनशीलता, क्षमा दया को तभी पूजता जग है, बल का दर्प चमकता उसके पीछे जब जगमग है। क्षमा को सभी धमो और संप्रदायों में श्रेष्ठ गुण करार दिया गया है। मनोविज्ञानी भी क्षमा या माफी को मानव व्यवहार का एक अहम हिस्सा मानते हैं। उनका कहना है कि यह इंसान की जिन्दगी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया जीवन का उद्देश्य ही धूमिल होने मत दीजिये जो जीवन को पीछे ले जाना वाला एक और मुख्य कारक है उसे रूठना कहते हैं। व्यक्ति का इस प्रकार का स्वभाव उसे औरों से या परिवार समाज से अलग कर देता है। वह भी क्या व्यक्ति जो बात बात में रूठ जाये, नाराज हो जाये किसी भी कार्यक्रम में शामिल न हो। इस प्रकार का व्यक्ति घर परिवार में सबसे अलग और अकेला पड़ जाता है उसकी अहमियत खत्म हो जाती है और उसके जीवन के आदित्य को ही सजा पैदा हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी मूल शक्ति को ही खा जाता है।

## पंचांग

रविवार, 02 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:34 ए एम, सूर्यास्तः 05:35 पी एम, चन्द्रोदयः 03:21 पी एम, चन्द्रास्तः 03:50 ए एम, नवम्बर 03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः रविवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः एकादशी - 07:31 ए एम तक, क्षय तिथिः द्वादशी - 05:07 ए एम, नवम्बर 03 तक, नक्षत्रः पूर्व भाद्रपद - 05:03 पी एम तक, योगः व्याघात - 11:11 पी एम तक, करणः विष्टि - 07:31 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 06:24 पी एम तक, क्षय करणः बालव - 05:07 ए एम, नवम्बर 03 तक सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः कुम्भ - 11:27 ए एम तक, राहुकालः 04:12 पी एम से 05:35 पी एम, गुलिक कालः 02:50 पी एम से 04:12 पी एम, यमगण्डः 12:04 पी एम से 01:27 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:26 पी एम, दुर्मुहूर्तः 04:07 पी एम से 04:51 पी एम, अमृत कालः 09:29 ए एम से 11:00 ए एम, वर्ज्यः 01:52 ए एम, नवम्बर 03 से 03:20 ए एम, नवम्बर 03

## भविष्य फल



**मेषः** ऑफिस के बाद शाम को घर लौटते समय दोस्तों से मन-मुटाव हो सकता है।
**वृषः** झल्लाना और खीजना आपकी सेहत खराब कर सकता है। पुरानी बातों में न उलझें और जितना हो सके आराम करने की कोशिश करें।
**मिथुनः** आज आपकी सगे-सम्बंधियों के साथ अनबन हो सकती है। गप्पबाजी और अफवाहो से दूर रहें।
**कर्कः** बेरोजगारों को आज रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग आविवाहित है उन्हें आज विवाह का सुयोग्य प्रस्ताव मिलने वाला है।
**सिंहः** अवसाद या तनाव मन की शान्ति को नष्ट कर सकता है। संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें।
**कन्याः** आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी।
**तुलाः** आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा।
**वृश्चिकः** अपनी नकारात्मक भावनाओं और वृत्तियों पर लगाम लगाकर रखें। आपकी रुढ़िवादी सोच/ पुराने खयाल आपकी प्रगति में रो?ा बन सकते हैं।
**धनुः** आज किसी प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त होगी। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन श्रेष्ठ होगा।
**मकरः** पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले विचार करें।
**कुंभ :** अपने स्वास्थ्य को नजरअन्दाज न करें, शराब से बचें। जो उधारी के लिए आपके पास आएं, उन्हें नजरअन्दाज करना ही बेहतर रहेगा।
**मीनः** आप आज अपनी वाणी की मधुरता से दूसरे लोगों के मन पर अपनी सकारात्मक छाप छोड़ सकेंगे।

# कुदरत की मार झेल रहे किसानों के साथ सरकार को खड़ा होना चाहिए: कुमारी सैलजा

कहा- मुआवजा देने के नाम पर किसानों को सरकार दे रही है तारीख पर तारीख

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि रोहतक, भिवानी, हिसार और फतेहाबाद जिलों में जलभराव के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं, परंतु राज्य सरकार अब तक न तो गिरदावरी पूरी कर पाई है और न ही किसानों को उचित मुआवजा देने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाए हैं। मुआवजा के नाम पर सरकार किसानों को तारीख पर तारीख दे रही है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हाल ही में प्रकाशित समाचार के अनुसार चार जिलों में 50 हजार एकड़ से अधिक भूमि में अभी भी 2 से 3 फीट तक पानी भरा हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें सड़ चुकी हैं और रबी की बुआई पर संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने कहा कि फतेहाबाद जिले के बड़ोपल, धांगड़, धानकला, डिंग, जंडवाला जाटान, भूना और आसपास के गांवों में भी खेत पूरी तरह जलमग्न हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सांसद ने सरकार से तत्काल विशेष गिरदावरी कराकर सभी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने, जल निकासी के लिए पंप सेट और मशीनें मुहैया कराने तथा रबी सीजन की बुआई के लिए राहत पैकेज जारी करने की मांग की।



कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसानों को मुआवजे के लिए इधर-उधर भटकने की बजाय सरकार को स्वयं गांव-गांव जाकर नुकसान का आकलन करना चाहिए। कुदरत की मार झेल रहे किसानों को इस कठिन समय में सरकार का सहारा चाहिए, लेकिन मौजूदा हालात में प्रशासनिक उदासीनता किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। सांसद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे प्रभावित गांवों में जाकर किसानों की सहायता करें और उनकी समस्याओं को जिला प्रशासन तक पहुंचाएं। सांसद ने कहा कि सरकार ने पहले वायदा किया था कि किसानों को दिवाली से पहले मुआवजा दे दिया जाए पर किसानों की दीवाली भी काली रही, अब सरकार कह रही है कि नवंबर माह के अंत तक किसानों को मुआवजा दे दिया जाएगा। सरकार मुआवजा के नाम पर किसानों को तारीख पर तारीख देने में लगी हुई है। सरकार को किसानों की मदद करने के बजाए उनके साथ मजाक नहीं करना चाहिए।

# सरोवर होटल्स ने राजस्थान के हनुमानगढ़ में नए 'सरोवर पोर्टिको' की शानदार शुरुआत

लुधियाना। भारत की मशहूर होटल प्रबंधन कंपनियों में से एक, सरोवर होटल्स ने हनुमानगढ़ में नया सरोवर पोर्टिको होटल शुरू करने की घोषणा की है। यह राजस्थान में सरोवर का 13वां होटल है, जिससे पूरे उत्तर भारत में उसकी मौजूदगी और भी दमदार हो जाएगी।सरोवर पोर्टिको हनुमानगढ़ मेहमानों के लिए आराम, स्टाइल और सुविधा का बेहतरीन मेल लिए बड़ी ही मनमोहक जगह है। होटल में 51 सुंदर और सुसज्जित कमरे हैं, जो डीलक्स, सुपीरियर और सुइट श्रेणियों में उपलब्ध हैं। साथ ही मेहमान अपनी इच्छा अनुसार शहर या बगीचे के नज़ारे वाले कमरों में से चुन सकते हैं। हर कमरा आधुनिक सुविधाओं से लैस है, ताकि मेहमानों को सुखद और यादगार ठहरने का अनुभव मिल सके। मेहमान होटल के ऑल-डे डाइनिंग रेस्टोरेंट 'फ्लेवर्स' में तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं, जहाँ कई तरह के खाने की विविधता मिलती है। इसके अलावा, वे रूफटॉप बार 'बर्न' में आराम करते हुए हाथ से बनाए गए पेय और शहर के सुंदर नज़ारों का आनंद भी ले सकते हैं। साथ ही इस होटल में बैन्क्वेट और इवेंट की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं, जिनमें 'सैफायर' बैन्क्वेट हॉल शामिल है। जो मीटिंग्स, कॉन्फ्रेंस और सामाजिक आयोजनों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। इतना ही नहीं होटल का 14,000 वर्ग फीट का बड़ा लॉन लगभग 400 मेहमानों की क्षमता रखता है और इसमें शहर के सबसे बड़े पार्किंग क्षेत्रों में से एक है। इसी वजह से यह जगह शादियों और बड़े कार्यक्रमों के लिए पसंदीदा बन जाती है। अजय के. बकाया, चेयरमैन सरोवर होटल्स और डायरेक्टर लूव्र होटल्स इंडिया ने बताया कि हम राजस्थान में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए सरोवर पोर्टिको हनुमानगढ़ की शुरुआत से बहुत उत्साहित हैं।

## अखबार

पेड़ों पर पत्ते उड़ते देखे, टूटे लोग जुड़ते देखे
देखा मैंने मिल्क मैन को, मरीजों की जाती वैन को
जुवाओं ने मुझे नकारा, सोते साधु ने मुझे पुकारा
स्टूडेंट मिल गुरु नानक स्कूल का, पक्का था वो अपने उसूल का
हाथ में पकड़ा अर्थ प्रकाश अखबार, हो गया बस पर वो सवार
प्रीतम पेपर पढ़ना अच्छा होता, जिसने पढ़ना वो ही खलोता।

-प्रीतम सिंह, चंडीगढ़

# पीएनबी मेटलाइफ ने पेश किया इंश्योरेंस सेवाओं का आधुनिक प्लेटफॉर्म 360 बिज़

शिमला। भारत की अग्रणी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने 360 बिज़ नामक एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म कंपनियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस और एम्पलाई बेनिफिट संचालन को सरल बनाते हुए कर्मचारियों को बेहतर अनुभव प्रदान करता है। 360 बिज़ को छोटे-बड़े सभी व्यापारों के लिए तैयार किया गया है। इस प्लेटफार्म की खासियत यह है कि कंपनियों और उनके कर्मचारियों, दोनों की ज़रूरतें एक स्थान पर आसानी से पूरी होती हैं। यहां व्यापक इंश्योरेंस कवरेज और सुविधाजनक एम्पलॉई बेनिफिट डिजिटल तरीके से प्रदान किए जाते हैं। यह प्लेटफॉर्म कर्मचारियों के लिए ग्रुप टर्म लाइफ, वॉलंटरी ग्रुप लाइफ और क्रिटिकल इलनेस कवर जैसे विस्तृत लाभ एक ही स्थान पर पेश करता है।

समीर बंसल, एमडी एवं सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा- पीएनबी मेटलाइफ में हम सुविधा प्रदान करने वाली पेशकश पर ज़ोर देते हैं जिससे ठोस फायदे मिलें। 360 बिज़ इसी वादे को सच बनाते हुए कर्मचारियों को सक्षम बनाता है और कंपनियों को तेज़ गति, बिना त्रुटि एवं पूरी जानकारी के साथ कर्मचारी लाभ प्रदान करने में मदद करता है। लोगों का अनुभव बेहतर बनाने हेतु तकनीक का इस्तेमाल करते हुए, 360 बिज़ कॉर्पोरेट पेशकश और लोगों की ज़रूरतों के बीच की दूरी कम करता है और पूरी जानकारी के साथ विकल्प चुनने, ठोस सहभागिता और मज़बूत आर्थिक तैयारी करने में सहायता करता है।

# पंचकूला में सनातन संस्कृति जागरण अभियान: पंजाब में 5वें गुरुकुल परियोजना का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। विश्व जागृति मिशन द्वारा आयोजित सनातन संस्कृति जागरण अभियान पंचकुला के शालीमार ग्राउंड में अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर रहा । इस चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत मिशन की 5 वीं गुरुकुल परियोजना का लोकार्पण किया गया, जो पंजाब में प्रस्तावित है। यह गुरुकुल भारत में संस्कार,शिक्षा और सेवा के त्रिवेणी संगम के रूप में विकसित होगा। इससे पूर्व विश्व जागृति मिशन द्वारा नागपुर, कानपुर और दिल्ली में 3 गुरुकुल स्थापित किये जा चुके हैं, जबकि 4थें गुरुकुल का कोलकाता में अनावरण हो चुका है। अब पंजाब में प्रस्तावित यह पांचवा गुरुकुल मॉडल शिक्षा-संस्कार यात्रा का नया अध्याय लिखेगा और यकीनन ही मिशन द्वारा लिए गए 10 गुरुकुलों की स्थापना के संकल्प के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान मिशन द्वारा संचालित संस्कार




केंद्रों की प्रगति पर भी प्रकाश डाला गया। विश्व जागृति मिशन का संकल्प देशभर में 108 संस्कार केंद्रों की स्थापना का है ,जिनमें से 32 केंद्र सक्रिय हो चुके हैं और शेष केंद्रों की स्थापना का कार्य तीव्रता से जारी है। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को संस्कार नर्सरी का लाभ दिया जा रहा है जहां अनुशासन, कृतज्ञता, संस्कार और राष्ट्रभाव का बीजारोपण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने भी आयोजन की शोभा को और भी दिव्य बना दिया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय नायाब सिंह सैनी, योगगुरु स्वामी रामदेव जी, आचार्य बालकृष्ण जी, हरियाणा के राज्यपाल माननीय असीम कुमार घोष, पंजाब के राज्यपाल माननीय गुलाब सिंह कटारिया, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल माननीय शिव प्रताप शुक्ला, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर तथा हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष माननीय हरविंदर कल्याण ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सभी अतिथियों ने विश्व जागृति मिशन के इस अभियान को भारत के नैतिक और सांस्कृतिक पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का प्रेरक माध्यम बताया। विश्व जागृति मिशन के पंजाब, हिमाचल और हरियाणा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को संस्कार क्रांति से जोड़ना है। इस आयोजन में हजारो श्रद्धालुओं ने पहुँचकर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की जड़ें अब भी संस्कृति, सद्भाव और श्रद्धा से पोषित हैं। आयोजन की शुरुआत भावपूर्ण भजन, संकीर्तन ध्यान-सत्र, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई जिसने वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से ओत प्रोत कर दिया। पूज्य सुधांशु जी महाराज के प्रेरणादायक प्रवचनों ने लोगों को जीवन में संयम, सेवा और साधना के महत्व को अपनाने का संदेश दिया। वहीं मिशन की उपाध्यक्ष डॉ अर्चिका दीदी ने युवाओं को चरित्र, कृतज्ञता तथा सृजनशीलता से संपन्न जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा भारत: मुख्यमंत्री योगी

## सीएम योगी ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी पहचान के संकट के दौर से गुजरने वाला भारत आज दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा है। यह बदलाव लीडरशिप (नेतृत्व) की कार्यपद्धति से आया है। समर्थ और प्रभावी नेतृत्व वही होता है जो देश के प्रति दुनिया की धारणा बदलने का सामर्थ्य रखता हो। विगत 11 वर्षों से देश में ऐसी ही लीडरशिप देखने को मिल रही है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब 1300 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से आठ विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का भारत पहचान के संकट के दौर से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार व्यवस्था पर हावी था। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान समाप्त हो रहा था। युवा पहचान को मोहताज हो रहे थे। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने भारत को न केवल नई पहचान दी है बल्कि देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनाने में भी भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ बल्कि इसके लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास किए गए।

श्री योगी ने आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए युवाओं से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कहा कि ईज ऑफ लिविंग (जीवन सुगमता) बढ़ाने में तकनीकी काफी सहायक हो सकती है। आज तकनीकी के इस्तेमाल से ऐसे नवाचार जरूरी हैं जिससे जीवन को और भी सहज और सरल बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने देश के विकास और जीवन सुगमता के लिए तकनीकी के महत्व को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) -2020 में भी महत्व दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में और सकारात्मक बदलाव लाने में एनईपी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती है, बशर्ते सभी शिक्षण संस्थान इसे समयबद्ध ढंग से लागू करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एनईपी के उद्देश्यों के अनुरूप टाटा टेक्नोलॉजी के साथ 150 से अधिक आईटीआई से युवाओं को मॉडर्न वोकेशनल ट्रेनिंग से जोड़ने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।



मुख्यमंत्री योगी अपने संबोधन में विद्यार्थियों के समक्ष एक अभिभावक और शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था या सिस्टम को कोसना हममें से अधिकतर लोगों की आदत बन गई है। ऐसे लोगों को हर कार्य में सिर्फ सरकार दोषी लगती है। ऐसे लोग किसी समस्या पर अपनी खामी दूर करने की बजाय सिर्फ दूसरों की खामियों को निकालने में लगे रहते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि समस्या असाध्य हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान का मार्ग ही सफलता दिलाता है। सफलता प्राप्त करने के दो ही मार्ग हैं, एक, समाधान के लिए पहल या फिर उससे पलायन। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए समस्या के समाधान पर चर्चा करनी होगी। कोसने से समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा बल्कि हम पलायन कर जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने समस्या के समाधान से जुड़े अपने वक्तव्य को एक उदाहरण से स्पष्ट किया।उन्होंने कहा कि जाम की समस्या पर चर्चा तो सभी लोग करते हैं लेकिन उनमें से अधिकांश लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी खुद ही करते हैं। ट्रैफिक के नियम सुविधा और सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। यदि हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो जाम नहीं लगेगा। कोई तो कारक होता ही है जाम लगने का। अक्सर देखा जाता है कि लोग मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट या कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वाहन चलाते समय इयरफोन भी लगाए रहते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण की समस्या के प्रति भी सबका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया पर्यावरण समस्या से जुड़ी बड़ी चुनौती का सामना कर रही है। दिल्ली जैसा शहर गैस चैंबर बन गया है। वहां चिकित्सक श्वांस की समस्या से जुड़े लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा इसका कोई तो कारण होगा। इसके लिए उन्होंने पराली जलाने की प्रवृत्ति की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से पराली प्रबंधन के उपाय और इस संबंध में जागरूकता ब?ाए जाने के बावजूद लोग पराली जलाते हैं। यह जानते हुए भी इससे निकलने वाली गैस भारी नुकसान पहुंचाएगी। इसी तरह से कई लोग अपने घर का कूड़ा सड़क और नाली में फेंक देते हैं।

# वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न, 3,117 विद्यार्थियों को उपाधियां

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी







अमरावती। आंध्र प्रदेश में वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय ने 1 नवंबर 2025 को अपने पांचवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में 2025 बैच के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमणा मुख्य अतिथि और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स बेंगलुरु के वरिष्ठ निदेशक राजीव वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न स्कूलों के डीन, संकाय सदस्य, अभिभावक और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अपने संबोधन में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमणा ने कहा कि परिसर से बाहर निकलते ही जीवन चुनौतियों और अनिश्चितताओं से भरा होता है। उन्होंने स्नातकों को तकनीकी रूप से सक्षम रहने, समाज के प्रति संवेदनशील बने रहने और ज्ञान का उपयोग राष्ट्रहित व मानवता की सेवा में करने की प्रेरणा दी। राजीव वर्मा ने कहा कि तकनीकी दुनिया तेजी से बदल रही है, इसलिए सतत अधिगम, अनुकूलनशीलता और नवीनता ही सफलता की कुंजी है।

वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वीआईटी-एपी उत्कृष्ट शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का सम्मान है। समारोह में कुल 3,117 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 114 पीएच.डी., 2,483 बी.टेक (विभिन्न विशेषज्ञताओं में), 72 एम.टेक (एकीकृत सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग), 180 ईसीई समूह, 43 मैकेनिकल, 22 बी.एससी डेटा साइंस, 56 एम.एससी, 28 कानून कार्यक्रम के विद्यार्थी शामिल रहे। 28 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 126 को रैंक प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने सभी स्नातकों को नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में देश-समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान की आशा व्यक्त की।

# अरावली इंटरनेशनल स्कूल में 'महाभारत' के दूसरे दिन छात्रों ने किया अद्भुत अभिनय



## रंजिश, छल और नियति की कथा ने बांधा दर्शकों को

**पंचकूला।** अरावली इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित भव्य नाट्य प्रस्तुति 'महाभारत' के दूसरे दिन विद्यालय के एम्फीथिएटर, डीएलएफ वैली, पंचकूला में कला, भावनाओं और अभिनय का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मंचन ने महत्वाकांक्षा, प्रतिद्वंद्विता और नैतिकता जैसे शाश्वत विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों को आरंभ से अंत तक बांधे रखा।

'रंजिश और छल' शीर्षक वाले दूसरे दिन के मंचन में पांडवों और कौरवों के बीच बढ़ते संघर्षों को जीवंत रूप में दिखाया गया। इसमें सुदर्शन चक्र की उत्पत्ति, दुर्योधन की साजिशें, लाक्षागृह की घटना, पांडवों का वनवास, घटोत्कच का जन्म और द्रौपदी द्वारा दुर्योधन का उपहास जैसे प्रसंगों को गहराई और सशक्त अभिनय के साथ प्रस्तुत किया गया।

भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक संगीत, मनमोहक नृत्य-नाट्य संयोजन और प्रामाणिक वेशभूषा ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन ने उनके समर्पण, अनुशासन और कला के प्रति जुनून को उजागर किया। यह कार्यक्रम विद्यालय की समग्र शिक्षा की भावना को दर्शाता है, जहाँ कला और संस्कृति के माध्यम से जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाती है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गुरविंदर सोही ने छात्रों, शिक्षकों और सांस्कृतिक समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन टीमवर्क, सहानुभूति और भारतीय संस्कृति की गहराई को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

दर्शकों ने छात्रों की ऊर्जा, समर्पण और उत्कृष्ट अभिनय के लिए जोरदार तालियों से स्वागत किया। 'महाभारत' का तीसरा और अंतिम दिन 'द फाइनल चैप्टर्स' शीर्षक के तहत प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें गीता सार, कुरुक्षेत्र का महान युद्ध और सत्य तथा धर्म की विजय को मंचित किया जाएगा।

# मंडल रेल प्रबंधक जम्मू ने जम्मू-कटडा रेल खंड का व्यापक संरक्षणात्मक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जम्मू।** मंडल रेल प्रबंधक जम्मू विवेक कुमार द्वारा जम्मू - कटडा रेल खंड का गहन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान मंडल के अपर मंडल प्रबंधक अक्षय कुमार मरन्टू, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आरिश बंसल व मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जम्मू - कटडा रेल खंड की परिचालन स्थिति का जायजा लेना और भविष्य की विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसंरचना का मुल्याकन करना था। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने लगभग 80 किलोमीटर जम्मू - कटडा रेल खंड पर रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, टनल, रेलवे पुलों के साथ अन्य बुनियादी ढांचे की गहनता से जांच की। इस रेल खंड में आने वाले स्टेशन बजालता , सांगर, मनवाल, शहीद कैप्टन तुषार महाजन आदि रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया।



जिसमें इन स्टेशनों पर यात्री सुविधा को बेहतर बनाने व परिचालन सुधार पर अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। साथ में यात्री सुविधाओं और सुरक्षा मानकों, जैसे प्लेटफार्म की स्थिति, उपरी पुलों की संरचनात्मक सुरक्षा और अग्रिम सुरक्षा प्रणालीयों का भी निरीक्षण किया गया। इसी निरीक्षण के दौरान रेल खंड मार्ग में रेल टनल तथा रेलवे ब्रिजों का निरिक्षण किया गया। जिससे की उनकी संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके तथा रेल पटरियों की स्थिति का भी जायजा लिया गया।

ट्रेन संचालन में सिग्नलिंग और दुरसंचार अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए सिग्नलिंग इटरलाकिगं सिस्टम और दूर संचार उपकरणों की कार्यप्रणाली की विस्तृत निरीक्षण किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक, जम्मू द्वारा जम्मू-कटडा रेल खंड के निरिक्षण पर बताया कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, यह व्यापक निरीक्षण अभियान हमारी संरचना की मजबूती और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए हमारे नियमित प्रक्रिया का एक हिस्सा है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा, कि आगामी कठोर मौसम की स्थिति के दौरान रेल सेवाओं की सुरक्षित और विश्वसनीय संचालक को सुनिश्चित करने के लिए यह एक व्यापक जांच की गई है।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत संगोष्ठी का आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। उत्तर मध्य रेलवे में 27 अक्तूबर से 02 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के तहत आज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि, इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होने इस थीम के दो मुख्य अर्थो पर बल दिया। उन्होंने कहा कि, सिस्टम में भ्रष्टाचार रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए केवल सतर्कता विभाग ही नहीं, बल्कि सबको मिलजुलकर काम करना पड़ेगा । सभी को अपने-अपने तरीके से योगदान देकर इस जिम्मेदारी को निभाना है । उन्होंने सतर्कता को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख कदमों पर प्रकाश डाला और कहा कि, स्टाफ ग्रीवान्सेज और शिकायतों को प्रभावी ढंग से और स्थाई व्यवस्था के तहत हैण्डल करना आवश्यक है । डी एंड आर केसों के संदर्भ में सतर्क रहने की आवश्यकता है। जानबूझकर देरी करने से गलत लोगों को छूट मिल जाती है और वे प्रोत्साहित होते हैं । नियम-कानूनों की जानकारी के अभाव में अनजाने में होने वाली गलतियों को रोकने के लिए स्टाफ को जागरूक करना और उन्हें नियम-कायदों की जानकारी देना जरूरी है साथ ही सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आई.टी. टूल्स, डिजिटल इनीशिएटिव और वेब-पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए ।

महाप्रबंधक महोदय ने सभी से इस भावना को केवल तीन महीने या एक सप्ताह तक सीमित न रखकर, सालभर जीवंत रखने और तटस्थ न रहने बल्कि सक्रिय रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया ।

मुख्य वक्ता श्री शरत सुधाकर चंद्रायन प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने चेंजिंग दी माइंडसेट विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने कहा कि, साझा जिम्मेदारी की शुरुआत व्यक्तिगत सक्रियता से होनी है और परिवर्तनकारी बदलाव के लिए यह सतत प्रयास की आवश्यकता होती है, जिस पर तुरंत शुरुआत करना आवश्यक है।

# जम्मू मंडल में टिकट चेकिंग से अक्तूबर में 67 लाख राजस्व, 11,386 यात्रियों पर कार्रवाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री उचित सिंघल के नेतृत्व में मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा सभी वास्तविक रेल उपयोगकर्ताओं को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं प्रदान

करने के लिए टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए ट्रेनों व स्टेशनों पर निरंतर टिकट चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं। इसी अभियान के तहत मंडल के चेकिंग स्टाफ व मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा अक्टूबर माह 2025 में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 11386 मामलों में बिना टिकट व अनियमित यात्रा करते हुए यात्रियों को पकड़ा गया, जिसमें लगभग 67 लाख रुपये की राशि टिकट चेकिंग के दौरान जुर्माने के तौर पर वसूल की गई। मंडल में रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रेनों में यात्रियों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार सरप्राइज टिकट चेकिंग अभियान भी चलाएं जाते हैं। जिसमें यात्रियों को वैद्य टिकट लेकर ट्रेन में सफर करने की सलाह दी जाती है।

इसी टिकट चेकिंग अभियान के क्रम में जुडे तो अक्टूबर माह में त्योहारों के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल के मार्गदर्शन में विशेष टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया गया था। जिसमें 26 अक्टूबर 2025 तक कुल दस दिन में कुल 2500 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभारित कर लगभग 32 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया। जो कि साल



2025 में जम्मू मंडल बनने के बाद पहले त्योहारों के दौरान यात्री राजस्व आय में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता हैं।

मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान यह सुनिश्चित करता हैं। कि यात्री अपनी यात्रा के दौरान अपनी यात्रा को आरामदायक व सुरक्षित महसूस करें सकें तथा रेलवे के वित्तीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता हैं। जिससे यात्री सुविधाओं के विकास में सहायता मिलती हैं। उन्होंने आगे कहा, कि टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा अक्टूबर माह में टिकट चेकिंग के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया हैं।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत शताब्दी समारोहों को मनाने के लिए विशेष बैठक: हरमीत सिंह कालका





अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका की अध्यक्षता में कल एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहादत दिवस को समर्पित आगामी नगर कीर्तन, धार्मिक समारोहों और श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और संगतों ने भाग लिया।

सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत मानवता, धर्म और शांति के उच्च आदर्शों का प्रतीक है। उनकी शहादत हमारी कौम के लिए आदर्श प्रेरणा का स्रोत है। कालका ने जोर देते हुए कहा कि शहादत शताब्दी के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम इस तरह से मनाए जाएंगे कि हर दिल्लीवासी गुरु साहिब की वाणी और उपदेशों से जुड़ सके। इस अवसर पर भव्य नगर कीर्तन, धार्मिक जथेबंदियों की भागीदारी, कीर्तन दरबारों और सिख इतिहास से संबंधित प्रदर्शिनियों के आयोजन की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का उद्देश्य है कि यह शहादत शताब्दी समारोह केवल यादगार ही नहीं बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। बैठक के दौरान तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और कमेटी के विभिन्न विंगों को समय पर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर अमित जोगी नजरबंद

## मिनी माता नामकरण के शांतिपूर्ण विरोध से रोका गया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी को आज छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने और मिनी माता के नाम की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया गया। सुबह जैसे ही श्री जोगी अपने निवास से निकलने लगे, रायपुर पुलिस के एक दल ने, जिसका नेतृत्व सिटी एसपी रमाकंत साहू और टीआई दीपक कुमार पासवान कर रहे थे, उन्हें रोक दिया और उनके निवास पर ही नजरबंद कर दिया।

श्री जोगी द्वारा यह पूछे जाने पर कि उन्हें घर में क्यों रोका जा रहा है, पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और किसी भी व्यक्ति को काले कपड़े पहनने की अनुमति नहीं है।÷ यह घटना उस अंतिम्ता की अवधि



समाप्त होने के बाद हुई जो विधानसभा अध्यक्ष, राज्य सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय को नए विधानसभा भवन के लिए 'मिनी माता भवन' नाम सुनिश्चित करने के लिए दी गई थी।

श्री जोगी ने बताया चूंकि हम किसी भी अप्रिय घटना से बचना चाहते थे, इसलिए हमने आज घर पर प्रार्थना और उपवास करने का निर्णय लिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सत्ता में बैठे लोगों को विपरीत आवाजों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें सुनने का साहस दें। छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उत्सव की भावना को ध्यान में रखते हुए, अमित जोगी ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें रोकने के लिए भेजे गए लगभग 30 पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। यह कदम सरकार के कार्यों और विपक्ष की प्रतिक्रिया के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। यह कोई राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि एक नैतिक विरोध है। यह छत्तीसगढ़ की आत्मा के लिए एक संघर्ष है, श्री जोगी ने कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतंत्र में काले कपड़े पहनना भी अपराध बन गया है। हमारा विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक था।

बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान द्वारा प्रदत्त शांतिपूर्वक एकत्र होने और विरोध करने के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए श्री जोगी ने जोर देकर कहा कि यह अधिकार पवित्र है। हम सत्ता में बैठे लोगों से आह्वान करते हैं कि वे जनता की आवाज सुनें, उन्हें कुचलें नहीं।

यह घटना राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक गंभीर सवाल खड़ा करती है और सरकार द्वारा असहमति के दमन की प्रवृत्ति को उजागर करती है। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई ने आंदोलन की भावना को दबाया नहीं है, बल्कि लोगों में अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की रक्षा करने का संकल्प और मजबूत किया है।

# बीएसएफ पश्चिम कमान के आईजी प्रमोद कुमार यादव सेवानिवृत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। प्रमोद कुमार यादव महानिरीक्षक (मानव संसाधन एवं लॉजिस्टिक) मुख्यालय विशेष महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, पश्चिम कमान (चण्डीगढ) अपनी 38 वर्ष की सेवा पूर्ण करके दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत हुए। इन्होंने अपने 38 वर्ष के सेवाकाल में देश के विभिन्न दुर्गम एवं अति दुर्गम इलाकों में प्रशंसनीय सेवा प्रदान की। इन्होंने तीन बार विभिन्न विशिष्ट संस्थानों में प्रतिनियुक्त रहते हुए प्रभावशाली कार्य किया। इनकी ऑपरेशनल उपलब्धियों के चलते इन्हें दो बार 'वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार' व 'सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक' तथा महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

इसके साथ ही उप निरीक्षक जोगिन्दर सिंह भी आज ही के दिन अपनी 40 वर्ष की सराहनीय सेवा पूर्ण



कर सेवानिवृत हुए। इस उपलक्ष्य में सीमा सुरक्षा बल पश्चिम कमान मुख्यालय के कैम्पस में विदाई समारोह का आयोजन कर श्री हरबख्श सिंह ढिल्लों, महानिरीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा महानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव व उप निरीक्षक जोगिनदर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर पूरे पश्चिम कमान सीमा सुरक्षा बल की ओर से उनकी समर्पित सेवा हेतु हार्दिक धन्यवाद के साथ उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गयी।

# वांछित अपराधी रणजीत उर्फ़ सप्प बठिंडा से गिरफ्तार; पिस्तौल बरामद

गिरफ्तार गैंगस्टर रम्मी मछाणा का करीबी: डीजीपी गौरव यादव

इस केस में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बठिंडा, 1 नवंबरः



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने की मुहिम के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ), पंजाब ने बठिंडा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में बठिंडा जिले के गांव बंगी निहाल सिंह निवासी वांछित अपराधी रणजीत सिंह उर्फ़ सप्प को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। पुलिस टीमों ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध .32 बोर पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त आरोपी गैंगस्टर रम्मी मछाणा का करीबी है और दो आपराधिक मामलों में पुलिस को वांछित था।

उन्होंने कहा कि इससे पहले पुलिस ने आरोपी के घर से 130 ग्राम हेरोइन, छह जिंदा कारतूस, एक 9 एमएम देसी पिस्तौल और एक .12 बोर देसी पिस्तौल बरामद की थी। उस समय उसकी मां परमजीत कौर को गिरफ्तार किया गया था, जबकि आरोपी फरार हो गया था। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में आरोपी के अन्य आपराधिक संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अभियान का विवरण साझा करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एजीटीएफ प्रमोद बान ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुये डीएसपी एजीटीएफ राजन परमिंदर के नेतृत्व में एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने बठिंडा पुलिस के सहयोग से बठिंडा के गांव भगवानपुरा से आरोपी रणजीत सिंह उर्फ़ सप्प को गिरफ्तार किया।

सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बठिंडा अमनीत कौंडल ने बताया कि रणजीत सिंह का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसके खिलाफ हत्या, नुकसान पहुंचाने के इरादे से घर में घुसना, आर्म्स एक्ट, जेल एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन से जुड़े कई मामले दर्ज हैं।

इस संबंध में थाना संगत, बठिंडा में एफआईआर नंबर 139, दिनांक 20.09.2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 में पहले से ही मामला दर्ज है।

## गुरदासपुर पुलिस ने फिरौती से संबंधित गोलीबारी की दो घटनाओं की गुत्थी सुलझाई; पिस्तौल सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार



**गुरदासपुर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए गुरदासपुर पुलिस ने दो आरोपियों को एक आधुनिक 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस कार्रवाई से जबरन वसूली से जुड़ी हाल की दो गोलीबारी की घटनाओं की गुत्थी सुलझा ली है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को दी। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के कोटला सुल्तान सिंह के रहने वाले नितीश सिंह और गुरदासपुर के दिओल निवासी करण मसीह उर्फ अजय उर्फ अज्जू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 22 सितंबर 2025 को दो बाइक सवार व्यक्तियों ने एक मेडिकल स्टोर के मालिक पर गोलीबारी की और उसे घायल कर दिया। इसी तरह 15 अक्टूबर 2025 को दो बाइक सवारों ने कलानौर के एक निजी अस्पताल के बाहर गोलीबारी की थी। दोनों मामलों में पीड़ितों को अज्ञात मोबाइल नंबरों से फिरौती की कॉल आ रही थीं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी संगठन से जुड़े विदेशी कट्टरपंथी गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू के निर्देश पर काम कर रहे थे। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि दोनों आरोपी मेडिकल स्टोर और अस्पताल के मालिकों को निशाना बनाने के लिए की गई गोलीबारी में शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अन्य संबंधों को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। डीआईजी बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में एसएसपी गुरदासपुर आदित्य की निगरानी में पुलिस टीमों ने कलानौर के गांव उप्पल के टी-प्वाइंट से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीमों का नेतृत्व डीएसपी कलानौर गुरविंदर सिंह चंदी, विशेष टीम इंचार्ज एसआई गुरविंदर सिंह (गुरदासपुर) और एसएचओ कलानौर इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह कर रहे थे। डीआईजी ने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है। एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने बताया कि पुलिस टीमें गुरलाल के वित्तीय लेन-देन की भी जांच कर रही हैं और रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी जारी है। इस संबंध में, एफआईआर नंबर 150, दिनांक 16.10.25, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 308(4), 324(4), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत थाना कलानौर में केस दर्ज किया गया था।

# 15,000 रुपए की रिश्वत लेते वन विभाग के कर्मचारी को विजीलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया

आरोपी पहले किस्तों में 12,000 रुपए की रिश्वत वसूल चुका था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने जिला होशियारपुर के माहिलपुर वन विभाग में तैनात फॉरेस्टर सुरिंदरजीत पाल को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी अलग-अलग किस्तों में 12,000 रुपए की रिश्वत वसूल चुका था।

विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता, जो पिछले 10-12 वर्षों से लकड़ी कटाई का काम करता है, ने बताया कि 11 अक्तूबर को उसकी गाड़ी से लकड़ी काटने के औज़ार गायब हो गए। गांव के सरपंच हरप्रीत सिंह ने उसे जानकारी दी कि वन विभाग के अधिकारी औज़ार जब्त कर अपने कार्यालय ले गए हैं। शिकायतकर्ता जब रेंज अधिकारी अमरजीत सिंह से मिला तो उसे सरकारी पेड़ों की चोरी का आरोप लगाकर 1,23,000 रुपए का जुर्माना देने की धमकी दी गई।

प्रवक्ता ने कहा कि रेंज अधिकारी ने औज़ार वापस करने के बदले 31,000 रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता की असमर्थता पर 2,000 रुपए तत्काल फॉरेस्टर सुरिंदरजीत पाल को देने और बाकी राशि बाद में देने का समझौता हुआ। बाद में 10,000 रुपए की एक और किस्त फॉरेस्टर को दी गई और अंतिम 29 अक्तूबर को भुगतान तय हुआ।

पैसे की व्यवस्था न होने पर जब शिकायतकर्ता नहीं पहुंचा तो फॉरेस्टर ने फोन कर रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह केवल 15,000 रुपए दे सकता है, जिस पर आरोपी राज़ी हो गया। शिकायतकर्ता ने यह बातचीत रिकॉर्ड कर ली और सबूत सहित विजीलेंस ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई।

विजीलेंस ने प्रारंभिक जांच के बाद अमरजीत सिंह (रेंज अधिकारी) और सुरिंदरजीत पाल (फॉरेस्टर) के खिलाफ मामला दर्ज किया। जालंधर रेंज की विजीलेंस टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में जाल बिछाया और सुरिंदरजीत पाल को शिकायतकर्ता से 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के खिलाफ विजीलेंस ब्यूरो थाना, जालंधर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा और पूरे मामले की जांच जारी है।

# आम आदमी पार्टी जालंधर सेंट्रल के हलका इंचार्ज नितिन कोहली ने नगर कीर्तन में भरी श्रद्धा सहित हाज़िरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 1 नवंबर।** आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल हलके के इंचार्ज श्री नितिन कोहली ने शनिवार को शहर में आयोजित नगर कीर्तन में पहुँचकर श्रद्धा पूर्वक हाज़िरी लगाई। इस दौरान उन्होंने गुरु साहिब की बाणी का कीर्तन सुना और संगत के साथ मिलकर अरदास में भाग लिया।

नितिन कोहली ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ समाज को सच्चाई, सेवा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने संगत को श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए अमन, भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

उन्होंने आगे कहा कि नगर कीर्तन जैसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में प्रेम और समरसता की भावना मज़बूत होती है। गुरु नानक साहिब के उपदेश आज भी मानवता को सही दिशा दिखाने का कार्य कर



रहे हैं और नई पीढ़ी को सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश देते हैं। श्री कोहली ने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों और संगत की सुविधाओं के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाता रहेगा, ताकि ऐसे कार्यक्रम और अधिक सुचारू रूप से आयोजित हो सकें।

हरजोत सिंह बैंस ने पंजाब विश्वविद्यालय सीनेट को भंग करने संबंधी केंद्र के कदम की कड़ी आलोचना की; पंजाब की गौरवशाली विरासत पर हमले के खिलाफ डटे रहने का प्रण

# अपने चहेतों को आगे लाकर पंजाब विश्वविद्यालय को सियासत का अखाड़ा बनाना चाहती है केंद्र सरकार: बैंस

शिक्षा मंत्री द्वारा फैसला राजनीतिक धक्केशाही करार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय की 59 साल पुरानी सीनेट और सिंडिकेट को मनमाने ढंग से भंग करने के निर्णय पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने आज इस तानाशाही फैसले को पंजाब की गौरवशाली विरासत, लोकतंत्र और बौद्धिकता पर सीधा हमला बताया।

श्री बैंस ने कहा कि यह शासन नहीं बल्कि राजनीतिक धक्केशाही है। केंद्र का यह एकतरफा कदम पंजाब



की मेहनत से अर्जित की गई स्वायत्तता, अकादमिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों को रौंदने वाला है। यह पंजाब की आत्मा पर प्रहार है।

पंजाब विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि दशकों की सामूहिक मेहनत, बौद्धिकता और कुर्बानियों से निर्मित संस्थान है। उन्होंने सीनेट भंग करने के पीछे की संकीर्ण मानसिकता पर सवाल उठाते हुए पिछली सीनेट चुनावों में पंजाब के लोगों द्वारा दिए गए स्पष्ट जनादेश का भी उल्लेख किया। श्री हरजोत सिंह बैंस ने पूछा, ÷केंद्र सरकार को छह दशक पुरानी लोकतांत्रिक संस्था को खत्म करने की हिम्मत कैसे हुई?÷ उन्होंने कहा कि पिछली सीनेट चुनावों में ग्रेजुएट हलके के लिए पंजाब के लोगों ने सभी सीटें जीतकर अपने प्रतिनिधि चुने थे। यह जनता का स्पष्ट जनादेश था। अब भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, जो बैलेट बॉक्स के ज़रिए जनता का विश्वास नहीं जीत सकी, अपने चहेतों को आगे लाकर इस सम्मानित और ऐतिहासिक विश्वविद्यालय को राजनीति का अखाड़ा बनाना चाहती है।

इस कदम को ÷कब्जे़ और धक्केशाही भरी कार्रवाई÷ बताते हुए शिक्षा मंत्री द्वारा केंद्र सरकार नियंत्रण को केंद्रीकृत करने, पंजाब की अलग आवाज़ को दबाने और भारतीय संविधान में निहित संघवाद के सिद्धांतों को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने की छिपी हुयी खतरनाक साज़िश को उभारा।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह प्रत्यक्ष तौर पर असहमति को दबाने और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करने की सोची-समझी कोशिश है, परंतु पंजाब इस तानाशाही के आगे नहीं झुकेगा। पंजाब सरकार शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ़ सहित पूरे अकादमिक समुदाय के साथ मिलकर हर लोकतांत्रिक मंच पर केंद्र के इस कदम का कड़ा विरोध करेगी और पंजाब की प्रतिष्ठित विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी कानूनी और संवैधानिक उपाय अपनाएगी। उन्होंने स्पष्टतः कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय पंजाब और उसके लोगों की है; इसका इतिहास और भविष्य पंजाब से गहराई से जुड़ा है। यह किसी तानाशाह केंद्र सरकार की निजी संपत्ति नहीं है, जो इसे मनमाने ढंग से चलाना या दबाना चाहती है। पंजाब के लोग इस राजनीतिक धक्केशाही को किसी भी हालत में सफल नहीं होने देंगे।

अरोड़ा व सौंद ने यूपी के मुख्यमंत्री से की मुलाकात कर श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समागमों में शामिल होने का दिया निमंत्रण

# नौवें पातशाह की अद्वितीय शहादत भारत के बहुलवादी सिद्धांतों की नींव है: अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/लखनऊ, 1 नवंबर।** नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समागमों में शामिल होने के लिए देशभर के नेताओं को आमंत्रित करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार की पहल के तहत, पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों में सम्मिलित होने के लिए औपचारिक निमंत्रण देना था।

बैठक के दौरान मंत्रियों ने दिल्ली में सभी भारतीयों की धार्मिक



स्वतंत्रता की रक्षा हेतु शहीद हुए नौवें पातशाह की शहादत के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये समागम न केवल पंजाब के लिए बल्कि पूरे देश और मानवता के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो बलिदान और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रतीक हैं।

श्री अमन अरोड़ा ने कहा, 'श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की शहादत भारत के बहुलवादी समाज के सिद्धांतों की नींव है। उस समय राजधानी में गुरु साहिब जी की शहादत ने उनकी विरासत को सदा के लिए भारत की आत्मा में समा दिया। इन समागमों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति राष्ट्रीय एकता का सशक्त प्रतीक होगी और गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी द्वारा अत्याचार के विरुद्ध डटकर संघर्ष करने और सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के सिद्धांत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।'

श्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि यह ऐतिहासिक दिवस पंजाब और उत्तर प्रदेश के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का जरिया बनेगा। पंजाब सरकार इस ऐतिहासिक अवसर पर, जो राज्य की समृद्ध विरासत और सब के भले संबंधित परंपराओं को उजागर करता है, विभिन्न दलों के नेताओं का पंजाब में स्वागत करने के लिए तैयार है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ससम्मान निमंत्रण स्वीकार करते हुए पंजाब सरकार की इस नेक पहल की सराहना की। उन्होंने श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की अतुलनीय एवं अद्वितीय विरासत को नमन किया।

# लंबित मामलों के निपटारे के लिए गमाडा ने लगाया कैंप, पहले दिन 864 मामलों का निपटारा: मुंडियां

2 नवंबर को भी जारी रहेगा दो दिवसीय कैंप

कहा, आवास निर्माण विभाग द्वारा प्रक्रिया सरल करने से सेवाओं की डिलीवरी में तेज़ी आई

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**एसएएस नगर, 1 नवंबर।** आम जनता, प्रमोटरों और डेवलपरों आदि के लंबित मामलों के निपटारे के लिए गमाडा द्वारा पुड्डा भवन, एसएएस नगर में लगाए जा रहे दो दिवसीय कैंप के पहले दिन कुल 864 मामलों का निपटारा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में कार्य करते हुए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा आम जनता, डेवलपरों, प्रमोटरों



आदि के लंबित मामलों के निपटारे हेतु यह दो दिवसीय कैंप आयोजित किया गया है। श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि कैंप के दौरान निपटाए गए कुल 864 मामलों में सिटिजन सर्विसेज के 618 केस, लेटर ऑफ इंटेंट के 4, प्रमोटर लाइसेंस नवीनीकरण के 2, जोनिंग प्लान के 2, प्रोजेक्ट लाइसेंस/लेआउट प्लॉट के 3, आर्किटेक्चरल कंट्रोल के 2, एस्टेट एजेंट सर्टिफिकेट के 8, प्रमोटर लाइसेंस के 7, बिल्डिंग प्लान के 92, डिमार्केशन सर्टिफिकेट के 11, डीपीसी के 30, कम्प्लीशन सर्टिफिकेट के 84 और कनवेंस डीड का 1 केस शामिल है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आवास निर्माण विभाग द्वारा आम जनता, कॉलोनाइजरों, प्रमोटरों और डेवलपरों को दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे सेवाओं की डिलीवरी में तेज़ी आई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में कार्यों का समयबद्ध और भ्रष्टाचार-मुक्त निपटारा करना पंजाब सरकार का उद्देश्य है और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। आज कैंप की कार्यवाही के दौरान श्री विकास गर्ग, प्रमुख सचिव, आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग ने संबंधित व्यक्तियों और कंपनियों को बिल्डिंग प्लान, लेआउट प्लान, एल.ओ.आई., एस्टेट एजेंट और प्रमोटर रजिस्ट्रेशन के प्रमाणपत्र सौंपे। वहीं मैडम शाक्षी साहनी, मुख्य प्रशासक, गमाडा ने कैंप में आई जनता की विभिन्न शाखाओं से जुड़ी लंबित अर्जियों के निपटारे के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश देते हुए मामलों का तत्काल समाधान करवाया।

## स्पीकर द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय का सिंडिकेट भंग करने की कड़ी निंदा, भविष्य में इसके बुरे परिणाम निकलेंगे

**चंडीगढ़, 1 नवंबर (अप्रस)।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट सिंडिकेट को भंग करने के कदम पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस कदम को सुधार नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह एक गहरी और सोची-समझी राजनीतिक साज़िश है। उन्होंने आगे कहा कि यह केंद्र सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न संस्थानों पर किए जा रहे हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है। स्पीकर संधवां ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय जनता का है, न कि उन लोगों का जो आम आदमी की आवाज़ को दबाना चाहते हैं। संधवां ने बताया कि भविष्य में इसके दूरगामी नतीजे सामने आएंगे और इस देश की संघीय ढांचे को कमजोर करने की ऐसी कोशिशों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्पीकर ने कहा कि वह केंद्र सरकार के इस दुर्भाग्यपूर्ण फैसले के खिलाफ आवाज़ बुलंद करेंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य हर महिला का हक, ज़रूरत और आत्म-सम्मान है: विजया के. राहतकर

सीआईआई इंडियन वुमेन नेटवर्क ने 'वुमेन वेलनेस सम्मिट 2025' का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडियन वुमेन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) - सीआईआई-आईडब्ल्यूएन, चंडीगढ़ ट्राइसिटी चैप्टर ने यहां 'वुमेन वेलनेस सम्मिट 2025' का आयोजन किया। इस सम्मिट में बड़ी संख्या में महिलाओं और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। सम्मिट की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष सुश्री विजया के. राहतकर थीं। विशेष पूर्ण सेशन का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष सुश्री विजया के. राहतकर का प्रेरक संबोधन था। उन्होंने कहा कि महिलाओं का समग्र स्वास्थ्य केवल



बीमारी का न होना नहीं है, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन है। अब समय आ गया है कि हम यह समझें कि मानसिक स्वास्थ्य हर महिला का हक, ज़रूरत और आत्म-सम्मान है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग लगातार महिलाओं के लिए संवेदनशील कार्यस्थलों और सुलभ परामर्श सेवाओं की वकालत कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग राज्यों और मंत्रालयों के साथ मिलकर प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रशिक्षित काउंसलर्स की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होने बताया कि इसके साथ ही, आयोग टेली-काउंसलिंग सेवाओं और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर खुले संवाद को प्रोत्साहित कर रहा है। नंदिनी चौधरी, चेयरवुमन, सीआईआई आईडब्ल्यूएन, नॉर्दर्न रीजन; रितिका सिंह, चेयरपर्सन, सीआईआई आईडब्ल्यूएन चंडीगढ़ चैप्टर और एग्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर, टीआईई महिला ग्लोबल; साक्षी कटयाल, को-चेयरपर्सन, सीआईआई आईडब्ल्यूएन चंडीगढ़ ट्राइसिटी और डॉ.लिपि पाठक, चेयरपर्सन, हेल्थ एंड वेलनेस वर्टिकल, सीआईआई-आईडब्ल्यूएन, चंडीगढ़ चैप्टर ने इस कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए सम्मिट के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। नंदिनी चौधरी ने संवाददाताओं को बताया कि शिखर सम्मेलन का थीम 'वेलनेस रीडिफाइंड- माइंड - बॉडी-पर्पज' था और इसके अंतर्गत महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य पर गहन संवाद के लिए प्रतिष्ठित लीडर्स, विशेषज्ञों और प्रोफेशनल्स को एक साथ लाया गया।

# मुबारकपुर में बजरी से भरा टिपर पुलिस ने किया कब्जे में

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 1 नवम्बर।** मुबारकपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक टिपर को पकड़ा है जो अवैध रूप से बजरी लेकर जा रहा था। जानकारी के अनुसार यह टिपर बिना किसी माइनिंग विभाग की अनुमति के बजरी से लदा हुआ था। डेराबस्सी के डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने बताया कि जैसे ही इस मामले की सूचना मिली, एएसआई अखविंदर सिंह और हवलदार सुभाष चंद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टिपर (नंबर PB 65 AV 1252) को रोक लिया।

जांच के दौरान पता चला कि चालक के पास माइनिंग विभाग की ओर से जारी कोई भी दस्तावेज नहीं था। पुलिस टीम ने टिपर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

यह मामला आगे की कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को सौंप



दिया गया है।

डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने कहा कि अवैध माइनिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है और किसी को भी कानून की उल्लंघना करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस आगे भी इलाके में निगरानी बढ़ाएगी ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# जालंधर ग़दरी मेला व ग़दरी शहीद हाफ़िज़ अब्दुल्ला जगराओं की जन्मस्थली से जत्था रवाना हुआ

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 1 नवंबर।** आज एक नवंबर को जगराओं से देश भगत यादगार हॉल जालंधर में 34वीं बीबी गुलाब कौर को समर्पित ग़दरी मेले के लिए एक जत्था क्रांतिकारी केंद्र पंजाब के जनरल सेक्रेटरी कंवलजीत खन्ना की लीडरशिप में रवाना हुआ। तीन दिन के मेले के आखिरी दिन देश भगत यादगार कमेटी ने ग़दरी शहीदों की जन्मस्थली पर शहीदों के झंडे लेकर पहुंचने का न्योता दिया था। इसी न्योते के तहत जगराओं के रहने वाले और मनीला की ग़दर पार्टी के प्रेसिडेंट हाफ़िज़ अब्दुल्ला जगराओं को 29 मार्च, 1917 को ब्रिटिश सरकार ने देशद्रोह के आरोप में फांसी दे दी थी। ग़दर पार्टी की लीडरशिप में दूसरे ग़दरी बाबाओं के साथ आए और देश की आज़ादी के लिए अपनी जान दे



दी, हाफ़िज़ अब्दुल्ला जगराओं को ब्रिटिश सरकार ने देशद्रोह के आरोप में फांसी दे दी थी।

1947 में दूसरे मुसलमानों की तरह हाफ़िज़ अब्दुल्ला जगराओं का परिवार भी पाकिस्तान चला गया था। काफ़ी खोजबीन के बाद भी दूर गुज्जरों में रह गए परिवार का कोई वारिस नहीं मिला। आज ग़दरी शहीद के क्रांतिकारी वारिस एक ग्रुप लेकर शहीद की याद में लगने वाले मेले के लिए निकले। ग़दरी के दूसरे गांवों के ग्रुप के साथ जगराओं के ग्रुप को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुरजीत दौधर, प्रितपाल सिंह भमीपुरा, जसविंदर सिंह भमल, कुंडा सिंह, रिया जगराओं, किरण खन्ना वगैरह मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत नए एलपीजी कनेक्शन होंगे जारी : राहुल कुमार

**जिला स्तरीय उज्ज्वला योजना बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने दी जानकारी**

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 1 नवम्बर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय उज्ज्वला योजना बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजना के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। बैठक का संचालन जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिलासपुर ब्रिजेन्द्र सिंह पठानिया ने किया।

उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला उज्ज्वला समिति का गठन कर लिया गया है। यह समिति उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्य करेगी तथा योजना से संबंधित सभी आवश्यक गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य जिला की गरीब परिवारों की महिला सदस्यों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है, ताकि महिलाओं को स्वच्छ ईंधन से खाना बनाने की सुविधा मिल सके। साथ महिलाओं का स्वास्थ्य रखने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना वर्ष 2017 में प्रारंभ की गई थी। इस योजना का नया चरण उज्ज्वला 3.0 प्रारम्भ किया गया है ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को दिया जा सके।



### उज्ज्वला 3.0 के अंतर्गत ये हैं पात्रता एवं लाभ

उपायुक्त ने कहा कि जिला के गरीब परिवारों की वयस्क महिला सदस्य योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकती हैं। योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 2050 रूपये मूल्य का निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। जिसमें गैस सिलेंडर की सुरक्षा जमा राशि, प्रेशर रेगुलेटर की सुरक्षा राशि, 1.2 मीटर सुरक्षा होज, डीजीसीसी पुस्तिका (गैस पास बुक), निरीक्षण, स्थापना, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण शुल्क शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब गृह निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि सही पात्र लाभार्थियों को वास्तविक रूप से गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सके। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में पूर्ण रूप से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म व पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, परिवार की संरचना प्रमाणित करने हेतु राशन कार्ड, आवेदक एवं सभी वयस्क परिवार सदस्यों के आधार कार्ड, सब्सिडी प्राप्ति हेतु बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

### ये हैं पात्रता की शर्तें

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत वही परिवार पात्र होंगे जिनके किसी भी सदस्य/ के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज नहीं है। परिवार की संरचना की पुष्टि राशन कार्ड या अन्य मान्य दस्तावेजों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे परिवार जिनके परिवार का कोई सदस्य 10 हजार रूपये प्रति माह से अधिक आय वाला हो, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स या आयकर का भुगतान किया जा रहा हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार के नाम गैर–कृषि उद्यम सरकारी पंजीकृत हों, जिन परिवारों का किसान क्रेडिट कार्ड 75 हजार रूपये से अधिक सीमा वाला हो या जिनके पास 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि एवं 1 सिंचाई उपकरण हो, दो फसल सीजन हेतु 5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि हो, 7.5 एकड़ या अधिक भूमि के साथ एक सिंचाई उपकरण हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का निजी मकान (सरकारी योजना से अलग) हो, मोटर चालित 3/4 पहिया वाहन या मछली पकड़ने वाली नाव हो, यांत्रिक कृषि उपकरण (3/4 पहिया) स्वामित्व में हो या पहले से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध हो ऐसे किसी भी परिवार को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन के लिए अयोग्य माना जाएगा।

### ये रहेगी आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक पात्र महिलाएँ ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की प्रक्रिया निम्न वेबसाइटों www.pmuy.gov.in, www.cx.indianoil.in, www.my.ebharat-gas.com, www.myhpgas.in, पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त महिलाए नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, नामांकन शिविर, हेल्प डेस्क या सरकारी तेल विपणन कंपनियों के एलपीजी वितरक कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकती हैं।

### निगरानी एवं सत्यापन

उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी संचालन, पात्रता की जांच और लाभार्थियों के चयन के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति निगरानी करेगी, ताकि योजना का लाभ वास्तविक रूप से पात्र परिवारों तक पहुंच सके। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 गरीब परिवारों की महिलाओं के जीवन में स्वच्छ ईंधन की सुविधा लाकर स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सामाजिक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

# मुख्यमंत्री ने आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की पुस्तकों का किया विमोचन

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 1 नवम्बर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के दो प्रमुख सांख्यिकीय प्रकाशनों-हिमाचल प्रदेश सांख्यिकीय सार 2024-25: डेटा विजुअलाइज़ेशन और सांख्यिकीय वर्ष पुस्तक 2024-25 का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में डेटा-अधारित सुशासन को मज़बूत करने के लिए विभाग के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय, पारदर्शी और समयबद्ध डेटा विकास योजनाओं के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे प्रत्येक नागरिक, विशेषकर दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों का विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि 2024-25 संस्करण में नवीन डेटा विजुअलाइज़ेशन सुविधाएं जैसे विभिन्न रंगों के उपयोग वाले चार्ट, ग्राफ़, मानचित्र शामिल हैं। इस प्रकार की जानकारी नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, अधिकारियों और आम जनता के लिए अधिक सुलभ, सहज और उपयोगकर्ता के अनुकूल होती है।

श्री सुक्खू ने कहा कि आज के तेज़ी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में, सतत और समावेशी विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इन प्रकाशनों में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, आधारभूत अधोसंरचना, वित्त, डिजिटल सेवाओं और जन कल्याण कार्यक्रमों सहित प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ये प्रकाशन आधुनिक, प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन के प्रति हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता में एक महत्त्वपूर्ण मील पत्थर साबित होंगे। जटिल डेटा को सरल दृश्य रूपों में परिवर्तित करने का उद्देश्य जनता की सार्वजनिक डेटा से संबंधित समझ में वृद्धि करना, शैक्षणिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी अधोसंरचना को मज़बूत करना है।

सचिव (आर्थिक एवं सांख्यिकी) डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि डिजिटल हिमाचल पोर्टल पर भी यह डेटा ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इससे पारदर्शी तरीके से डेटा तक जनता की पहुंच सुनिश्चित होती है। उन्होंने लोगों के लिए सेवाएं प्रदान करने और योजनाओं के निर्माण में तकनीक के उपयोग के प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों और संस्थागत स्त्रोतों से डेटा को व्यवस्थित रूप से संकलित कर ग्राफिकल रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह संस्करण डेटा विश्लेषण को सुगम बनाने, साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और ठोस नीति निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा ने कहा कि सांख्यिकीय सारांश के उन्नत प्रारूप को प्रशासकों, योजनाकारों, शोधकर्ताओं और हितधारकों की मदद के लिए बनाया गया है ताकि कम समय में सार्थक योजनाएं तैयार किया जा सकें। उन्होंने सटीक एवं व्यापक आंकड़े उपलब्ध करवाने के लिए विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ये प्रकाशन अब विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और आम जनता के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। डिजिटल पहुंच से व्यापक प्रसार संभव होगा और पूरे राज्य में आँकड़ों पर आधारित निर्णय लेने की संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। स अवसर पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह के.के. पंत, प्रधान सचिव, वित्त देवेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बीज बैंक तथा पर्यावरण प्रयोगशाला पर एक दिवसीय कार्यशाला




**गोहर (अप्रस/सुभाग सचदेवा)।** डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर में आज बीज बैंक एवं पर्यावरण सुरक्षा के उपर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंदेश्वरकुमार शर्मा ने बीज बैंक की स्थापना पर्यावरण संरक्षण एवं बीज विविधता के संरक्षण को पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम की पूर्ति हेतु हिमकोष्ठ, एम ओ ई एफ सीसी,जइल और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल आदि संगठनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इससे आने वाले समय में विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागृति बढ़ेगी तथा स्थानीय पौधों के बीजों के संरक्षण एवं पूनारूपादन में मदद मिलेगी। इस कार्यशाला के दौरान जीव विज्ञान के अध्यापकों ने छात्रों को बीज के संरक्षण की विधियां तथा मिट्टी में पाये जाने वाले पोषक तत्वों की जांच विधि से अवगत करवाया।

### माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 3 से



**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा)।** माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 3, 4 और 6 नवंबर को अंब कॉलेज में कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। ऑडिशन 3 नवंबर को महाराणा प्रताप राजकीय कॉलेज अंब के सभागार में प्रातः 11 बजे से आरम्भ होंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऑडिशन के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की म्यूजिकल वोकल की सहायक प्रोफेसर तथा तहसीलदार अंब को सदस्य बनाया गया है। ये समिति सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन का जिम्मा देखेगी। उन्होंने कहा कि नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों व पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कलाकार एसडीएम कार्यालय अंब में आवेदन कर सकते हैं। ईमेल पते माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी आवेदन भेजे जा सकते हैं। बता दें, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितम्बर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि इसे प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी दिलाई। महोत्सव ने आस्था और लोक–संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

### राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नम्बर 1950 जारी

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकों के सभी प्रश्नों व शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से ज़िला सोलन में राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नम्बर संचालित कर दिया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला सोलन के 1950 राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह टोल–फ्री नम्बर 1800–11–1950 के माध्यम से प्रतिदिन प्रातः 08.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक संचालित रहेगा। यह कॉल प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा ली जाएगी जो नागरिकों और अन्य हितधारकों को निर्वाचन सेवाओं और प्रश्नों में सहायता प्रदान करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भविष्य में ज़िला में अपना ज़िला सम्पर्क केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा। इस केन्द्र में समय पर और स्थानीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह केन्द्र पूरे वर्ष सभी कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान संचालित रहेगा और क्षेत्रीय भाषाओं में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों और प्रश्नों को राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एन.जी.एस.पी. 2.0) के माध्यम से दर्ज और ट्रैक किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 'बुक–ए–कॉल बी.एल.ओ.' की सुविधा भी आरम्भ की है। इसके उपयोग से नागरिक ECINET प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सुविधा के माध्यम से सीधे अपने सम्बन्धित बूथ स्तरीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। नागरिक ECINET ऐप का उपयोग कर चुनाव अधिकारियों से भी जुड़ सकते हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू आपदा राहत और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध

**कृषि मंत्री का विपक्ष को परामर्श**

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 1 नवंबर।** कृषि मंत्री श्री चंद्र कुमार ने नेता प्रतिपक्ष श्री जय राम ठाकुर को आधारहीन और द्वेषपूर्ण बयानबाजी से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए निरंतर और व्यापक स्तर पर कार्य कर रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से लगभग 18,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए मुख्यमंत्री दिन-रात प्रयासरत हैं।

कृषि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू लगातार केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर राज्य की आपदा स्थिति से अवगत करवा रहे हैं और प्रभावित परिवारों के लिए सहायता का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार से अपेक्षित सहायता नहीं मिल पाने का एक कारण विपक्ष की ओर से बार-बार की जा रही बाधा है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से वर्ष 2023 में 4,500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया, जिससे आपदा प्रभावितों को बड़ी राहत मिली।

राज्य सरकार ने मुआवजा राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है और कृषकों, बागवानों, दुकानदारों, विस्थापित परिवारों सहित शहरी एवं ग्रामीण आबादी को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कृषि मंत्री ने कहा कि इन सब प्रयासों को अनदेखा कर विपक्ष का आपदा पीड़ितों को लेकर बयान देना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों पर गंभीर होने के बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त है और जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है।

श्री चंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की नीतियों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। भाजपा शासनकाल में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान सरकार की नीतियों से राज्य अब पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने केवल राजनीतिक लाभ के लिए नए संस्थान खोले, जिनमें स्टाफ की पर्याप्त नियुक्ति नहीं की गई। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार स्कूलों में शैक्षणिक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है और पहले चरण में 100 स्कूलों को सीबीएसई आधारित बनाया जा रहा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के हितों की उपेक्षा की, जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है। राज्य सरकार ने दो वर्षों में गाय के दूध का समर्थन मूल्य 51 रुपये और भैंस के दूध का समर्थन मूल्य 61 रुपये प्रति लीटर किया है। इसके अलावा, प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं तथा पांगी क्षेत्र की जौ को 60 रुपये प्रति किलो, मक्की को 40 रुपये और कच्ची हल्दी को 90 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है।

चंद्र कुमार ने कहा कि इन पहलों से किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर प्रदेश में हो रहे सकारात्मक बदलावों को समझे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के परिणामस्वरूप लोगों के जीवन में समृद्धि आ रही है और जनता का मुख्यमंत्री के प्रति विश्वास और स्नेह निरंतर बढ़ रहा है।

# सीएसआर सवेरा फाउंडेशन ने 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के दौरान दौड़ में शामिल बच्चों को बांटा जूस

अर्थ प्रकाश/ शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 1 नवंबर।** भोरंज क्षेत्र के समाजसेवी एवं जय बाबा कमलाहिया आराधना संस्था के अध्यक्ष तथा सीएसआर सवेरा फाउंडेशन के संस्थापक एम.के. भारद्वाज द्वारा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के तहत जिला हमीरपुर में 31 अक्टूबर 2025 को 'रन फॉर यूनिटी' के तहत आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सभी दौड़ में शामिल बच्चों को रिफ्रेशमेंट के रूप में जूस बांटा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकप्रिय सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, एनएसएस व एनसीसी वॉलंटियर्स, युवा शक्ति, महिला शक्ति तथा वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय एकता और भाईचारे के इस उत्सव में JBK Arazdhana एवं ष्टस्क्र सवेरा फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सनशामुक्तङ्कभारतङ्कअभियान के अंतर्गत, Dabur India के सहयोग से सभी प्रतिभागियों को 1 लीटर जूस रिफ्रेशमेंट के रूप में वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एम.के. भारद्वाज ने बताया कि जय बाबा कमलाहिया अराधना संस्था पिछले 16 वर्षो से समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में 'स्क्रैबल प्रतियोगिता' व 'क्वीज ऑन एनवायरनमेंट एंड साइंस' का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 1 नवंबर।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों के ज्ञान, भाषा कौशल और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्क्रैबल प्रतियोगिता' तथा कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए 'क्वीज ऑन एनवायरनमेंट एंड साइंस' का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना था। 'स्क्रैबल प्रतियोगिता' का उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी शब्दों की पकड़ ,शब्दावली और सोचने की क्षमता को विकसित करना था। स्ट्रॉबेरी ग्रुप 'सोलमेट टीम' से गीतांशी शर्मा, वियान चौधरी, अभिधा रावल, वान्या, जसलीन कौर, नित्या धीमान तथा वेदिका राजपूत प्रथम स्थान पर रहे। 'वॉकी टॉकीज टीम' से रियांश सहजपाल, लवदीप सिंह, विराट कौशल, इकनूर कौर, शिवांगी, लक्षिता शर्मा तथा रियांश कौशल द्वितीय स्थान पर रहे। 'कैच मी इफ यू कैन टीम' से शिवांशी राणा, मन्नत ठाकुर, रोहन सिम्हा गॉड, वृंदा, जोबंदीप सिंह, नायरा तथा हरशिव शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप 'ग्रुप 2' से दिव्यांश सहोर, रूही रेहल, काशवी भारद्वाज, शिवन्या धीमान तथा विदंत शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। 'ग्रुप 3' से काशवी ठाकुर,परीक्षित जसवाल, नवराज सिंह , मालती तथा रचित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। 'ग्रुप 5' से कृषिका खन्ना, अक्षिता,मनकीरत अटवाल, विवान ठाकुर तथा त्रिजल चब्बा तृतीय स्थान पर रहे। 'क्वीज ऑन एनवायरनमेंट एंड साइंस' ऑरेंज ग्रुप में 'टीम एस रामानुजन' से आयुष सिंह, दिविशा पराशर, माही, धृति तथा जपजीत प्रथम स्थान पर रहे। 'टीम होमी जहाँगीर भाभा' से अरमान ,अरिंदम,अर्षिता शर्मा, अनिरुद्ध कुमार तथा समरप्रीत सिंह द्वितीय स्थान पर रहे ।

# मवेशियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में घास कटाई का कार्य युद्धस्तर पर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला 1 नवंबर।** सर्दियों में मवेशियों के लिए चारा स्टोर करने के लिए इन दिनों क्योंथल क्षेत्र में महिलाएं घास एकत्रित करने में दिनरात जुटी है ताकि आगामी चार माह के दौरान बर्फबारी व वर्षा होने पर पशुओं को भरपूर चारा मिल सके। हालांकि अब घास काटने का कार्य दराती की बजाए ग्रास कटिंग मशीन से किया जा रहा है।

प्रगतिशील किसान एवं वरिष्ठ नागरिक दयाराम वर्मा और प्रीतम सिंह ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष अक्तूबर व नवंबर माह के दौरान ग्र्रामीण परिवेश में किसान घास कटाई के अलावा किसान मक्की व दलहन की फसलें एकत्रित करने में काफी व्यस्त रहते हैं। महिलाएं प्रातः होते ही दोपहर का भोजन साथ लेकर घासनियों में चली जाती है । अतीत में घास को काटने के लिए अक्सर गांव की महिलाएं एकत्रित होकर क्रमवार सभी का घास काटने में हाथ बंटाती है जिसे स्थानीय भाषा में गसाई अथवा नलाई कहा जाता है। इस दौरान महिलाओं द्वारा मनोविनोद के लिए पहाड़ी गीत व विभिन्न मुददों पर चर्चा भी की जाती है जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता था परंतु अब घास की कटाई का सारा कार्य मशीन से किया जा रहा है।

दयाराम वर्मा का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खेतीबाड़ी के साथ साथ पशुपालन का कार्य करते हैं चूंकि मवेशियों के बिना उन्नत कृषि की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । सर्दियों में मशेवियों के लिए चारा एकत्रित करके रखना जरूरी होता है जिसके लिए किसान सर्दियां आने से पहले ही घास का प्रबंध करते हैं। उन्होने बताया कि ग्रामीण महिलाएं शारीरिक रूप से इतनी सशक्त होती है कि घास व लकडी का करीब डेढ व दो मन का बोझ चार -पांच किलोमीटर से पीठ पर घर लाती है। घास को घर लाकर एक जगह इकटठा करके रखा जाता है जिसे स्थानीय भाषा में गोमट कहा जाता है। बता दें कि गोमट में रखा घास बारिश होने पर भी भीतर से सूखा रहता है ।

# अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 व 14 नवम्बर को

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 1 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तथा केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ की महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर महिला सेना पुलिस भर्ती प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 व 14 नवम्बर, 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय शिमला के एक प्रशासनिक अधिकारी ने दी।

उन्होंने कहा कि 13 व 14 नवम्बर, 2025 को भर्ती प्रक्रिया खड्गा स्पॉर्ट्स स्टेडियम अम्बाला कैंट में आयोजित की जाएगी। इस विषय में प्रथम चरण के कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन कॉमन परीक्षा में शॉर्टलिस्ट हुए उम्मीदवारों को 31 अक्तूबर, 2025 को एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवार भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपने लॉगइन आईडी से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई कठिनाई आती है तो वह प्रातः 10.00 बजे से सांय 02.00 बजे तक सेना भर्ती कार्यालय में आ कर सम्पर्क कर सकते हैं।

# धाली स्कूल में राजनैतिक समारोह करने पर भड़की कसुंपटी भाजपा

**अदालत की अनुमति बिना किया राजनैतिक समारोह – बच्चों की पढ़ाई हुई बाधित**

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा





**शिमला 1 नवंबर।** राजकीय उच्च विद्यालय धाली में राजनैतिक समारोह करने पर कसुंपटी भाजपा भड़क गई है और इस बारे उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की गई है। कसुपंटी भाजपा की पदाधिकारी एवं सक्षम गुंडिया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्षा रूपा शर्मा, कसुपंटी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र भोटका, देवराज कश्यप, शशांक अत्री, कमल ठाकुर, भूपेन्द्र कंवर और पवन शर्मा ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया है कि शिक्षण संस्थानों में किसी प्रकार के राजनैतिक समारोह आयोजित करने पर माननीय हाईकोर्ट ने पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके बावजूद भी सरकार के काबीना मंत्री एवं कसुपंटी के विधायक ने हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए 30 अक्तूबर को राजकीय हाई स्कूल धाली में अपनी जनसभा आयोजित की गई है जोकि सरासर माननीय हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना है। जबकि यह पाठशाला का अपना कोई कार्यक्रम नहीं था।

रूपा शर्मा और जितेन्द्र भोटका ने कहा कि सरकार के मंत्री सत्ता के नशे में इतने चूर हो गए हैं कि माननीय हाईकोर्ट के आदेशों को अनदेखा करके विद्यालय में कार्यालय दिवस के दौरान राजनैतिक समारोह करके सत्ता का दबदबा दिखाया हैं। भीड़ जुटाने के लिए बच्चों को पांडाल में भाषण सुनने को बिठाया गया जोकि दोपहर बाद तीन बजे तक भूखे प्यासे नेताओं के भाषण सुनते रहे। राजनैतिक समारोह होने के कारण बच्चों की जहां पढाई बाधित हुई है। बताया कि विशेष परिस्थितियों में शिक्षण संस्थान में अवकाश वाले दिन किसी भी समारोह करने के लिए माननीय हाईकोर्ट की अनुमति लेना अनिवार्य होती हैं।

उधर स्कूल के मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने माना कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए माननीय हाईकोर्ट से कोई अनुमति नहीं ली गई है। इनका कहना है कि स्कूल प्रबंधन समिति इस विद्यालय को अपग्रेड करवाना चाहती थी जिसके चलते इन्होने मंत्री का स्कूल में विजिट करवाने के लिए इस कार्यक्रम रख दिया था।

# मेयर हरप्रीत कौर बबला ने सेक्टर 40 में सड़क मरम्मत का काम शुरू किया; क्वालिटी और स्ट्रेटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर ओवरहॉल का आश्वासन दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़-वीरेन्द्र सिंह**
मेयर हरप्रीत कौर बबला ने आज आधिकारिक तौर पर सेक्टर 40 में सड़कों के री-कारपेटिंग का काम शुरू किया, जिससे पूरे शहर में हाई-क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की मज़बूत प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।
प्रोजेक्ट का उद्घाटन एरिया काउंसलर गुरबख्श रावत और कई उत्साहित निवासियों की मौजूदगी में हुआ। समुदाय की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने इस काम के स्थानीय महत्व को दिखाया, जिससे कई सालों से खराब पड़ी सड़कों की हालत सुधरेगी।
निवासियों ने प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए मेयर और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का दिल से आभार व्यक्त किया। साइट पर एक निवासी प्रतिनिधि ने कहा, 'हम मेयर हरप्रीत कौर बबला और काउंसलर गुरबख्श रावत के बहुत आभारी हैं। कई सालों बाद, हमारी सड़कों को बेहतर बनाने का काम आखिरकार शुरू हो गया है, और हम मेयर के इस तेज़ कदम की सराहना करते हैं।'

**क्वालिटी और व्यापक मरम्मत के प्रति प्रतिबद्धता**

निवासियों को संबोधित करते हुए, मेयर बबला ने सभी निर्माण कार्यों में टिकाऊपन और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के जनादेश पर ज़ोर दिया।
मेयर बबला ने कहा, 'हम सिर्फ डामर नहीं बिछा रहे हैं; हम 'सिटी ब्यूटीफुल' के भविष्य के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करती हूं कि इन हिस्सों पर टॉप-टियर, क्वालिटी री-कारपेटिंग का काम किया जाएगा।' 'हमारी प्रतिबद्धता साफ है: चंडीगढ़ की सड़कों को रणनीतिक और प्रभावी ढंग से ठीक करना और हर नागरिक के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना।'
मेयर ने पूरे शहर में सड़क रखरखाव के लिए म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की व्यापक रणनीति को भी साफ किया: 'रणनीतिक दक्षता के लिए, V3 सड़कों (सेक्टर को बांटने वाले हिस्से) को मरम्मत के लिए चंडीगढ़ प्रशासन को ट्रांसफर कर दिया गया है। इससे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन अपने फोकस को और तेज़ कर पाता है और सभी संसाधनों को अंदरूनी सेक्टर की सड़कों–V4, V5, और V6 कैटेगरी की सड़कों–पर लगा पाता है ताकि उनका समय पर और पूरी तरह से काम पूरा हो सके। स्ब्ब अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले हर हिस्से को कवर करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है।'


सेक्टर 40 में री-कारपेटिंग मौजूदा वित्तीय वर्ष में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा प्लान किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी श्रृंखला की शुरुआत है।

## गोल्डन एनक्लेव आदर्श नगर नयागांव में बिजली की समस्या से निजात से अब लगाया नया ट्रांसफार्मर - प्रधान अनिल भाटिया



अर्थ प्रकाश / जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ / नयागांव के गोल्डन एनक्लेव आदर्श नगर में लंबे समय से बिजली की समस्या से वार्ड-19 के लोग बहुत परेशान थे । बिजली की वोल्टेज कम-ज्यादा होती रहती थी । जिससे घरों के बिजली उपकरणों के जलने का खतरा रहता था । उसका अब समाधान विधायक अनमोल गगन मान और पंजाब सरकार के बिजली विभाग की सहायता से वार्ड नंबर -19 प्रधान अनिल भाटिया और लोगों के निवेदन पर गोल्डन एनक्लेव के गेट नम्बर - 1 में नया बिजली का ट्रांसफार्मर लगावा कर किया गया इस कदम से क्षेत्र के लोगों को अब बिजली की बेहतर सुविधा मिलेगी और बार-बार आने वाली तकनीकी दिक्कतों से राहत मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने आम आदमी पार्टी की टीम के इस प्रयास की सराहना की और लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह पहल नयागांव के विकास और लोगों की सुविधा के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। राजू नाडा, सुनील, सन्नी, दीपक, बलबीर कौर, सोनिया, पुष्पा, रीना आदि वार्ड -19 के वासी मौके पर मौजूद रहे।

## खेल सुविधाओं की मांग को लेकर बसपा नेताओं ने सौंपा नगर परिषद को ज्ञापन



अर्थ प्रकाश / जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेताओं ने जीरकपुर नगर परिषद से मांग की है कि नाभा-भबात रोड, दयालपुरा ग्राउंड, नाभा साहिब ग्राउंड, ढकोली क्षेत्र, बलटाना क्षेत्र और गांव छत्त के खेल मैदानों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बसपा नेताओं ने कहा कि इन सभी ग्राउंडों में न तो चारदीवारी है, ना ही रनिंग ट्रैक,ना ही क्रिकेट पिच, जिम, बाथरूम या पीने के पानी की व्यवस्था। कई जगह मैदान की जमीन कच्ची है, जिस पर बरसात के दिनों में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों को खेलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जीरकपुर शहर में आज तक किसी भी प्रकार का खेल स्टेडियम नहीं बना है, जिस कारण क्षेत्र के बच्चे पंचकूला, मोहाली और चंडीगढ़ जाकर खेलते हैं और वहीं का नाम रोशन करते हैं। जीरकपुर को खेलों में कभी प्राथमिकता नहीं दी गई। छोटे बच्चे गलियों और सड़कों पर खेलने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नेताओं ने मांग की कि नाभा-भबात रोड़ स्थित खेल मैदान को विकसित करते हुए वहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रनिंग ट्रैक, क्रिकेट पिच, जिम, बाथरूम और पीने के पानी की सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं ताकि बच्चों को बेहतर खेल माहौल मिल सके और उनका सर्वांगीण विकास हो। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार भुड्डा, जीरकपुर शहर अध्यक्ष राम कुमार नफरा, मोहाली यूथ बसपा नेता जसविंदर सिंह, जीरकपुर के भूपिंदर सिंह और छोटे लाल उपस्थित रहे। इस मौके पर बसपा नेता जसविंदर सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशों से दूर रखने के लिए युवाओं को अधिक से अधिक खेल के साथ जोड़ा जाना जरूरी है ऐसा तभी संभव है जब सरकार द्वारा इलाके में बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस मौके पर एमई चरणपाल सिंह ने बसपा नताओं को विश्वास दिलवाया कि वह उनकी बात सरकार तक पहुंचाएंगे और उनके द्वारा सौंपा गए मांग पत्र में लिखी हुई मांगों को जल्द से पुरा करवाने की कोशिश करेंगे।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर पूर्व विधायक अमित जोगी हुए नजरबंद

अर्थ प्रकाश/ रायपुर। छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी को आज प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने और मिनी माता के नाम की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया गया। आज सुबह जैसे ही पूर्व विधायक जोगी अपने निवास से निकलने लगे, रायपुर पुलिस के एक दल ने, जिसका नेतृत्व सिटी एसपी रमाकांत साहू और टीआई दीपक कुमार पासवान कर रहे थे, उन्हें रोककर नजरबंद कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने अमित जोगी को स्पष्ट किया कि वे 卐सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और किसी भी व्यक्ति को काले कपड़े पहनने की अनुमति नहीं है।' गौरतलब है कि श्री जोगी नए विधानसभा भवन का नामकरण मिनी माता विधानसभा भवन छत्तीसगढ़ नहीं करने के कारण काला कपड़े पहनकर प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करने की बात की थी, यह बात उन्होंने अपने सिविल लाइंस स्थित आवास में प्रेस वार्ता के दौरान की थी। श्री जोगी ने बताया, 'चूंकि हम किसी भी अप्रिय घटना से बचना चाहते थे, इसलिए हमने आज घर पर प्रार्थना और उपवास करने का निर्णय लिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सत्ता में बैठे लोगों को विपरीत आवाजों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें सुनने का साहस दें।' छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के उत्सव को ध्यान में रखते हुए, श्री जोगी ने उन्हें रोकने के लिए भेजे गए लगभग 30 पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक जोगी ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि एक नैतिक विरोध है। यह छत्तीसगढ़ की आत्मा के लिए एक संघर्ष है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतंत्र में काले कपड़े पहनना भी अपराध बन गया है।'

## न्यूज ब्रीफ

### दो लोगों ने सोशल मीडिया पोस्ट डाली खिलाड़ी तेजपाल सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली


**-सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट को पुलिस ने वायरल पोस्ट को झूठा बताया**

अर्थ प्रकाश प्रदीप पाल । 1नवंबर जगराओं कल दोपहर दो लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कबड्डी खिलाड़ी तेजपाल सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने वायरल पोस्ट को झूठा बताया है। जिम्मेदारी लेने वाले लोगों ने अपना नाम जस्सू करम और बराड़ चारिक बताया है। उन्होंने पंजाबी में लिखकर इस हत्या को अपनी निजी दुश्मनी बताया है। लेकिन इस पोस्ट के वायरल होने के बाद डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वायरल पोस्ट को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्यारों तक पहुंच गई है। वायरल पोस्ट पुलिस और लोगों का ध्यान खींचने के लिए डाली गई है। हत्यारे गांव रूमी के हैं, जिनका क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा है। हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्या वाली जगह से सड़क के दोनों तरफ लगे कैमरों की भी बारीकी से जांच कर रही है। इससे पुलिस को कई सुराग मिले हैं।



### लुधियाना का 11 साल का आरब बना करोड़पति

अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल । 1 नवंबर लुधियाना में 11 साल का बच्चा करोड़पति बन गया है। अचानक किस्मत में आई इस दौलत से परिवार बेहद खुश है। घर में बैंडबाजा बज रहा है। हर कोई इस बच्चे को किस्मत वाला कह रहा है। इसकी वजह से ही घर बैठे-बैठे यह दौलत मिली है।



इस बच्चे का नाम आरव बताया जा रहा है जो की होशियारपुर का रहने वाला है। वह अपने मामा करण के साथ लुधियाना, हैबोवाल में रहता है। शुक्रवार शाम (31 अक्टूबर) को वह बाजार गया था। यहां लॉटरी की दुकान पर भीड़ देख उसने भी मामा को टिकट खरीदने के लिए कहा।

मामा ने कहा कि ये खेल अच्छा नहीं होता। इससे दूर रहना चाहिए। मगर, जिद करने पर मामा ने आरव के नाम से एक टिकट ले लिया। यह दुकान का आखिरी टिकट था। अब इसका रिजल्ट घोषित हुआ तो आरव के नाम के टिकट पर एक करोड़ का इनाम निकला।

बता दें कि पंजाब में लॉटरी खेलना वैध है। दिवाली बंपर लॉटरी में कुल रू.36 करोड़ 14 लाख 78 हजार की इनामी राशि वितरित की गई।

PUNJAB STATE LOTTERIES

का पहला इनाम 11 करोड़ रुपए,आरव का टिकट नंबर A 438586 निकला मामा से जिद करके लॉटरी डालनी है,आरव के मामा करण ने बताया कि वे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है। उसका भांजा उसके पास ही रहता है। दिवाली से पहले पंजाब स्टेट डियर दिवाली बंपर 2025 लॉटरी शुरू हुई थी। शुक्रवार को वह आरव के साथ बाजार गया था। यहां लाटरी की दुकान पर भीड़ देख आरव जिद करके कहा कि 'मामू, लॉटरी डालनी है'।

**भांजे की जिद पर खरीदा लॉटरी का टिकट**

करण ने बताया कि भांजे आरव की जिद पर हम घंटाघर पर आए और गांधी ब्रदर्स से 5 लॉटरी ली। यह दुकान की आखिरी लॉटरी ही थी। शुक्रवार की रात 8 बजे यूट्यूब पर लॉटरी के ड्रा के बाद विजेताओं के टिकट नंबर अनाउंस किए गए। उन्होंने भी अपने टिकट का नंबर मिलाया। पता चला कि आरव के नाम से खरीदे गए टिकट पर 1 करोड़ का इनाम निकला है।

### भारत-बांग्लादेश सीमा को लेकर भाजपा सांसद के बयान पर अभिषेक बनर्जी ने बोला हमला

अर्थ प्रकाश /कोलकाता, । पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही प्रदेश की राजनीतिक में आरोप-प्रत्यारोपों का दौर तेज होता दिख रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल कांग्रेस) के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जगन्नाथ सरकार के एक कथित बयान को लेकर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा का पाखंड नई गहराइयों तक पहुंच गया है। समाचार चैनलों पर एक कथित वीडियो प्रसारित हुआ जिसमें नदिया जिले की रानाघाट लोकसभा सीट से सांसद जगन्नाथ सरकार को यह कहते देखा गया कि अगर अगले वर्ष विधानसभा चुनाव में भाजपा जीतती है, तो भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ नहीं होगी। उनका यह भी दावा था कि अगर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में रही, तो घुसपैठ जारी रहेगी और सीमा पर बाड़ नहीं लगेगी। अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए सवाल किया कि अगर भाजपा सच में भारत की अखंडता में विश्वास रखती है, तो वह अपने सांसद के खिलाफ तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का मौन इस बात का प्रमाण है कि यह बयान पूरी अनुमति के साथ दिया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पश्चिम बंगाल सरकार पर सीमा सुरक्षा के लिए भूमि न देने का आरोप लगाते रहे हैं, जबकि उनके अपने सांसद सीमा समाप्त करने की बात कर रहे हैं। अभिषेक ने कहा कि यह बयान राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि धोखा है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोगों को डराने और अपमानित करने की राजनीति भाजपा का नया हथकंडा बन गया है। उन्होंने वीडियो संलग्न करते हुए लोगों से अपील की कि उनकी बातों को ध्यान से सुनिए और तय कीजिए कि बंगाल को कौन बेवकूफ बना रहा है। इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने कहा कि पार्टी को राष्ट्रवाद और देश की एकता पर अभिषेक बनर्जी से पाठ लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या टीएमसी नेता राज्य में घुसपैठ रोकने और जनसांख्यिकीय बदलाव पर नियंत्रण के लिए काम कर रहे हैं? घोष ने यह भी कहा कि जगन्नाथ सरकार के बयान पर पार्टी नेतृत्व वीडियो की जांच कर उचित प्रतिक्रिया देगा।

# रात के समय खेतों में पराली को लगाई गई आग

## – आग लगाने के बाद सुबह के समय खेतों में चलाया जा रहा ट्रैक्टर





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)**
ढकोली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काठगढ़ गांव में पराली जलाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गांव में एक किसान ने रात के समय गुपचुप तरीके से अपनी फसल की नाड़ को आग लगा दी, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में घना धुआं फैल गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अब खेती योग्य जमीन बहुत कम बची है – करीब तीन से चार किले – जबकि बाकी इलाका तेजी से रिहायशी बन चुका है। ऐसे में खेतों में लगाई गई आग का असर सीधे घरों में रहने वाले लोगों पर पड़ता है।
आग लगने से पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया और लोगों को आंखों में जलन तथा सांस लेने में तकलीफ का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने बताया कि बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत पर भी इसका असर पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि किसान ने रात के अंधेरे में पराली को जलाया और सुबह-सुबह ट्रैक्टर चलाकर आग के निशान मिटाने की कोशिश की, ताकि कोई सबूत न बचे।
ग्रामीणों ने कहा कि सरकार और पर्यावरण विभाग की ओर से पराली जलाने पर बार-बार चेतावनी और सख्त आदेश जारी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कुछ किसान इन नियमों की खुली अवहेलना कर रहे हैं। ऐसे मामलों से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि वायु प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है।
लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए ताकि भविष्य में कोई भी किसान इस तरह का कदम न उठाए। वहीं, स्थानीय निवासियों ने यह भी कहा कि प्रशासन को किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करना चाहिए और उन्हें इसके विकल्प उपलब्ध करवाने चाहिए।
इस बारे में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए एसडीएम डेराबसी को जब फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ज़ीरकपुर में कीर्तन दरबार का आयोजन

**विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ज़ीरकपुर में आयोजित कीर्तन दरबार में गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धांजलि की अर्पित**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ज़ीरकपुर (संदीप सिंह बावा)**
नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, जिला प्रशासन द्वारा आज गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, ज़ीरकपुर में एक भावपूर्ण कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जो आस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए %हिंद की चादर% श्री गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हुए।



डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कीर्तन दरबार में शिरकत की और गुरु के चरणों में श्रद्धापूर्वक शीश नवाया तथा शांति, सद्भाव और सर्वजन कल्याण की कामना की।
इस अवसर पर बोलते हुए, रंधावा ने कहा, ÷श्री गुरु तेग बहादुर जी का अद्वितीय बलिदान पूरे विश्व के लिए साहस और धार्मिकता का प्रतीक है। मानव अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और मानव जाति के सम्मान की रक्षा उनकी दिव्य दृष्टि और अत्याचार के विरुद्ध उनके निडर रुख में निहित है। सिख गुरुओं ने हमें सिखाया है कि मानवता की सेवा और सत्य की रक्षा ही जीवन का सच्चा सार है। उनके मार्गदर्शन में, हमें सभी के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहना चाहिए।÷
कार्यक्रम के आध्यात्मिक माहौल को भाई शौकीन सिंह जी, हजूरी रागी, सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर और भाई बेअंत सिंह जी, पटियाला द्वारा प्रस्तुत मधुर गुरबानी कीर्तन ने और भी समृद्ध कर दिया। उन्होंने दिव्य भजनों और ज्ञानवर्धक कथा से संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया व गुरबाणी के साथ जोड़ा।
सुबह 10¬00 बजे से दोपहर 12¬30 बजे तक आयोजित कीर्तन दरबार में एस डी एम डेराबस्सी अमित गुप्ता, स्थानीय गणमान्य नागरिक और क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने सरबत दा भला के लिए सामूहिक अरदास में भाग लिया।
यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर जी के करुणा, त्याग और विश्व बंधुत्व के शाश्वत संदेश की मार्मिक याद दिलाता है, जिसने संगत को अपने जीवन में सत्य और धार्मिकता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## मणिपुर में असम राइफल्स का बड़ा एक्शन- हथियारों का जखीरा बरामद, आतंकी साजिश नाकाम

अर्थ प्रकाश /इंफाल। मणिपुर के उथल-पुथल भरे इलाके में सुरक्षा बलों ने एक और सफल छापेमारी को अंजाम दिया। असम राइफल्स ने काकचिंग जिले के पुलिस कमांडो के साथ मिलकर न्यू चायांग के उमाथेल इलाके में तलाशी अभियान चलाया। इस ऑपरेशन से एक बड़ा हथियारों का भंडार बरामद हो गया, जिससे इलाके में संभावित आतंकी हमलों की साजिश पर करारा प्रहार हुआ। यह घटना मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सुरक्षा बलों की सतर्कता का एक और उदाहरण है, जहां पिछले कुछ महीनों से हथियारों की बरामदगी बढ़ी है। अभियान की शुरुआत खुफिया जानकारी के आधार पर हुई। असम राइफल्स की टीम और काकचिंग पुलिस कमांडो ने सुबह-सुबह उमाथेल के जंगली इलाके में घेराबंदी की। तलाशी के दौरान छिपे हुए एक गुप्त ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद निकाला गया। बरामद सामान में एक इंसास लाइट मशीन गन, एक 12 बोर राइफल, एक सिंगल बैरल बोल्ट एक्शन राइफल, एक सिंगल बैरल राइफल शामिल हैं। इसके अलावा, 5.56 मिमी के 20 कारतूस, तीन हथगोले, एक ग्रेनेड रिंग (36), एक 51 मिमी इल्यूमिनेशन पैरा बम, 13 खाली कारतूस के डिब्बे और अन्य युद्ध सामग्री भी जब्त की गई। ये हथियार इतने घातक हैं कि इनका इस्तेमाल बड़े हमलों के लिए किया जा सकता था। सुरक्षा बलों के मुताबिक, यह जखीरा संभवतः स्थानीय उग्रवादी गुटों से जुड़ा था।

# पंच कल्याणक महोत्सव का भूमिपूजन आज होगा, शाम को मुख्य पात्रों का सम्मान एवं गोद भराई

**शाम को पंच कल्याणक के मुख्य पात्रों का सम्मान एवं भगवान के माता पिता की गोद भराई होगी।**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ग्वालियर - परमपूज्य गुरुदेव सुबल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य ओर पंच कल्याणक महोत्सव कार्यसमिति सकल जैन समाज ग्रेटर ग्वालियर के तत्वाधान में फूलबाग मैदान में 11 से 16 नवंबर तक छह दिवसीय होने वाले भव्य जिनबिम्ब चौबीसी पंच कल्याणक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भूमि पूजन आज रविवार को फूलबाग मैदान में आयोजित होगा। वही पंच कल्याणक के लिए आई प्रतिमाओं के दर्शन कर रहे हैं जैन समाज के लोग।
जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज एवं मुनिराजों के मंगल सानिध्य में समाज के प्रतिष्ठाचार्य विद्वानों के द्वार फूलबाग मैदान में आयोजित होने वाले जिनबिम्ब चौबीसी पंचकल्याणक महोत्सव का भूमि पूजन सुबह 8 बजे से आयोजन समिति ओर सकल जैन समाज के द्वारा किया जाएगा। वही नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में शाम को 7 बजे परम परमपूज्य आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में पंचकल्याणक महोत्सव के मुख्य पात्रों का सम्मान एवं भगवान के माता पिता की गोद भराई सकल जैन समाज के द्वारा संगीतमय भजनों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।।

**पंच कल्याण महोत्सव में भाग लेकर अपनी आत्मा को पवित्र करें- आचार्य श्री सुबल सागर**

आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने कहा है कि पंच कल्याण महोत्सव में भाग लेकर अपनी आत्मा को पवित्र करें। जिनेन्द्र भगवान की आराधना करने से आपके द्वारा जीवन में किए गए सभी प्रयास सफल होंगे। अपने लक्ष्य को निर्धारित करो, सभी श्रद्धालु भगवान की कृपा के लिए तैयार रहें। जीवन अनमोल है। यह बार-बार नहीं मिलता और ऐसा मौका भी बार-बार नहीं आता। पंचकल्याण प्रतिष्ठा पूजा नहीं एक विज्ञान है।
पंच कल्याणक महोत्सव में 6 दिन उनकी पूजा आराधना करनी है। जीवन में अगर भाव होंगे तभी हमारा कल्याण होगा। संतों की कृपा से ही सब कार्य सफल होते हैं। उनकी कृपा से जीवन को सही दिशा मिलती है, वे भगवान से मिलाने में भी सहायक है।






## केंद्र सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन

# पंजाब विश्वविद्यालय के सीनेट और सिन्डिकेट का ढांचा बदला

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 1 नवंबर।** केंद्र सरकार ने पंजाब विश्वविद्यालय के वर्तमान सीनेट और सिन्डिकेट को भंग करते हुए उन्हें पंजाब विश्वविद्यालय अधिनियम, 1947 (पूर्वी पंजाब अधिनियम 7/1947) के तहत पुनर्गठित कर दिया है। इस बदलाव के तहत सीनेट की सदस्य संख्या लगभग 90 से घटाकर 31 कर दी गई है, जिसमें 18 निर्वाचित, 6 नामांकित और 7 पदेन सदस्य होंगे। इसके साथ ही स्नातक मतदाता निर्वाचन क्षेत्र को भी समाप्त कर दिया गया है। सिन्डिकेट, जो विश्वविद्यालय का कार्यकारी अंग है, अब पूर्णतः नामांकित सदस्यों द्वारा संचालित होगा। यह नया ढांचा 28 अक्टूबर की अधिसूचना के साथ तुरंत प्रभाव में आ गया। माना जा रहा है कि इस कदम से

स्नातकों और शिक्षकों की प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व प्रणाली समाप्त हो जाएगा। केंद्रीय नियंत्रण बढ़ेगा और राज्य के विश्वविद्यालय पर पारंपरिक प्रभाव में कमी आएगी। पंजाब विश्वविद्यालय, जो 1882 में स्थापित और बाद में चंडीगढ़ में पुनः स्थापित हुआ, राज्य के शिक्षा, संस्कृति और विरासत में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बदलाव से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निर्णय और शैक्षणिक स्वायत्तता पर असर पड़ सकता है। कम निर्वाचित सदस्य होने से निर्णय प्रक्रिया में कम विविध आवाज़ रहेगी। केंद्रीय और प्रशासनिक दबाव बढ़ने की संभावना रहेगी।स्नातक, शिक्षक और संबद्ध कॉलेजों की भागीदारी प्रभावित होगी। इस बदलाव को विश्वविद्यालय की स्थापना और परंपरा पर बड़ा प्रभाव डालने वाला माना जा रहा है।

**प्रतिक्रिया और चिंता:** शिरोमणि अकाली दल ने उपराष्ट्रपति और पंजाब विश्वविद्यालय के चांसलर को पत्र लिखकर अधिसूचना को वापस लेने की मांग की है। पार्टी ने इसे ÷अलोकतांत्रिक÷ करार दिया है और कहा है कि इससे पंजाब के विश्वविद्यालय पर प्रभाव कम होगा। पंजाब कांग्रेस नेता कुलजीत नागरा ने भी इसे अलोकतांत्रिक करार देते हुए केंद्र सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

## चंडीगढ़ में 5वां बलरामजी दास टंडन मेमोरियल अंडर-16 मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**चंडीगढ़ (साजन शर्मा)।** सेक्टर 16 क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को 5वां बलरामजी दास टंडन मेमोरियल अंडर-16 मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर प्रेरणा पुरी (ह्रस), सचिव खेल, यूटी प्रशासन ने उद्घाटन मैच का टॉस किया और टूर्नामेंट की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह में संजय टंडन, सदस्य गवर्निंग काउंसिल ( डब्ल्यूपीएल ड्बीसीसीआई), सारांश टंडन (अध्यक्ष यूटी क्रिकेट एसोसिएशन), महेंद्र सिंह, डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन भाषण में प्रेरणा पुरी ने कहा कि यह टूर्नामेंट देशभर के युवा क्रिकेटरों को अनुभव और अवसर प्रदान करता है। उन्होंने यूटीसीए की 'गली क्रिकेट' पहल की भी सराहना की, जिसने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सारांश टंडन ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य जूनियर और सीनियर डोमेस्टिक क्रिकेट के बीच की दूरी को कम करना है।




## प्रोफेसर दंपति निकले बंटी और बबली, जेल भेजे गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** विदेशों में बसे एनआरआई लोगों से दोस्ती कर फर्जी कंपनी खोलने के बाद उसमें पैसे निवेश करने का झांसा देने वाले बंटी और बबली पंचकूला में प्रोफेसर दंपति निकला। सेक्टर 5 थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीती 25 अक्तूबर को कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया। आर्थिक अपराध शाखा की तरफ से मामले की जांच के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

आरोपियों की पहचान कपूर सिंह और उसकी पत्नी परमिंदर कौर के रूप में हुई। दोनों पंचकूला के सरकारी कॉलजों में प्रोफेसर हैं। दोनों परम एग्रो के नाम से फर्म बना कर लोगों से पैसे निवेश करने का झांसा देते थे। हालही में सेक्टर 9 के एक एनआरआई दंपति से हुई लाखों रूपए की धोखाधड़ी के मामले को सुलझाने में पुलिस सरगर्मी के साथ जांच में जुटी थी। पुलिस ने परमिंदर कौर और उसके पति कपूर सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों ने पहले पारुल शर्मा के साथ दोस्ती की, फिर विदेश में रह रहे उसके पति से संपर्क कर लिया। उसे खुद को बड़ा कारोबारी बता कर अपनी जालसाजी में फंसाया। पारुल शर्मा के पति अमेरिका में कार्यरत है। आरोपियों ने पता लगाया कि पारुल शर्मा के साथ ठगी करके पैसा मिला सकता है। सेक्टर 9 निवासी पारुल शर्मा वे उनके पति को दोनों आरोपियों ने खुद को एक बड़ा कारोबारी बताकर कंपनी में निवेश कर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा दिया।

## जीरकपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट, दो युवक घायल

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** सनशाइन एन्क्लेव में देर रात पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में दो युवकों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों की पहचान राघव नरूला और सोहार्या के रूप में हुई है, जिन्हें उपचार के लिए चीमा अस्पताल, मोहाली में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार राघव नरूला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है और आरोपी शिवा बदवा से लंबे समय से पैसों का लेनदेन चल रहा था। 26 अक्टूबर को पंचकूला में मुलाकात के दौरान राघव ने शिवा से पैसे मांगे, जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद शिवा ने अपने साथियों कुणाल गल्होत्रा, सज्जू कुक्कड़ व 2-3 अन्य युवकों को बुलाकर राघव और उसके साथी सोहार्या पर डंडों व घूंसों से हमला कर दिया तथा उनकी कार को भी नुकसान पहुंचाया।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)